TUESDAY

दिनमान | तापमान
सूर्योदय 5.39 | सूर्यास्त 5.01 | अधिकतम 32° | न्यूनतम 26°

वर्ष 17, अंक 150 पृष्ठ 12
कोलकाता, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024
कार्तिक, कृष्णपक्ष, द्वादशी, वि.सं. 2081
मूल्य: ₹ 3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण
www.yuvashaktinews.com

आज धनतेरस

## बैंक धोखाधड़ी : 5 राज्यों में ईडी की कार्रवाई

# 500 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त

### महाराष्ट्र, बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश शामिल

**नयी दिल्ली:** ईडी ने एक साथ पांच राज्यों में बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ा एक्शन लिया, जहां ईडी ने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश पांचों राज्यों में कार्रवाई की. दरअसल यह मामला कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटर्स और डायरेक्टर मनोज जयसवाल, अभिजीत जयसवाल, अभिषेक जयसवाल और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत दर्ज किए मामले में चल रही जांच पर आधारित हैं.

ईडी ने इस कार्रवाई के दौरान महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश पांचों राज्यों की कई जगहों से 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के मामले 503.16 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति जब्त की. कुर्क की गई संपत्तियों में कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और मनोज कुमार जयसवाल के परिवार के सदस्यों और के अलावा कई शेल कंपनियों के नाम पर लिए गए बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, कई जमीन संपत्तियां और




बिल्डिंग्स भी शामिल हैं. ये सभी संपत्तियां 24 अक्टूबर को कुर्क की गई थीं. ईडी ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी के कथित अपराधों के लिए कॉरपोरेट पावर लिमिटेड के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स और बाकी लोगों के खिलाफ सीबीआई की ओर दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी. इस मामले शिकायत करने वाले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुताबिक आरोपियों ने कथित तौर पर लोन लेने लिए परियोजना लागत में हेराफेरी की और बैंक फंड का गलत इस्तेमाल किया.

इससे 4,037 करोड़ रुपये यानी 11,379 करोड़ रुपये के इंटरेस्ट का गलत नुकसान हुआ. इससे पहले इस मामले में ईडी ने नागपुर, कोलकाता और विशाखापत्तनम में कई स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था और कई डॉक्यूमेंट्स भी जब्त किए थे. इसके साथ ही 223.33 करोड़ रुपये के शेयर्स और सिक्योरिटी, म्यूचुअल फंड, फिक्स डिपोजिट और बैंक बैलेंस के साथ 55.85 लाख रुपये की नकदी भी जब्त कर ली गई थी.

## ट्रंप-कमला पर पूछे गये सवाल पर जयशंकर ने कहा

### हमने ये सुनिश्चित किया है कि सब अच्छे रहें

**नयी दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर से आज पूछा गया कि अमेरिका में चुनाव होने वाले हैं. आपको क्या लगता है कि कौन जीत रहा है? अमेरिका में कौन सा राष्ट्रपति भारत के लिए अच्छा होगा. इस सवाल का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने धमाकेदार जवाब दिया. भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के चेहरे पर मंद मंद मुस्कान देख अच्छे-अच्छे देश भय खाने लग जाते हैं. कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर से किसी देश के बारे में पूछा जाए और विदेश मंत्री ऐसे हंस पड़े रहे तो समझ लीजिए उस देश की शामत आने वाली है.



पेज 9 पर जारी

## सांचेज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया : मोदी

**वडोदरा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है. सांचेज ने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं और स्पेन इस शानदार सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है. दोनों नेताओं ने गुजरात के वडोदरा शहर में लक्ष्मी विलास पैलेस के दरबार हॉल में द्विपक्षीय वार्ता की. स्पेन के पीएम सांचेज का यह पहला भारत दौरा है. मोदी ने कहा कि सांचेज की यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में 'नई ऊर्जा और उत्साह' भर दिया है. इससे पहले, दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत में



सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड (टीएएसएल)-एयरबस सुविधा का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया. समझौते के तहत वडोदरा संयंत्र में 40 विमान बनाए जाएंगे, जबकि विमानन क्षेत्र की बड़ी कंपनी एयरबस पेज 9 पर जारी




## जब कलकत्ता हाई कोर्ट में चलने लगा अश्लील वीडियो

### लाइव स्ट्रीमिंग पर हो रही थी सुनवाई

### आईटी सेल की तरफ से की जाएगी कार्रवाई

**कोलकाता:** कलकत्ता हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान सोमवार को एक अजीबोगरीब घटना घटी. जस्टिस शुभेंदु सामंत की कोर्ट की सुनवाई जब यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम हो रही थी, तभी अचानक अश्लील वीडियो चलने लगा. सुनवाई के दौरान ऐसा आपत्तिजनक वीडियो देखकर कई लोग हैरान रह गए. फिर अचानक से स्ट्रीमिंग बंद कर दी गई. हाई कोर्ट की सुनवाई में लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान ये चूक कैसे हो गई, ये जांच का विषय है.



चूंकि कलकत्ता हाई कोर्ट में अभी छुट्टी है. इसलिए अवकाश पीठ में सुनवाई चल रही है. सोमवार को जस्टिस शुभेंदु सामंत की कोर्ट में रूम नंबर-7 में इसी तरह सुनवाई चल रही थी. तभी अचानक अश्लील वीडियो चलने लगा. सुनवाई के दौरान ऐसा आपत्तिजनक वीडियो देखकर कई लोग हैरान रह गए.

आनन-फानन में लाइव स्ट्रीमिंग को बंद करना पड़ा. हाई कोर्ट के सूत्रों के मुताबिक, हाई कोर्ट के आईटी सेल की ओर से कार्रवाई की जाएगी. आम तौर पर जब कोई हैक होता है तो पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए. हालांकि, अभी तक पास के हरे स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है. मामले में यह भी जांच की जा रही है कि हाई कोर्ट के किसी कर्मचारी की लापरवाही तो नहीं थी. बता दें कि एक महीने पहले आरोप लगे थे कि सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब पेज हैक हो गया है. आरजी टैक्स मामले की सुनवाई का पेज 9 पर जारी

## नीतीश ने एनडीए की महामीटिंग में दिया चुनावी मंत्र

# अंधकार युग का डर और मिशन 220 पर जोर

**पटना:** बिहार में 4 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से पहले सोमवार को एनडीए की महाबैठक हुई. इस मीटिंग में राज्य में एनडीए के सभी विधायक, एमएलसी शामिल रहे. इसके अलावा सांसद, केंद्रीय मंत्री आदि भी मौजूद रहे. जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने मीटिंग के बाद कहा कि नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ ही रहने की बात कही.



झा ने कहा कि नीतीश कुमार के मुताबिक हम आजमा चुके हैं. भाजपा हमारी पुरानी साथी है. इसलिए उसके ही साथ रहना है. इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव में 220 से ज्यादा सीटें हासिल करने का भी टारगेट रखा. इसके साथ ही नीतीश कुमार ने एनडीए के सभी नेताओं से अपील की है कि वे जनता के बीच जाकर बताएं कि आरजेडी के शासनकाल में बिहार में कैसा अंधकार युग था.

उन्होंने कहा कि आप जनता को बताएं कि 2005 में नीतीश कुमार के आने के बाद से राज्य में कैसे विकास को गति मिली है. संजय झा ने कहा, 'सीएम ने एनडीए के सभी नेताओं से मिलकर काम करने को कहा. उन्होंने कहा कि आप लोग हर स्तर पर जाएं और एक आवाज में बिहार की ग्रोथ की बात करें. पहली पीढ़ी के वोटर्स को बताएं कि राज्य में कैसे विकास हो रहा है.' उन्होंने कहा कि आप लोग मुस्लिम समुदाय के लोगों को बताएं कि आरजेडी के राज में कैसे अशांति होती थी और सांप्रदायिक सद्भाव नहीं था. नीतीश कुमार ने कहा कि हमने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है. मुस्लिमों को भी सरकार की अलग-अलग स्कीमों का लाभ मिला है. नीतीश कुमार ने कहा, 'हमने हजारों कब्रिस्तानों की चारदीवारी कराई. 60 साल पुराने मंदिरों का निर्माण कराया. समृद्धि वहीं होती है, जहां शांति रहती है. हमने राज्य में कानून का शासन स्थापित करने का प्रयास किया है. नए मतदाताओं को पता होना चाहिए कि एनडीए के राज में कैसे तेजी से प्रगति हुई है. हम कैसे राज्य को अंधकार के युग से निकालकर लाए हैं.'

उन्होंने लालू और राबड़ी देवी के राज का खासतौर पर जिक्र करते हुए कहा, 'लोगों को पता होना चाहिए कि आरजेडी के शासनकाल में क्या हाल था और क्यों उस पर विश्वास नहीं करना चाहिए.' नीतीश कुमार ने कहा कि आरजेडी ने राज्य को बहुत नुकसान पहुंचाया है. वह लगातार राज्य को पीछे ले गई. सूबे को दंगों की आग में धकेल दिया. अगले 5 साल राज्य के लिए अहम होंगे.




## अगले साल हो सकती है भारत में जनगणना

### जातिगत गणना पर अभी कोई फैसला नहीं

**नई दिल्ली:** देश में जनगणना अब 2025 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है. इस बार जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे. जिससे भविष्य में जनगणना का चक्र पूरी तरह बदल जाएगा. हालांकि, जाति जनगणना को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी.

जनगणना 1951 से प्रत्येक दस साल के अंतराल पर की जाती थी. लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी. इसके अलावा, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है. हालांकि, इस बार की जनगणना के आंकड़े लोकसभा सीटों के परिसीमन और संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू करने संबंधी प्रावधानों के कारण बेहद अहम हैं.

महा पंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) और जनगणना आयुक्त के कार्यालय ने जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 31 सवाल तैयार किए हैं. इनमें 'क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित है




राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है. अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान नहीं किया गया है. सूत्रों ने बताया, जनगणना और एनपीआर को अपडेट करने का काम अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है और जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे. इससे भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा, जैसे 2025-2035 और फिर 2035 से 2045. जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं. इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, और परिवार में कितने लोग रहते है' जैसे सवाल शामिल हैं. विपक्षी कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद ) जैसी सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके. एक सूत्र ने कहा कि सरकार ने अभी तक जाति जनगणना पर कोई फैसला नहीं लिया है.सरकारी सूत्र के मुताबिक, जाति गणना को विपक्ष ने भले ही बड़ा मुद्दा बनाया है और सरकार के कई सहयोगी भी इसके हिमायती हैं. लेकिन सहयोगी दलों का सरकार पर ऐसा करने का कोई बड़ा दबाव नहीं है. हालांकि, संघ ने आंकड़े प्रकाशित न करने की शर्त पर इसकी सहमति दी है.

पेज 9 पर जारी



# दुर्गापुर में सेल फैक्ट्री में तृणमूल द्वारा धरना में बाधा

## प्रदर्शनकारियों से बहस

**दुर्गापुर** : पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में सोमवार सुबह से ही तनाव का माहौल बन गया. यहां इस्पात कारखानों के कर्मचारियों द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारियों का तृणमूल के श्रमिक नेताओं के साथ बहस शुरू हो गई, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा.इस्पात कारखानों के श्रमिकों के 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन में देशभर में पांच प्रमुख संगठनों ने हड़ताल का आह्वान किया था. इन मांगों में स्थायी कर्मचारियों के लिए 39 महीने के बकाया वेतन और सम्मानजनक बोनस जैसी आवश्यकताएं शामिल हैं. इस हड़ताल में सिटू, आईएनटीयूसी, एआईटीयूसी, बीएमएस, और एचएमएस संगठनों के श्रमिक शामिल हुए हैं. इस हड़ताल का प्रभाव पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल, बर्नपुर और दुर्गापुर स्थित सेल के इस्को फैक्ट्री में देखा गया.सोमवार सुबह से ही दुर्गापुर स्थित इस्को फैक्ट्री के मुख्य द्वारों के सामने श्रमिकों ने धरना देकर पिकेटिंग शुरू कर दी. इसी बीच तृणमूल श्रमिक नेता जयंत रक्षित और उनके समर्थक कारखाने में प्रवेश करने के लिए आए. आरोप है कि जयंत ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि यहां हड़ताल नहीं की जा सकती और उन्हें सड़क से हटने को कहा. इस पर दोनों पक्षों में बहस बढ़ गई, जिससे स्थिति गरमा गई.

पुलिस को मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत करना पड़ा.जयंत का कहना है कि हम भी इन मांगों के पक्ष में हैं, लेकिन ममता बनर्जी के निर्देश पर राज्य में किसी कार्यदिवस को बर्बाद नहीं किया जा सकता.

अगर किसी को विरोध करना है तो वह मुख्य सड़क छोड़कर दूसरी जगह करें. वहीं, आंदोलनकारियों का आरोप है कि तृणमूल श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है.



# हावड़ा के बार में टीएमसी के दो गुटों में संघर्ष

### शराब की बोतल से किया हमला, 1 गिरफ्तार



**हावड़ा:** हावड़ा स्टेशन इलाके के एक बार में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई. एक गुट ने दूसरे गुट पर शराब की बोतल से हमला कर दिया. सीसी कैमरे में मारपीट की तस्वीरें कैद हो गईं. और जैसे ही इसका खुलासा हुआ तो पुलिस हिल गई. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हावड़ा के गोलाबाड़ी थाने की पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है. हालाँकि, हमले के कारण को लेकर काफी भ्रम है. घटना रविवार रात की है. प्राप्त जानकारी के अनुसार टिंकू सोनकर और विकास पांडे कई अन्य लोगों के साथ हावड़ा स्टेशन से सटे गोलाबाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक बार में गए थे. शराब पीने के बीच अचानक हंगामा शुरू हो गया. आरोप है कि टिंकू ने विकास पर हमला कर दिया. आरोप है कि उसे शराब की बोतल से पीटा गया. पूरा बार कांच से भर गया. बार में मौजूद अन्य लोग घबरा गए. स्थिति गंभीर होने का एहसास होने पर कई लोग किसी तरह बार से बाहर निकल गए. पिटाई की तस्वीर सीसी कैमरे में कैद हो गई. दोनों घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है. इस घटना की शिकायत गोलाबाड़ी थाने में दर्ज करायी गयी है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की. टिंकू सोनकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गौरतलब है कि टिंकू सोनकर और विकास पांडे दोनों स्थानीय तृणमूल नेता के रूप में जाने जाते हैं. हमले के पीछे पुरानी दुश्मनी मानी जा रही है. कोई अन्य कारण है या नहीं इसकी जांच चल रही है.

# प्रबंधित पटाखों के प्रति जागरूकता लाने के लिए निकाली गई पदयात्रा

**सिलीगुड़ी** : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और हिमालयन नेचर एंड एडवेंचर फाउंडेशन की ओर प्रतिबंध पटाखों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिएजागरूकता पदयात्रा निकली गई.दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से आगामी दिवाली त्योहार को हानिकारक पटाखों के बिना मनाने का आह्वान किया.दिवाली प्रकाश का पर्व है इसको पटाखों से प्रदूषित नहीं करें, यह सभी से आह्वान किया गया.जागरूकता पदयात्रासोमवार सुबह सिलीगुड़ी के कंचनजंगा स्टेडियम के सामने शुरू हुई, जिसमें न केवल डॉक्टर या संगठनों के सदस्य बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया.इस पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि वह अधिक आवाज करने वाले और प्रतिबंधित पटाखे को नहीं जलाएं .

## न्यूज कॉर्नर

### सहकारी समिति के चुनाव में विपक्ष का सफाया कर तृणमूल उम्मीदवारों की जीत



**सागरद्वीप** : उपचुनाव से पहले तृणमूल ने सहकारी समिति चुनाव में विपक्ष का सफाया कर तृणमूल उम्मीदवारों की जीत हासिल की. दक्षिण 24 परगना जिले के गंगासागर में मंदिरतला सहकारी कृषि विकास संघ के चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने 12 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की. सहकारी समिति का वोट जीतने के बाद विजयी उम्मीदवारों से लेकर तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हरा अबीर लगाकर उल्लास जाहिर किया. परिणाम घोषित होने के बाद सुंदरबन विकास मंत्री बंकिम हाजरा ने तृणमूल कांग्रेस के विजयी उम्मीदवारों और कार्यकर्ता समर्थकों के साथ एक विजय जुलूस का नेतृत्व किया. सुंदरवन विकास मंत्री बंकिम हाजरा ने विजय जुलूस के साथ कार्यकर्ताओं व समर्थकों को बधाई दी. इससे पहले भी मंदिरतला सहकारी कृषि विकास समिति पर तृणमूल उम्मीदवारों का कब्जा था.तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत का सिलसिला जारी रखा. उपचुनाव से पहले, तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता जीत से उत्साहित थे. विजय जुलूस में सुंदरवन विकास मंत्री बंकिम हाजरा, सागर पंचायत समिति अध्यक्ष सबीना बीबी, सागर पंचायत समिति उपाध्यक्ष स्वपन कुमार प्रधान सहित सागर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष मोहितोष दास, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार सहित कई शीर्ष तृणमूल नेता मौजूद रहे.

### करंट लगने से मालिक की मौत

**हावड़ा** : कोना इलाके में स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में बिजली के झटके से कारखाने के मालिक की मौत हो गई. घटना रविवार रात 10 बजे की है. मृतक का नाम जीएस दास (35) है. उसे गंभीर अवस्था में हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. कारखाने के कर्मचारियों के अनुसार शार्ट-सर्किट के कारण उसकी मौत हुई है. इस घटना से इलाके में शोक की लहर है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# हावड़ा के त्रिपुरापुर बाजार में नेहरू युवा केंद्र ने आयोजित किया सतर्कता दिवस संगोष्ठी और स्वच्छता अभियान



**हावड़ा** : दिवाली के समारोहों से पहले, नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) हावड़ा ने स्थानीय युवाओं को संगठित कर एक विशेष सतर्कता दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया. यह कार्यक्रम हावड़ा के जगतबल्लवपुर ब्लॉक के त्रिपुरापुर बाजार में आयोजित हुआ, जहां युवा स्वयंसेवकों को पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा और जवाबदेही के महत्व पर जागरूक किया गया. संगोष्ठी में व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी बनाए रखने पर जोर दिया गया,

जिसमें 50 से अधिक युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भ्रष्टाचार मुक्त समाज की दिशा में प्रेरित करना और उन्हें जागरूक बनाना था. संगोष्ठी के दौरान, युवाओं को खुलकर चर्चा में भाग लेने, अपने विचार साझा करने और भ्रष्टाचार विरोधी उपायों पर सवाल उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

संगोष्ठी के पश्चात, एनवाईके हावड़ा के मार्गदर्शन में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें 40 से अधिक युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया. इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देना था, ताकि दिवाली के इस पर्व को हावड़ा के लोग स्वच्छ और सुंदर वातावरण में मना सकें. स्वयंसेवकों ने स्थानीय बाजार में कूड़ा इकट्ठा करने, सफाई करने और कचरे को अलग-अलग करने जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान दिया.

साथ ही, स्थानीय निवासियों और विक्रेताओं को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील भी की.इस पहल के बारे में जिला युवा अधिकारी मिस अरुणिमा ने कहा, हमें खुशी है कि हमारे युवा इस अभियान में इतनी सक्रियता से हिस्सा ले रहे हैं.

दिवाली प्रकाश और सकारात्मकता का पर्व है, और हमारे युवा स्वयंसेवकों के प्रयास यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे सार्वजनिक स्थान भी इस त्योहार की भावना को दर्शाएं.

इस अभियान से प्रभावित त्रिपुरापुर बाजार के एक स्थानीय सब्जी विक्रेता, सुब्रतो मंडल ने कहा, इस तरह की पहल से बाजार में स्वच्छता बढ़ती है, जिससे खरीदारों की संख्या में वृद्धि होती है और अंततः स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है.

एनवाईके हावड़ा की यह पहल दिवाली के अवसर पर युवाओं को न केवल समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास करा रही है, बल्कि स्वच्छता और सतर्कता की भावना को भी बढ़ावा दे रही है.

# चावल लदे ट्रक में कबूतरों की कि जा रही थी तस्करी, दो गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी** : लदे एक ट्रक में कबूतरों की तस्करी की जा रही थी. पुलिस गाड़ियों के तलाशी कर रही थी, तभी उन्होंने एक ट्रक के तलाशी ली. इस दौरान उन्होंने देखा की ट्रक के चावल लड़ा और उसके ऊपर कुछ बोरे रखे हैं, उन बोरो को खोलने पर उनमें से कबूतर बरामद हुए. पुलिस ने तत्काल उस ट्रक के ऊपर बैठे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की पूछताछ में दो युवकों ने बताया कि वे 6 बोरी में सैकड़ों कबूतर भरकर करणदिघी से सिलीगुड़ी ला रहे थे. इसके बाद न्यू जलपाईगुड़ी थाने के ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ट्रक समेत कबूतरों को थाने ले आये. दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद फिरदौस और अख्तर हुसैन शामिल हैं.न्यू जलपाईगुड़ी थाने की पुलिस ने वन विभाग को सूचना दी. खबर पाकर डाबग्राम वन विभाग के कर्मचारी दौड़ पड़े. न्यू जलपाईगुड़ी थाने की पुलिस ने सैकड़ों कबूतर और बरामद दो आरोपियों को वन विभाग कर्मियों को सौंप दिया. वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर विस्तृत जानकारी जुटाकर जांच जारी रहेगी.

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी** : एनजेपी थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित का नाम मोहम्मद हसीरुल है.पुलिस सूत्रों के अनुसार, 12 अक्टूबर को अशोकनगर इलाके से एक बाइक चोरी हो गयी थी. घटना के बाद बाइक के मालिक ने एनजेपी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराया. शिकायत के आधार पर एनजेपी थाने की पुलिस ने जांच शुरू की. जिसके बाद रविवार देर रात मिली सूचना के आधार पर मोड़ बाजार में छापेमारी कर चोरी की बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया. एनजेपी थाने की पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है.

## रेलवे न्यूज

### पूर्व रेलवे में रेल चौपाल और पौधारोपण अभियान जारी




**कोलकाता** : विशेष अभियान 4.0 के उद्देश्यों के अनुरूप, पूर्व रेलवे पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है. हाल की गतिविधियों में संगठित पौधारोपण अभियान, गहन सफाई प्रयास और यात्री जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं, जो स्वच्छ और हरित पर्यावरण के प्रति पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को पुष्ट करते हैं.एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण पहल के तहत, कोलकाता टर्मिनल, बर्द्धमान, नैहाटी, न्यू अलीपुर, बामनगाछी रेलवे कॉलोनी, भद्रेश्वर, गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, अजीमगंज, बैंडेल, कटवा, रामपुरहाट सहित विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए. ऐसे प्रयास पारिस्थितिक संतुलन और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण में योगदान देने के लिए पूर्व रेलवे के समर्पण को दर्शाते हैं. इस प्रयास के समानांतर, कोलकाता स्टेशन, मालदा टाउन, जमालपुर, दमदम जंक्शन, बारासात, बरुईपुर, बरहामपुर कोर्ट, मध्यमग्राम, बेलघरिया सहित विभिन्न स्टेशनों पर रेल चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए. रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों से बातचीत की, रेलवे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और स्टेशनों को साफ रखने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की. इसके अतिरिक्त, पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में बैंडेल, आसनसोल, दुर्गापुर, रानीगंज, देवघर अंडाल, मथुरापुर, बराकर, नाथनगर जैसे स्टेशनों पर गहन सफाई अभियान चलाए गए. विशेष अभियान 4.0 के तहत चल रहे राष्ट्रीय प्रयास के हिस्से के रूप में पूर्वी रेलवे इन पहलों के माध्यम से स्वच्छ और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है.

### आरपीएफ ने मिशन जीवन रक्षा के तहत यात्री की जान बचाई

**कोलकाता** : बहादुरी और सतर्कता बरतते हुए रेलवे सुरक्षा विशेष बल के दो कर्मचारियों ने मिशन जीवन रक्षा के तहत 28 अक्टूबर को बर्द्धमान स्टेशन पर एक पुरुष यात्री की जान बचाई. रेलवे सुरक्षा विशेष बल के कांस्टेबल योगेश कुमार और आपपीएफ पोस्ट बर्द्धमान की महिला कांस्टेबल निभा कुमारी प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर यात्री सुरक्षा और ट्रेन संचालन की देखरेख में ड्यूटी पर थे.लगभग 03:54 बजे ट्रेन नंबर 13186 डाउन (गंगा सागर एक्सप्रेस) प्लेटफॉर्म पर पहुंची और 04:00 बजे रवाना हुई. इस दौरान, एलसी निभा कुमारी ने देखा कि एक पुरुष यात्री चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास कर रहा था, जिससे वह फिसल गया और लगभग ट्रेन और प्लेटफ़ॉर्म के बीच की खाई में गिर गया. तेजी से काम करते हुए, निभा कुमारी और योगेश कुमार ने तुरंत कार्रवाई की, समय रहते यात्री को सुरक्षित बाहर निकाला और एक संभावित घातक घटना को रोका. बचाए गए यात्री की पहचान बिहार के मधुबनी के शैलेंद्र चौधरी (पुरुष/58) के रूप में हुई, जिसके पैरों में मामूली चोटें आईं और जब उसे चिकित्सा सहायता की पेशकश की गई तो उसने उसे लेने से इनकार कर दिया. यह साहसी कार्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ कर्मियों की प्रतिबद्धता और आपात स्थितियों में तुरंत प्रतिक्रिया देने की उनकी तत्परता को दर्शाता है. रेलवे अधिकारियों ने कांस्टेबल योगेश कुमार और महिला कांस्टेबल निभा कुमारी की उनके जीवन रक्षक कार्य के लिए सराहना की है, जो मिशन जीवन रक्षा के मूल्यों का उदाहरण है और यात्रियों की भलाई और सुरक्षा के लिए आरपीएफ कर्मियों के समर्पण को दर्शाता है.

# दिवाली और छठ के लिए पूर्व रेलवे 50 विशेष ट्रेनें चलायेगी

**कोलकाता** : दिवाली और छठ के त्योहारों के आने के साथ ही, बहुत से यात्री त्योहारी सीजन के दौरान अपने परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए यात्रा करते हैं. यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने और त्योहारी भीड़ को कम करने के लिए, पूर्व रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के लिए व्यापक उपाय किए हैं और इच्छुक यात्रियों की आरामदायक घर वापसी के लिए ज़्यादा से ज़्यादा विशेष ट्रेनें चलाई हैं.अधिक संख्या में ट्रेनें चलाकर क्षमता बढ़ाने और जनशक्ति और उपयुक्त बुनियादी ढांचे की तैनाती करके भीड़ प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया है. इस साल त्योहारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे में कुल 102 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिनमें से 876 ट्रिप हैं. इनमें से 50 ट्रेनें पूर्व रेलवे की हैं, जिनमें 400 ट्रिप हैं और अन्य मुख्य रूप से पूर्व रेलवे में चलने/समाप्त होने वाली अन्य रेलवे द्वारा चलाई जाती हैं. पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, आसनसोल, मालदा और भागलपुर स्टेशनों से रक्सौल, खातीपुरा, लखनऊ, जयनगर, पटना, आनंद विहार टर्मिनल, पुणे, हरिद्वार आदि विभिन्न दिशाओं के लिए ट्रेनें चल रही हैं. इनमें से अधिकांश ट्रेनों में न केवल स्लीपर क्लास बल्कि सामान्य यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच भी हैं.**पूर्व रेलवे की रिकॉर्ड 50 विशेष ट्रेनें**यह देखा गया है कि दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान हावड़ा, सियालदह, आसनसोल, मालदा, कोलकाता और भागलपुर पूर्व रेलवे के सबसे अधिक यात्री स्टेशन हैं. तदनुसार, पूर्व रेलवे की 50 विशेष ट्रेनें देश के विभिन्न कोनों में आने-जाने के लिए इन प्रमुख स्टेशनों के बीच वितरित की गई हैं. ये ट्रेनें अन्य नियमित सेवाओं के अतिरिक्त हैं. हावड़ा से 4 जोड़ी ट्रेनें, सियालदह से 4 जोड़ी ट्रेनें, आसनसोल से 7 जोड़ी ट्रेनें, कोलकाता से 2 जोड़ी ट्रेनें, भागलपुर से 2 जोड़ी ट्रेनें, मालदा से 6 जोड़ी ट्रेनें चल रही हैं, जिनकी कुल क्षमता 400 ट्रिप है. दिवाली और छठ पर्व के लिए अब तक पूर्व रेलवे की विशेष ट्रेनों की संख्या और कुल ट्रिप पिछले वर्ष की अधिसूचना की तुलना में बहुत अधिक है, जिसमें 2023 में 33 विशेष ट्रेनें और 113 ट्रिप शामिल हैं.स्टेशनों पर कर्मचारियों की तैनाती

रेलवे के सभी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को आसानी से चढ़ने या उतरने में मार्गदर्शन करने के लिए आरपीएफ कर्मचारियों को तैनात किया गया है. आरपीएफ कर्मचारी यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए उठाए जाने वाले विभिन्न उपायों के बारे में परामर्श भी दे रहे हैं, जैसे अजनबियों से खाना न लेना, फुटबोर्ड में यात्रा न करना, पटाखे या विस्फोटक वस्तुओं के साथ यात्रा न करना आदि. यात्रियों को आने/जाने वाली ट्रेनों के बारे में सचेत करने के लिए विभिन्न स्टेशनों पर सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से लगातार घोषणाएं की जा रही हैं.**सुविधाओं और सेवाओं की उपलब्धता**विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की शाखा अधिकारियों द्वारा उचित निगरानी की जा रही है. साफ-सफाई बढ़ा दी गई है, पेयजल सुविधा की निगरानी की जा रही है. जरूरतमंद यात्रियों के लिए विभिन्न स्टेशनों पर मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, मे आई हेल्प यू बूथ भी उपलब्ध हैं. दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान यात्रियों के घर वापसी के लिए हरसंभव सुविधा के साथ उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए समर्पित है.

# मां काली के शहर में आरजी कर जैसी घटना दुखद: विद्या बालन



**कोलकाता** : मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन का कोलकाता से एक गहरा नाता रहा है. 2003 में गौतम हलधर की फिल्म 'भालो थेको' में अभिनय कर उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी. हिंदी फिल्मों में अपनी शानदार छवि बनाने वाली विद्या ने कोलकाता में बिताए पलों को याद करते हुए आज एक बड़ा सवाल उठाया. दीपावली के खास अवसर पर काले रंग की चूड़ीदार-कमीज पहने, बड़े झुमके और नए अंदाज में दिखीं. विद्या 'भूल भुलैया 3' के प्रचार के लिए कोलकाता पहुंचीं और मीडिया से मुलाकात की. उनके साथ फिल्म के नायक कार्तिक आर्यन भी मौजूद थे. विद्या ने संवाददाताओं से बातचीत की शुरुआत बंगाली भाषा में की और कहा, चलें, शुरू करें. उन्होंने बंगाली में सहजता से बातचीत की, जिसे सुनकर वहां मौजूद सभी लोग प्रभावित हुए. विद्या ने कोलकाता के साथ अपने जुड़ाव को गहराई से बयां करते हुए कहा कि वह इस शहर के लोगों के प्रति हमेशा से विशेष लगाव रखती हैं. गौतम हलधर की 'भालो थेको' और सुजॉय घोष की 'कहानी' जैसी फिल्मों में अभिनय के दौरान उन्होंने कोलकाता में काफी समय बिताया है. उन्होंने कहा, यह शहर मेरे करियर की शुरुआत से ही मेरे दिल के करीब है. यह शहर काली मां का और विरोध का प्रतीक है. ऐसे में यहां आर.जी. कर जैसी घटना होना सचमुच में दुखद है. विद्या ने 'भूल भुलैया 3' के प्रचार के दौरान माधुरी दीक्षित के साथ गाए गाने को लेकर भी चर्चा की. उन्होंने कहा, माधुरी मैम के साथ डांस करने का सपना था लेकिन उनके साथ नाचने में शुरुआत में घबराहट भी हुई. हालांकि बाद में यह अनुभव अद्भुत बन गया. विद्या को आज भी उनकी फिल्म 'भूल भुलैया' में मंजूलिका के किरदार के लिए सराहा जाता है, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था. विद्या ने बताया कि वह खुद भी भूत-प्रेतों पर विश्वास करती हैं. इस पर हंसते हुए वह बोलीं, मुझे उन पर विश्वास है, लेकिन जब तक वे दिखते नहीं हैं, मैं खुश हूं. विद्या ने कार्तिक आर्यन के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह उनका और कार्तिक का पहला प्रोजेक्ट है. उन्होंने कार्तिक की मेहनत और ऊर्जा की तारीफ करते हुए बताया कि उन्होंने बंगाली के कुछ शब्द भी उनसे सीख लिए हैं. 'भूल भुलैया 3' अगले महीने एक नवंबर को रिलीज़ हो रही है और इस फिल्म को लेकर उनके प्रशंसकों में काफी उत्साह है. गौरतलब है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज और अस्पताल में गत नौ अगस्त को एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था, जिसको लेकर पश्चिम बंगाल सहित देश भर के चिकित्सक लंबे समय तक न्याय की मांग को लेकर आंदोलित थे.

# पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**कोलकाता** : पूर्व रेलवे में जुलाई-सितंबर, 2024 तिमाही की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक मिलिन्द देऊस्कर की अध्यक्षता में 28 अक्टूबर को महाप्रबंधक के नए सभाकक्ष में संपन्न हुई. बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, मुराधि एवं राजभाषा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रत्यक्ष रुप से तथा मंडलों एवं कारखानों के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया.

सर्वप्रथम मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर देवेन्द्र कुमार ने अध्यक्ष महोदय सहित बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया. इसके पश्चात समिति के पदेन सदस्य सचिव एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) पी.सी. डांग ने महाप्रबंधक महोदय को इस बैठक की अध्यक्षता करने के लिए आग्रह किया.

महाप्रबंधक महोदय ने पूर्व रेलवे मुख्यालय द्वारा प्रकाशित होने वाली प्रतिबिम्ब पत्रिका की जुलाई-सितंबर अंक का विमोचन किया.

महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम सभा को संबोधित किया तथा सितंबर माह में आयोजित क्षेत्रीय रेल नाट्योत्सव 2024 में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले हावड़ा मंडल एवं लिलुआ कारखाना को हार्दिक बधाई दी और उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों से राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में पूर्व रेलवे सदैव तत्पर रहेंगी. पूर्व रेलवे में राजभाषा विभाग, हिन्दी के प्रयोग प्रसार की दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है और भविष्य में भी अच्छा कार्य करता रहेगा.




मुख्यालय के सभी विभागों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में वृद्धि हेतु दैनिक पत्राचार में प्रयुक्तः होने वाले संबोधन, नाम, पदनाम, शीर्षक एवं प्रतिलिपि में संबंधित हिंदी टेम्प्लेट तैयार कर सभी प्रधान विभागध्यक्षों को उपलब्ध कराया गया है. अतः सभी इसका अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे एवं अपने अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भी इसके प्रयोग हेतु प्रेरित करेंगे. साथ ही, सरल हिंदी भाषा में टिप्पणियाँ लिखने का प्रयास करें, क्योंकि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयासों से ही हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ेगा.

अंत में, महाप्रबंधक महोदय ने सभी मंडलों तथा कारखानों से अपने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठके नियमित रूप से आयोजित करने और राजभाषा संबंधित सभी प्रकार की रिपोर्टों का प्रेषण यथासमय मुख्यालय को करने के लिए कहा ताकि राजभाषा से संबंधी गतिविधियों से रेलवे बोर्ड को समय पर अवगत कराया जा सके एवं इसमें किसी प्रकार का कोई विलंब न हो. मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर श्री देवेन्द्र कुमार ने कहा कि पूर्व रेलवे के राजभाषा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हिंदी टेम्पलेट का प्रयोग प्रत्येक विभाग अपने कार्यालयी कार्यों में करते रहेंगे. उन्होंने हिंदी के प्रयोग-प्रसार में सकारात्मक सहयोग देने के लिए सभी से आग्रह किया.

समिति के पदेन सदस्य सचिव एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री पी.सी. डांग ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की.

## न्यूज कॉर्नर

### यात्रा और अवकाश के लिए दुनिया के 25 सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची में शामिल कोलकाता, मुख्यमंत्री ममता ने दी शुभकामनाएं

**कोलकाता:** सप्ताह की शुरुआत में सिटी ऑफ जॉय यानी कोलकाता के यात्रा और अवकाश के लिए दुनिया के 25 सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची में शामिल होने की सुखद खबर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर शेयर कर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है. सोमवार को एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि कई मामलों में कोलकाता ने सर्वश्रेष्ठ की सूची में जगह बनाई है. मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ट्रैवल एवं लीजर ने यात्रा और अवकाश के लिए दुनिया के 25 सर्वश्रेष्ठ शहरों की अपनी सूची जारी की है. उस सूची में भारत के तीन शहर हैं. 25 शहरों में से सन मिगीएल द एलेन्डे पहले स्थान पर है. दूसरे स्थान पर उदयपुर है जबकि कोलकाता 19वें और जयपुर 21वें नंबर पर है. सेविल्स ग्रोथ हब्स इंडेक्स सर्वेक्षण के अनुसार, तेजी से विकास के मामले में कोलकाता दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची में 11वें स्थान पर है. दिल्ली आईआईटी ने मई में दुनिया के मेट्रो शहरों में हवा की गुणवत्ता के मामले में कोलकाता को सर्वश्रेष्ठ बताया था. मुख्यमंत्री ने शहरवासियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए शहरवासियों से एक बेहतर, स्वस्थ शहर बनाने के लिए एकजुट होने का आग्रह भी किया है.

### प्रिंस अनवर शाह रोड पर बस्ती में आग, एक युवक घायल

**कोलकाता:** कोलकाता के प्रिंस अनवर शाह रोड पर स्थित एक बस्ती में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई, जिससे बस्ती की कई झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं. दमकल विभाग ने सूचना मिलते ही पांच दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजीं और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस हादसे में एक युवक घायल हो गया, जिसे एमआर बंगुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दमकल विभाग के अनुसार, सुबह करीब साढ़े पांच बजे बस्ती में आग लगने की सूचना मिली थी. घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र घनी आबादी और संकरी गलियों से भरे होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे कई झोपड़ियां आग की चपेट में आ गईं. स्थानीय लोगों के अनुसार, दमकल गाड़ियों के देर से पहुंचने के कारण आग और ज्यादा फैल गई. आरोप है कि दमकल विभाग और स्थानीय थानों के बीच इलाके के अधिकार क्षेत्र को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही, जिससे आग बुझाने में देरी हुई. स्थानीय लोगों ने बताया कि शुरुआत में यह विवाद रहा कि घटनास्थल गॉल्फ ग्रीन थाना क्षेत्र में आता है या चारू मार्केट के तहत. अंततः लेक थाने में इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल मौके पर पहुंची. दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की अभी जांच की जा रही है.

### उत्तर 24 परगना में अवैध आग्नेयास्त्र बिक्री का भंडाफोड़, छह हिरासत में

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना के अशोकनगर थाने की पुलिस ने अवैध हथियार बेचने की योजना को विफल करते हुए छह हथियार तस्करों को धर दबोचा. मौके से 12 राउंड गोला बारूद सहित आठ आग्नेयास्त्र बरामद किए गए हैं. पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया. सोमवार को इन्हें बारासात कोर्ट में पेश किया गया है. गिरफ्तार लोगों के नाम- तन्मय लोध, संदीप दत्ता वणिक, राजवल्लभ गुहा, तन्मय देबनाथ, सैकत गुहा और दीपांकर नंदी है. इन लोगों के खिलाफ पहले से ही कई गैर-जमानती मामले दर्ज किए गए हैं. पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामले की विस्तृत जांच की जा रही है. काली पूजा और उपचुनाव से पहले इतनी बड़ी मात्रा में हथियार बरामद होने से जिले में हड़कंप मच गया है.

### मामूली विवाद में पड़ोसी ने लाठियों से पीटकर की वृद्ध की हत्या

**कोलकाता:** उत्तर 24 परगना जिले के हालीशहर में एक मामूली विवाद ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की जान ले ली. रविवार रात हुए इस झगड़े में 70 वर्षीय पारसनाथ साव को पड़ोसियों ने लाठी से बुरी तरह पीटा, जिसके बाद उनकी मौत हो गई. इस घटना के बाद से इलाके में तनाव व्याप्त है और पुलिस मामले की जांच कर रही है. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पारसनाथ की बेटी ने घर के बाहर कपड़े सुखाने के लिए डाले थे, जिस पर पड़ोसी आपत्ति जताने लगे. इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा बढ़ गया. जब पारसनाथ ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो पड़ोसियों ने उन पर हमला कर दिया. आरोप है कि तीन लोगों ने मिलकर पारसनाथ को लाठियों से पीटा, जिसमें उनके सिर पर गंभीर चोट आई. वृद्ध लाठी के वार से वहीं गिर पड़े और उनके नाक से खून बहने लगा. उन्हें तुरंत नजदीकी नैहाटी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें कल्याणी के जेएनएम अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि इस हमले के पीछे मुख्य आरोपित विक्की चौधरी और अजय चौधरी हैं, जो घटना के बाद से फरार हैं. मृतक के परिवार ने दोषियों को फांसी देने की मांग की है. वहीं, इलाके के अन्य निवासियों ने भी इस छोटे से विवाद को लेकर हुई हिंसा पर सवाल उठाए हैं. फिलहाल, हालीशहर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है.

### प्राथमिक टीईटी परीक्षा रद्द, कानूनी जटिलताओं और नियुक्ति में देरी को बताया गया कारण

**कोलकाता:** प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए इस साल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) परीक्षा नहीं होगी. सोमवार को यह घोषणा पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा परिषद ने की. पिछले दो वर्षों में टीईटी परीक्षा आयोजित होने के बाद, इस साल कानूनी जटिलताओं और पूर्व उत्तीर्ण उम्मीदवारों की नियुक्ति में देरी को इसका कारण बताया गया है. परिषद के अध्यक्ष गौतम पाल ने कहा कि अगले छह महीनों के भीतर यह परीक्षा आयोजित की जाएगी. गौतम पाल ने बताया, अदालत ने नियमित टीईटी परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है और हम इस आदेश का पालन करेंगे. इस साल देरी हो रही है, लेकिन अगले छह महीनों के भीतर परीक्षा आयोजित की जाएगी. 2022 और 2023 में प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा आयोजित की गई थी. नियमों के अनुसार, 2024 की परीक्षा दिसंबर में होनी थी, लेकिन इसे कानूनी जटिलताओं के कारण टाल दिया गया है. पाल ने कहा, 2022 में मेरे कार्यभार संभालने के बाद मेरी प्राथमिकता हर साल टीईटी आयोजित करना था. हमने दो वर्षों तक इसे सफलतापूर्वक किया, लेकिन इन दो वर्षों में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति कानूनी अड़चनों की वजह से अभी तक शुरू नहीं हो पाई है. इसी कारण इस साल टीईटी नहीं हो रही है, लेकिन इसे कुछ महीनों में आयोजित किया जाएगा. 2022 की टीईटी परीक्षा पांच साल के अंतराल के बाद आयोजित की गई थी, जिसमें करीब सात लाख परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था और लगभग 1.5 लाख उम्मीदवार सफल हुए थे. इसके बाद, 2023 में 24 दिसंबर को दूसरी टीईटी परीक्षा हुई थी, जिसमें तीन लाख नौ हजार 54 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन केवल दो लाख 72 हजार लोग परीक्षा में शामिल हुए थे. हालांकि, परीक्षा के एक साल बाद भी परिणाम घोषित नहीं हो पाया है. गौतम पाल ने कहा, कई कानूनी अड़चनें हैं, जिन्हें हल करके हम जल्द ही परिणाम घोषित करेंगे. हम पारदर्शिता बनाए रखना चाहते हैं. इस बीच, टीईटी परीक्षा न होने से डीएलएड पास उम्मीदवारों की संख्या में वृद्धि होना स्वाभाविक है. लेकिन परिषद अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि अगले छह महीनों के भीतर प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए टीईटी परीक्षा जरूर आयोजित की जाएगी.

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा चुस्त रखने के दिए निर्देश

**कोलकाता:** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने दक्षिण बंगाल का दौरा किया. यहां उन्होंने सीमा सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए. इस दौरे का मुख्य उद्देश्य सीमा पर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करना और उनकी प्रगति को तेज करना था. बीएसएफ की ओर से सोमवार दोपहर को जारी बयान में बताया गया है कि महानिदेशक चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आईसीपी पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल के उद्घाटन में हिस्सा लिया और इस मौके पर सीमा पर सुरक्षा को और भी बेहतर करने की प्रतिबद्धता जाहिर की. अमित शाह के दिल्ली लौट जाने के बाद उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में सीमा पर बाड़, चौकियों और सड़कों के निर्माण के लिए जरूरी भूमि अधिग्रहण पर चर्चा हुई. राजरहाट स्थित बीएसएफ मुख्यालय में महानिदेशक चौधरी ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की. उन्होंने आईजी साउथ बंगाल से ऑपरेशनल तैयारियों की जानकारी ली और जवानों से मुलाकात कर उनके कल्याण पर ध्यान देने के निर्देश दिए. उन्होंने जवानों के स्वास्थ्य, भोजन और रहने की सुविधाओं में सुधार के लिए विशेष निर्देश जारी किए, ताकि उनका मनोबल ऊंचा रहे. महानिदेशक चौधरी के इस दौरे से स्पष्ट है कि सीमा पार से होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के प्रयासों में बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की भूमिका और भी अहम हो गई है.

# आरजी कर कांड: संदीप घोष ने लगाई जमानत की गुहार

## भ्रष्टाचार समेत कई मामलों में आरोपी, सीबीआई कर रही है जांच




**कोलकाता:** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व एवं विवादास्पद प्रिंसिपल ने सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ के समक्ष जमानत के लिए याचिका दाखिल की. न्यायमूर्ति शुभेंदु सामंत की एकलपीठ ने याचिका स्वीकार कर ली है. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) घोष के खिलाफ समानांतर जांच कर रही है. पहली जांच आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में और दूसरी जांच इसी अगस्त में इसी अस्पताल की एक महिला जूनियर डॉक्टर के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म और हत्या के संबंध में है. दूसरे मामले में घोष के खिलाफ मुख्य आरोप जांच को गुमराह करने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है. वहीं दुष्कर्म और हत्या मामले की प्रारंभिक जांच कोलकाता पुलिस द्वारा की जा रही थी, जिसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच का प्रभार सीबीआई को सौंप दिया. सीबीआई ने दुष्कर्म व हत्या मामले में संदीप के साथ-साथ टाला थाने के पूर्व थानेदार अभिजीत मंडल को भी गिरफ्तार किया है. हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने घोष की त्वरित सुनवाई की याचिका को खारिज कर दिया. हाल ही में बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज सौंपे, जिसमें बताया गया है कि कैसे राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की पिछली शिकायतों को नजरअंदाज किया, जब घोष वहां के मामलों के प्रमुख थे. इससे पहले सीबीआई ने हाल में सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई अपनी स्टेटस रिपोर्ट में दावा किया था कि बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ही नहीं बल्कि राज्य के कई सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में पिछले 10 वर्षों में भारी वित्तीय भ्रष्टाचार हुआ है. केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार की रकम 2,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो जाए तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है. सीबीआई ने स्टेटस रिपोर्ट में कहा है कि भ्रष्टाचार आरजी कर अस्पताल के बाहर भी फैल गया है. सीबीआई का कहना कि आरजी कर अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और उनके दो करीबी व्यवसायियों सुमन हाजरा व बिप्लब सिंह के संपर्क स्रोतों की विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद उसे इस भ्रष्टाचार के जाल के बारे में पता चला है. मालूम हो कि आरजी कर अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डॉ. अख्तर अली ने डॉ. घोष व अन्य के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए थे. घोष पर टेंडरों को लेकर पक्षपात करने, मेडिकल आर्गेनिक कचरे की अवैध बिक्री, मुर्दाघर के शवों के अंग बेचने, पैसे लेकर मेडिकल छात्रों को पास कराने जैसे कई गंभीर आरोप लगे हैं.

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदीप घोष की एफडी को भुनाने के मामले में सीबीआई से रिपोर्ट तलब की

**कोलकाता:** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष द्वारा अपनी बैंक में जमा राशि को भुनाने के लिए दायर याचिका पर सीबीआई से रिपोर्ट तलब की है. जस्टिस शुभेंदु समंता ने घोष को अपनी याचिका में सीबीआई को पार्टी बनाने का निर्देश दिया है. घोष ने याचिका में भारतीय स्टेट बैंक को अपनी एफडी भुनाने का निर्देश देने का आग्रह किया है ताकि वह अपने परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें. संदीप घोष को सीबीआई ने दो सितंबर को राज्य सरकार द्वारा संचालित आर.जी. कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं और कर्तव्य पर तैनात जूनियर डॉक्टर की हत्या और बलात्कार के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया है. घोष के वकील ने कोर्ट में दावा किया कि उनकी हिरासत के दौरान उनकी पत्नी ने परिवार की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एफडी भुनाने हेतु बैंक से संपर्क किया था. वकील का कहना है कि एफडी के मूल दस्तावेज उनके पास ही हैं और सीबीआई ने उन्हें जब्त नहीं किया है. बैंक के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया कि चूंकि घोष के खिलाफ सीबीआई जांच जारी है, ऐसे में एफडी को भुनाना संभव नहीं है. अदालत ने पाया कि मामले में सीबीआई को पार्टी नहीं बनाया गया है, इसलिए जस्टिस समंता ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह अपनी याचिका में सीबीआई को पार्टी बनाए. इसके साथ ही अदालत ने सीबीआई को अगले सुनवाई की तारीख 30 अक्टूबर तक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया ताकि घोष की याचिका पर उचित आदेश पारित किया जा सके.

# यौन उत्पीड़न मामले में तन्मय भट्टाचार्य को पूछताछ के लिए पुलिस ने बुलाया



**कोलकाता:** महिला पत्रकार से कथित तौर पर 'हैरासमेंट' के मामले में माकपा के निलंबित नेता तन्मय भट्टाचार्य को बराहनगर थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया. तन्मय ने कहा बताया कि मुझे दोपहर 1:30 बजे थाने बुलाया गया है, और मैं अभी जा रहा हूं. पुलिस ने रविवार को भी तन्मय से एक दौर की पूछताछ की थी, जिसके बाद सोमवार को फिर से उन्हें तलब किया गया है. सूत्रों के अनुसार, तन्मय ने इस मामले पर अपने वकील से सलाह भी ली है. रविवार को एक महिला यूट्यूबर ने फेसबुक लाइव पर आरोप लगाया था कि जब वह तन्मय का साक्षात्कार लेने गईं, तो तन्मय ने उनकी गोद में बैठने की कोशिश की. इस फेसबुक लाइव के वायरल होते ही माकपा के अंदर और बाहर इस मामले पर हंगामा मच गया. तन्मय ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, मैं स्वभाव से सबके साथ मजाक करता हूं, और इस पत्रकार से पहले भी कई बार मिल चुका हूं. मुझे नहीं पता कि अचानक आज क्या हुआ. तन्मय ने इस पूरे मामले को एक साजिश करार दिया और सवाल उठाया कि महिला ने सीधे थाने में शिकायत दर्ज कराने के बजाय फेसबुक लाइव क्यों किया. हालांकि, बाद में महिला ने बराहनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है. इसी बीच माकपा ने भी अपने नेता तन्मय भट्टाचार्य को निलंबित कर दिया है. पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि हमारी पार्टी में आंतरिक शिकायत समिति है और जांच की प्रक्रिया भी है, लेकिन इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हमने तन्मय को तुरंत निलंबित करने का फैसला किया है. जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. महिला पत्रकार ने सोमवार को सोशल मीडिया पर माकपा की आंतरिक जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए लिखा कि किसी राजनीतिक दल को न्याय करने का अधिकार नहीं है. अगर ऐसा होता, तो देशभर में अदालतों की जरूरत नहीं होती. उन्होंने आगे कहा कि पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है और उन्हें उम्मीद है कि पुलिस उचित कार्रवाई करेगी. इस मामले पर विपक्षी दलों ने माकपा और तन्मय भट्टाचार्य को घेरना शुरू कर दिया है. तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने तन्मय की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करते हुए माकपा से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है.

# हाड़ोआ उपचुनाव : अल्पसंख्यक बहुल सीट पर तृणमूल और एआईएसएफ के बीच कड़ा मुकाबला

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हाड़ोआ विधानसभा सीट में होने वाले उपचुनाव में मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के बीच होगा. यह सीट अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र मानी जाती है और आगामी 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में चार प्रमुख दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं. माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे ने इस बार एआईएसएफ के उम्मीदवार पियारुल इस्लाम का समर्थन करने का निर्णय लिया है. पियारुल इस्लाम पेशे से एक युवा अधिवक्ता हैं. उनके सामने तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शेख रबीउल इस्लाम हैं, जो पार्टी के युवा चेहरे के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं. हालांकि, शेख रबीउल की उम्मीदवारी को लेकर स्थानीय तृणमूल नेतृत्व में असंतोष है, क्योंकि उन्हें एक बाहरी उम्मीदवार माना जा रहा है. पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं का मानना है कि तृणमूल को किसी स्थानीय व्यक्ति को टिकट देना चाहिए था. इस बार उपचुनाव में कांग्रेस और वाम मोर्चे के बीच सीट-बंटवारे का कोई समझौता नहीं हुआ है, इसलिए कांग्रेस ने हबीब रेज़ा चौधरी को मैदान में उतारा है. वहीं, भाजपा ने बिमल दास को अपना उम्मीदवार बनाया है, जो चार प्रमुख पार्टियों में से इकलौते हिंदू उम्मीदवार हैं. हाड़ोआ में उपचुनाव इसलिए हो रहा है क्योंकि यहां से तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक हाजी नुरुल इस्लाम को इस साल के आम चुनाव में बशीरहाट से लोकसभा सांसद चुना गया था. हालांकि, 61 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया, जिसके बाद यह सीट खाली हो गई.

# एसएसकेएम में ऑपरेशन के दौरान टूटी जंग लगी कैंची, डॉक्टर बोले– 'ऐसा पहली बार नहीं हुआ'



**कोलकाता:** एसएसकेएम अस्पताल में एक सिजेरियन ऑपरेशन के दौरान जंग लगी कैंची टूटने का मामला सामने आया है. इस घटना की जानकारी डॉक्टर रश्मि चटर्जी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट करके दी. उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान उनके हाथों में ही कैंची टूट गई. डॉक्टर रश्मि का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी ऑपरेशन के दौरान कैंची और चाकू टूटने की घटनाएं हो चुकी हैं. मामला 22 अक्टूबर का है, जब डॉक्टर रश्मि एक प्रसूता का ऑपरेशन कर रही थीं. ऑपरेशन के दौरान जंग लगी कैंची अचानक टूट गई. डॉक्टर ने तुरंत ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की सिस्टर-इन-चार्ज को इस बारे में जानकारी दी और टूटी हुई कैंची हटाकर नई कैंची से ऑपरेशन पूरा किया. मरीज और उसका नवजात बच्चा दोनों स्वस्थ हैं. डॉक्टर रश्मि ने बताया कि उन्होंने पहले भी एसएसकेएम अस्पताल में ऐसे कई ऑपरेशन देखे हैं, जहां ऑपरेशन के दौरान कैंची और चाकू टूट चुके हैं. हाल ही में, 19 अक्टूबर को भी ऐसा ही एक हादसा हुआ था, जब ऑपरेशन के दौरान कैंची दो हिस्सों में टूट गई थी. इस बार उन्होंने पहली बार मौखिक रूप से शिकायत दर्ज करवाई है. जूनियर डॉक्टरों ने इस घटना को सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद सरकारी अस्पताल की सुविधाओं पर कई लोगों ने सवाल उठाए हैं. रश्मि के मुताबिक, ऑपरेशन के दौरान टूटे उपकरण से मरीजों को गंभीर खतरा हो सकता है. उन्होंने कहा, ऐसे उपकरण पेट में गंभीर चोट पहुंचा सकते हैं. यह घटना आरजी कर अस्पताल की उस घटना से मिलती-जुलती है, जब वहां खून के धब्बों वाले ग्लव्स भेजे गए थे. उस समय स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने जांच के आदेश दिए थे. इस बार एसएसकेएम में कैंची टूटने की घटना के बाद जूनियर डॉक्टरों ने स्थायी समाधान की मांग की है. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी इस घटना की जानकारी दी है, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है.

# भाजपा नेता की कार पर बम और गोलीबारी, एनआईए की टीम पहुंची उत्तर 24 परगना

**कोलकाता:** भाजपा द्वारा बुलाए गए बंगाल बंद के दिन, उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा में भाजपा नेता अर्जुन सिंह के करीबी दो भाजपा नेताओं की कार पर बम और गोलियों से हमला हुआ था. इस हमले का आरोप तृणमूल कांग्रेस से जुड़े अपराधियों पर लगाया गया था. भाजपा ने दावा किया था कि इस हमले में दोनों नेता घायल हो गए थे. इस घटना की जांच के लिए सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम भाटपाड़ा पहुंची. उनके साथ फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद थी. यह हमला 28 अगस्त को हुआ था, जब 'छात्र समाज' नामक मंच ने आरजी कर अस्पताल की घटना के विरोध में नवान्न की ओर मार्च किया था. भाजपा ने इस आंदोलन को समर्थन दिया था, भले ही वह प्रत्यक्ष रूप से इस आंदोलन में शामिल न हो. आंदोलनकारियों द्वारा बैरिकेड तोड़ने



और पुलिस पर पत्थर फेंकने की घटनाएं सामने आई थीं, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे. पुलिस ने जवाब में पानी की बौछार और आंसू गैस का उपयोग किया, और कुछ जगहों पर लाठीचार्ज भी हुआ. इस घटना के विरोध में भाजपा ने बंगाल बंद का आह्वान किया था. उसी दिन, भाटपाड़ा में अर्जुन सिंह के करीबी दो भाजपा नेताओं, रवि सिंह और प्रियंगु पांडे, की कार पर हमला किया गया. अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के नेताओं की कार पर कम से कम छह राउंड गोली चलाई गई और बम फेंके गए, जिससे तीन लोग घायल हुए, जिनमें रवि, प्रियंगु और कार चालक शामिल थे. अर्जुन ने कहा कि चालक के सिर को छूकर गोली निकल गई, कार पर अभी भी खून के निशान हैं. अर्जुन सिंह का आरोप था कि यह हमला तब हुआ जब रवि और प्रियंगु उनके घर जा रहे थे. उन्होंने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि बम और गोलियां चल रही थीं, और पुलिस केवल तमाशा देख रही थी. जब उनसे पूछा गया कि पुलिस कहां थी, अर्जुन ने जवाब दिया, पुलिस तृणमूल की दासता कर रही है. यह दलाली कब तक चलेगी? सब खत्म हो चुका है. हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने अर्जुन सिंह के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था.

### सहकारी समिति के चुनाव में भाजपा की जीत

**कोलकाता:** बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम की महेशपुर सहकारी समिति के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी जीत हासिल हुई है. 12 सीटों में से भाजपा समर्थित उम्मीदवारो ने 11 जीतीं हैं. बाकी एक सीट राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को मिली. रविवार को हुए इस चुनाव को लेकर नंदीग्राम में भारी तनाव था. भाजपा व टीएमसी ने चुनाव के दौरान एक दूसरे के खिलाफ तनाव फैलाने का आरोप लगाया है. तृणमूल नंदीग्राम-1 ब्लॉक अध्यक्ष बाप्पादित्य गर्ग ने कहा कि सहकारी समिति के चुनाव में हार निश्चित है, यह जानकर भाजपा ने दहशत फैलाने की कोशिश की है. उन्होंने कहा कि टीएमसी ने चुनाव में उन्नयन मंच के उम्मीदवारों का समर्थन किया, लेकिन राजनीति का इससे कोई सीधा संबंध नहीं है. वहीं जिला भाजपा उपाध्यक्ष साहेब दास ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने भाजपा के कैंप से 100 मीटर दूरी पर अपना कैंप लगाया था.

# जूनियर डॉक्टरों के नए संगठन ने मुख्य सचिव को भेजा पत्र, 'अभया' के नाम पर वसूली के लगाए आरोप

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टरों के बीच उभरे आंतरिक विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया है. हाल ही में गठित संगठन वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को एक ईमेल भेजकर 8-सूत्रीय मांगें रखीं. प्रमुख मांगों में 'अभया' के नाम पर की जा रही कथित अवैध वसूली की जांच और ऑडिट शामिल है. इस संगठन का नेतृत्व श्रीश चक्रवर्ती और प्रणय चौधुरी कर रहे हैं, जिन्होंने रविवार रात को यह ईमेल भेजा. इन्होंने आरोप लगाया है कि अनिकेत महतो समेत जूनियर डॉक्टरों के अन्य नेताओं ने अभया के नाम पर जमकर वसूली और बंदर बांट की है. गत सप्ताह से ही जूनियर डॉक्टरों के दो गुटों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा था, जब जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट द्वारा आयोजित एक जन सम्मेलन के दौरान वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के गठन की घोषणा की गई . नए संगठन ने जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट पर 'थ्रेट कल्चर' के आरोप लगाए हैं और इसकी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं. उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व, हाईकोर्ट ने भी इन डॉक्टरों का पक्ष लेते हुए उन्हें सस्पेंड न करने की सिफारिश की थी. ईमेल में नए संगठन ने विशेष रूप से 'अभया' के नाम पर हुई कथित 4.5 करोड़ रुपये की वसूली की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं. संगठन ने इस फंड की ऑडिट कराने की मांग की है, ताकि इसकी वसूली के स्रोतों का खुलासा हो सके. साथ ही, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए राज्य सरकार से मदद की भी अपील की है. जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने यह भी मांग की है कि राज्य द्वारा गठित टास्क फोर्स में सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए और इस कमेटी को पारदर्शिता के साथ गठित किया जाए. नए संगठन का कहना है कि जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट अपने सदस्यों को इन समितियों में बिठाकर पारदर्शिता को प्रभावित कर सकता है.

# शिक्षा संसद ने बदला 11वीं कक्षा की दूसरी सेमेस्टर परीक्षा का समय, एक घंटा पहले शुरू होगी परीक्षा

**कोलकाता:** उच्च माध्यमिक शिक्षा संसद ने 11वीं कक्षा की दूसरी सेमेस्टर परीक्षा का समय एक घंटे पहले कर दिया है. पहले यह परीक्षा दोपहर तीन बजे से शुरू होनी थी, लेकिन अब इसे दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया जाएगा. शिक्षा संसद के इस फैसले का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के बाद छात्रों को घर लौटने में होने वाली असुविधा को दूर करना है, विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो दूरस्थ स्थानों से आते हैं. शिक्षा संसद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने बताया कि इस निर्णय में रमजान के समय को ध्यान में रखा गया है, ताकि परीक्षा देने वाले मुस्लिम छात्रों को अधिक सुविधा हो. उन्होंने कहा कि देर से परीक्षा समाप्त होने पर दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को घर लौटने में कठिनाई होती है. इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए 11वीं कक्षा की परीक्षा का समय एक घंटा पहले कर दिया गया है. इससे पहले, परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जानी थी. लेकिन अब नए समय के अनुसार, यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगी. हालांकि, इसी दिन के पहले हिस्से में आयोजित होने वाली उच्च माध्यमिक परीक्षा का समय यथावत रखा गया है. उच्च माध्यमिक परीक्षा तीन मार्च से 18 मार्च तक आयोजित होगी, जिसमें परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:15 बजे तक चलेगी. 11वीं कक्षा की परीक्षा उच्च माध्यमिक परीक्षा के एक घंटे बाद शुरू होगी. यादवपुर विद्यालय के प्रिंसिपल पार्थ प्रतिम बैद्य ने शिक्षा संसद के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए यह एक अच्छा प्रयास है. रमजान के दौरान रोजा रखने वाले छात्रों के लिए यह निर्णय मददगार साबित होगा. शिक्षा संसद ने हमेशा छात्रों के हित में निर्णय लिया है. विषय आधारित परीक्षाएं दो घंटे की अवधि में होंगी, लेकिन कला, संगीत और व्यावसायिक विषयों की परीक्षा एक घंटे 15 मिनट की अवधि में ली जाएगी. यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होकर 3:15 बजे तक चलेगी. बंगीय शिक्षक और शिक्षाकर्मी संघ के महासचिव स्वप्न मंडल ने इस बदलाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा संसद ने आखिरी समय में आकर परीक्षा का समय बदल दिया, लेकिन इसका कारण स्पष्ट नहीं किया. इस तरह की बार-बार की समय परिवर्तन से संस्थान की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं. इस तरह के फैसले सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद लिए जाने चाहिए. इसके साथ ही, शिक्षा संसद ने 2025 के उच्च माध्यमिक परीक्षार्थियों की टेस्ट परीक्षा का निर्देश दिया है, जिसे सभी स्कूलों को 30 नवंबर तक पूरा करना अनिवार्य होगा.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना
युवा शक्ति समाचार पत्र
उठावना का विज्ञापन
मात्र 1500 रुपये में
प्रकाशित करता है
(साइज 12X8)
सम्पर्क :
मो. : 9163215055, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email : yuvashakti@hotmail.com

## न्यूज़ कॉर्नर

### नाका चेकिंग अभियान चलाया गया



**कुल्टी :** रविवार की शाम 7 बजे के आस पास बंगाल झारखंड बॉर्डर मैथन चेक पोस्ट पर चुनाव को देखते हुए मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन के नेतृत्व में नाका चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था,वही बंगाल के तरफ से एक चार चक्का वाहन धनबाद जा रही थी,शंका होने पर पुलिस ने वाहन की तलाशी ली,तलाशी लेने पर 2 लाख रुपए वाहन से बरामद किए गए,फिलहाल पुलिस ने रुपया और वाहन को जब्त कर लिया है.और मामले की छानबीन कर रही है.आपको बताते चले कि झारखंड में चुनाव बहुत करीब है,जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है.लगातार हर चेक पोस्ट पर पुलिस नजर बनाए हुए है.हर गाड़ी की तलाशी ली जा रही है.पुलिस प्रशासन का उद्देश यही है कि चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से हो.किसी तरह की भी चुनाव में गड़बड़ी ना हो.कोई भी असामाजिक तत्वों के तरफ से घटना को अंजाम नहीं दिया जाए.जिसे लेकर प्रशासन पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रही है.

### टाटानगर स्टेशन पर 1.57 करोड़ रूपये की कीमती सोना-चांदी जब्त



**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए टाटानगर रेलवे स्टेशन पर नकद, मादक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र एवं बहुमूल्य सामानों की आवाजाही पर रोकथाम हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया. सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार, 26/27 अक्टूबर 2024 की रात 11.30 बजे से लेकर सुबह 03.10 बजे तक चक्रधरपुर मंडल के उडनदस्ता दल, आरपीएफ टीम, और सीआईबी टाटा की संयुक्त निगरानी में स्टेशन पर गश्त जारी रही. गश्त के दौरान, प्लेटफार्म नंबर 1 से एक व्यक्ति को संदिग्ध तरीके से पार्सल पैकेट लेकर बाहर निकलते देखा गया. पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विवेकानंद झा (उम्र 34) निवासी जुगसलाई, जिला पूर्वी सिंहभूम बताया. उसने पार्सल में सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के और बहुमूल्य सामान होने की बात कबूली, किंतु सामान के कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका. उक्त पैकेटों की तलाशी में निम्नलिखित बहुमूल्य वस्तुएं बरामद हुई:- सोना 1444.466 ग्राम, कीमत 1,14,11,346, चांदी 51000 ग्राम, कीमत 31,82,400, प्लेटिनम 99.63 ग्राम, कीमत 2,77,968, हीरा 4.9 ग्राम, कीमत 9,07,900 कुल बरामदगी मूल्य 1,57,79,614 आंका गया. उक्त सामानों को सुरक्षित रखरखाव के लिए जीआरपी टाटानगर के सुपुर्द कर दिया गया है.

### सिलीगुड़ी नगर पालिका के सभाकक्ष में हुई अर्बन लैंड डिस्ट्रीब्यूशन कमिटी की बैठक

**सिलीगुड़ी :** सोमवार को सिलीगुड़ी नगर निगम के मुख्य कक्ष में अर्बन लैंड डिस्ट्रीब्यूशन कमिटी की बैठक हुई. बैठक आज सिलीगुड़ी नगर पालिका में आयोजित की गयी थी. जहां सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव, डिप्टी मेयर रंजन सरकार समेत सिलीगुड़ी नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.मुख्य रूप से माटीगाड़ा में एनएच-31 पर 4/6 लेन सड़क निर्माण के कारण कई लोगों को अपनी जगह छोड़नी पड़ी है. मालूम हो कि इस सड़क को बनाने के लिए करीब 32 लोगों को अपनी जगह छोड़नी पड़ी है. अब सिलीगुड़ी नगर निगम द्वारा इनका पुनर्वास करने पर विचार किया जा रहा है. सोमवार को अर्बन लैंड डिस्ट्रीब्यूशन कमिटी की बैठक में इस मामले पर चर्चा की गई. सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव ने कहा कि अगले 5 दिनों में अंतिम चर्चा होगी.

### मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में दलाल चक्र रोकने के लिए चलाया गया विशेष अभियान

**कूचबिहार :** कूचबिहार एमजेएन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में दलाल गिरोह की रोकथाम के लिए कूचबिहार कोतवाली थाने की पुलिस के द्वारा आज विशेष अभियान चलाया. इस अभियान के दौरान कई लोगों को गिरफ्तार किया है. वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में दलालों का चक्र काफी बढ़ गया है, जिसके कारण अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और मरीजों के परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.इस दलाल चक्र के कारण न सिर्फ मरीजों और मरीजों के परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, बल्कि अस्पताल को भी बदनामी का सामना करना पड़ता है. इसलिए कूचबिहार एमजेएन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में कोई दलाल गिरोह न हो, इसे ध्यान में रखते हुए कूचबिहार कोतवाली थाने की पुलिस ने सोमवार को कूचबिहार एमजेएन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के बाहर विशेष अभियान चलाया और कई लोगों को गिरफ्तार किया.

### सिलीगुड़ी में प्रतिबंधित पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी:** दिवाली से पहले आशीघर चौकी की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. रविवार की रात गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सिलीगुड़ी मेट्रोपोलिटन पुलिस की आशीघर चौकी की पुलिस ने डाबग्राम नंबर 2 नंबर पूर्वी हटियाडांगा इलाके में एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद किये. पुलिस ने मौके से ऐसे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. आशीघर चौकी पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शख्स का नाम सुबोध अधिकारी है. बरामद प्रतिबंधित पटाखों का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 40,000 से 50,000 रुपये है. आरोपी को आज जलपाईगुड़ी कोर्ट में पेश किया गया. आशीघर चौकी की पुलिस ने यह तलाश शुरू कर दी है कि आरोपी ने ये प्रतिबंधित पटाखे कहां से जुटाए थे.

### मीनाक्षी मुखर्जी कीसोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराएगा आल इंडिया माइनोरिटी सेल

**सिलीगुड़ी :**डीवाईएफआई की राज्य महासचिव मीनाक्षी मुखर्जी की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवाद हो गया है. उस पोस्ट के खिलाफ आल इंडिया माइनोरिटी सेल मीनाक्षी मुखर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने जा रहा है. यह बात संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नसीर अहमद ने सोमवार को सिलीगुड़ी जर्नलिस्ट क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी.उन्होंने कहा कि फेसबुक पोस्ट मंत्री फिरहाद हकीम के खिलाफ है, जिनके खिलाफ संगठन ने कदम उठाया है. अगर मीनाक्षी मुखर्जी ने फिरहाद हकीम से माफी नहीं मांगी तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा. दरअसल मेयर फिरहाद हकीम को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट ने विवाद पैदा कर दिया है. इस पोस्ट के साथडीवाईएफआई नेता मीनाक्षी मुखर्जी की फोटो लगी हुई है.आरोप लगाया गया है कि यह पोस्ट सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास है, यह दावा खुद हकीम ने किया है. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मेयर ने कहा कि जानबूझकर अशांति फैलाने की मंशा से ऐसा किया गया है.

# चुनावी मूड में आरजेडी कार्यकर्ता रामबाबू सिंह

**आरा( युवा शक्ति दैनिक) :** गरीबों की सोचने वाला. जनता के हित की बात करने वाला. जमीन से जुड़ा हुआ. दिन- रात जनता के बीच रहने वाला. राजनीति में ऐसे लोगों की जरूरत है. आरजेडी कार्यकर्ता रामबाबू सिंह वैसे ही लोगों में से एक हैं. उन्होंने कई बार गांव के गंभीर मसले सुलझाए, बाढ पीडितों को मदद करने के लिए आगे आए. ग्रामीण और लोगों की समस्या को लेकर अधिकारियों के यहां चक्कर काटे. भोजपुर जिले के बडहरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि आज कल सेवा करने के नाम पर लोग सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि बन जाते हैं. उनका खुद का विकास शुरू हो जाता है. जनता सिर्फ जमीन पर ही रह जाती है. लेकिन रामबाबू सिंह एक ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता करता है जो लोगो के बीच मे रहते है और समय मदद करने के लिए तैयार रहते है! ग्रामीणो ने कहा कि उन्हें रामबाबू सिंह जैसे लोगों की जरूरत है.इन सबके बीच बिना किसी ताम- झाम और लाव लश्कर के चुनावी मैदान मे उतरने का मन बनाया है अगर पार्टी से टिकट मिले तो. रामबाबू सिंह का कहना है कि



बडहरा विधानसभा क्षेत्र के लाचारी को मिटाना है. इनका मुख्यधारा गांव में रहकर लोगों की समस्याओं का निदान करना इन्हें भाता है. बडहरा विधानसभा के समस्या का गहनता से अध्ययन कर चुके रामबाबू सिंह बताते हैं कि यहां के लोग वर्षों से राजनीतिक दलों के दावों के चक्कर में फंसे हुए हैं. खुद को लाचार महसूस करते हैं. क्षेत्र की मूल समस्या का कोई निदान नहीं होता है. कहा कि सर्व समाज के लिए योजना तय करने का काम जैसे- तैसे आधा अधूरा और एक पक्षीय होता है. एक तरफ सवर्ण समाज अगड़ा- जतिवाद और भाजपा-एनडीए के मोहजाल में फंसा होता है तो दूसरी ओर गरीब और पिछड़ा समाज बैकवर्ड पॉलिटिक्स और अन्य के महाजाल में फंसकर रह जाता है. इस महाजाल और मोहजाल दोनों को दिल से हटाए बिना समरस समाज अथवा रामराज्य की जमीनी हकीकत हासिल नहीं हो सकती. न समग्र समाज का साझा और संतुलित विकास सम्भव है. उन्होंने कहा कि वे एक समरस समाज के निर्माण और स्वच्छ राजनीतिक माहौल के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं. कहा कि जरूरतमंदों बेहतर खेती के लिए किसानों और ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर काम करते हैं. चुनाव को लेकर उनका अनुभव काफी वृहद है उन्होंने बडहरा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को कई जनहित के मुद्दे सरकार के संज्ञान में लाया है. गरीब और पिछड़ा समाज के लोगों की निजी समस्याओं के समाधान दिलाने का संकल्प लेकर चलते हैं. बडहरा विधानसभा में नयापन लाना और दुतरफा लाचारी हटाना ही उनका चुनावी मुद्दा है.

## कार की चपेट में आने से रिटायर्ड शिक्षक की मौत

**बहरमपुर (मुर्शिदाबाद) :** जूनियर डॉक्टर की कार की चपेट में आने से प्राथमिक विद्यालय के पूर्व शिक्षक की मौत हो गई. हादसा सोमवार सुबह मुर्शिदाबाद जिले के उदयचंदपुर इलाके में हुई. मृत व्यक्ति का नाम मंगल सरकार (65) है. आरोपित कार चालक का नाम अकरम सरकार है. वह पुरुलिया मेडिकल कॉलेज का छात्र है.सूत्रों के अनुसार, रोज की तरह सोमवार को भी मंगल सरकार प्रातःभ्रमण पर निकले. कांदी से बहरमपुर जाने के दौरान उदयचंदपुर इलाके में एक छोटी चारपहिया वाहन ने अनियंत्रित होकर मंगल सरकार को टक्कर मार दी, वे लहूलुहान होकर गिर पड़े. उन्हें तुरंत मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

# बरौनी रिफाइनरी में शपथ ग्रहण के साथ हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन

**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो) :** बरौनी रिफाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का शुभारंभ शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया. यह समारोह प्रशासनिक भवन के लॉन में आयोजित हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने की. सत्य प्रकाश ने कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाया जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को बल मिला. शपथ के बाद, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष, सीवीओ और रिफाइनरी निदेशक के संदेश क्रमशः जी आर के मूर्ति, एस जी वेंकटेश और एस के सरकार ने पढ़ा. महाप्रबंधक (सतर्कता) एन राजेश ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों का परिचय दिया. उन्होंने बताया कि पूरे सप्ताह में विद्यालयी छात्रों, गृहिणियों, डीजीआर,



सीआईएसएफ के कर्मियों और ठेका श्रमिकों के लिये नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर बनाना और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें जागरूकता और सहभागिता को प्रोत्साहित किया जायेगा.समुदाय में सतर्कता का संदेश पहुंचाने के लिये सत्य प्रकाश ने एक सतर्कता जागरूकता एलईडी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रथ निकटवर्ती गांवों में यात्रा करेगा, जिससे लोगों में सतर्कता और ईमानदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा.इन गतिविधियों के माध्यम से, बरौनी रिफाइनरी सतर्कता, पारदर्शिता और नैतिक आचरण की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है, जो सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) जी. आर. के. मूर्ति, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई) एस. जी. वेंकेटेश, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस के सरकार, महाप्रबंधक (सतर्कता) एन राजेश, अन्य महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक और कर्मचारी उपस्थित थे. इसकी जानकारी मीनाक्षी ठाकुर वरिष्ठ प्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार और कर्मचारी सेवाएं) बरौनी रिफाइनरी ने दी.

## मन बुद्धि और विवेक से संचालित होता है तब सत्कर्म होता है: स्वामी चिदात्मन जी महाराज



**सिमरिया धाम/ बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो):** राजकीय कल्पवास मेला सिमरिया धाम में सोमवार को सर्वमंगला सिद्धाश्रम में ज्ञान मंच से स्वामी चिदात्मन जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा पुराण के प्रवचन में कहा कि एकादशी ग्यारहवें इंद्रियों की साधना जिसमें पांच कामेंद्री पांच ज्ञानेंद्री ग्यारहवें में मन को कहा गया है, जो बंधन मोक्ष का कारण है. मन्एव मनुष्या नाम् कारनम् बंधनम् मोक्षत् जिससे मन की साधना होती है. जिसका मन बुद्धि और विवेक से संचालित होता है निश्चित तौर पर उससे सत्कर्म होता है. जब मन के द्वारा वह सब संचालित होता है तो इस व्यक्ति से गलत कर्म संचालित होता है. मतलब मन ही मनुष्य के बंधन मोक्ष का कारण है. इसमें बुद्धि और अहंकार यह दोनों सात्विक की अहंकार और अगर बुद्धि सात्विक की हो तो मन भी सात्विक कर्म में अधिक लगता है और तामसी हो तो मन तामसी कर्म में अधिक लगता है. अगर मन राजसी हो तो राजसी कर्म में अधिक लगता है. अगर मन आध्यात्मिक को आध्यात्मिक कर्म में अधिक लगता है. इसीलिये कहा गया है कि मनुष्य ही बंधन मोक्ष का कारण है. इसलिये एकादशी व्रत करने से ग्यारहवें इंद्रियों की साधना होती है. और मन उसके अनुकूल हो जाता है, संसार में उसे सारे सुख की प्राप्ति होती है.

## चार वर्षो से फरार कुख्यात सड़क लुटेरा गिरफ्तार

**नवादा :** नवादा जिले के पकरीबरमा के थाना अध्यक्ष अजय कुमार के सख्त कार्रवाई के बल पर 4 वर्षों से फरार जमुई जिले का रहने वाला कुख्यात सड़क लुटेरा उदय यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है. एसपी अभिनव धीमान के आदेश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत न्यायालय द्वारा निकाले गए कुर्की जब्ती के आदेश के आधार पर जमुई जिले के लछुआड़ थाने के लोसियानी गांव पहुंचकर कुख्यात सड़क लुटेरा बबलू कुमार तथा उदय यादव के घर की कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई . बबलू यादव के घर के सारे सामान कुर्क कर लिए गए .उसके बाद जैसे ही उदय यादव के घर की कुर्की की जाने लगी.उनके परिजन ने कहा कि उदय यादव हजारीबाग में है. उसे शीघ्र



आत्मसमर्पण करा देते हैं. कुछ ही देर बाद झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना के प्रभारी का फोन आया कि पकरीबरामां थाना कांड संख्या 266/ 20 के अभियुक्त उदय यादव आत्म समर्पण कर दिया है .एसपी के आदेश पर थाना प्रभारी अजय कुमार ने हजारीबाग के गिद्दी थाना पहुंचकर कुख्यात लुटेरा उदय यादव को हिरासत में लेकर नवादा पहुंच गए हैं.

थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कुर्की करने गए पुलिस दविश के कारण कुख्यात लुटेरा ने आत्म समर्पण किया है. उन्होंने कहा कि सभी अपराधियों को जल्द ही हवालात में पहुंचा दिए जाएंगे .उदय यादव तथा बबलू यादव 2020 में ही नवादा के पकरीबरमा में सड़क लूट के मामले में अभियुक्त बना था. दोनों के विरुद्ध बिहार- झारखंड के कई जिलों में आपराधिक मामले दर्ज किया जा चुके हैं. कुख्यात लुटेरे की गिरफ्तारी से इलाके में खुशी की लहर देखी जा रही है.

## ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**कूचबिहार :** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. यह दुखद घटना रविवार रात माथाभांगा के खातेरबारी इलाके में घटी. मालूम हो कि मृत युवक का नाम सुरजीत शील है, उसका घर शीतलकूची ब्लॉक के जटामारी इलाके में है. पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह कल रात दुकान से निकला था, उसके बाद से सुरजीत का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद उन्हें पता चला कि उसका शव माथाभांगा में रेलवे लाइन के किनारे पड़ा है ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, हालांकि परिवार वालों को समझ नहीं आ रहा है कि वह माथाभांगा क्यों आए थे. पुलिस ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए माथाभांगा मुर्दाघर भेज दिया गया है

## जलपाईगुड़ी में काली पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को होंगे भूत-प्रेत के दर्शन



**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी में काली पूजा के दौरान पूजा घूमते समय रहें सावधान, क्योंकि यहां आपको जीवित डरावने भूत-प्रेतों के दर्शन हो सकते है. हमारा कैमरे में भी जीवित भूत कैद हुए, हालांकि जो डरते नहीं हैं उनके लिए ये भूत रोमांचकारी हो सकते है. काली पूजा पर जलपाईगुड़ी शहर और आसपास के इलाकों में पूजा समितियों के द्वारा अलग अलग थीम पर पूजा आयोजित किया जा रहा है. जलपाईगुड़ी शहर के नेताजीपाड़ा, महामायापाड़ा, भगत सिंह कॉलोनी, शहर से सटे इंदिरा गांधी कॉलोनी शीतला मंदिर, गौशाला मोर, सघाटी संघ और पाठागार काली पूजा के दूसरे वर्ष के विशेष आकर्षण भूत हैं. दिन रात तैयारियां चल रही हैं. काली पूजा में भूत महल बनाया गया है वहीं, युवा शक्ति स्पोर्टिंग क्लब काली पूजा समिति इंजीनियरिंग कॉलेज के इस पूजा मंडप में महा श्मशान देखा जा सकता है.शहर के निवासी इकट्ठे होते हैं और श्यामा पूजा के बारे में बात करते हैं, इसलिए हर साल उनके पास एक विशेष थीम होती है जो लोगों को डराती है और खुशी देती है. इस वर्ष उनकी थीम भूत महल है जहां वे शवों को काटने से लेकर विभिन्न विषयों का दृश्य प्रस्तुत करेंगे.

एक शब्द में कहा जा सकता है कि जलपाईगुड़ी में काली पूजा से सावधान रहें. जीवित भूत-प्रेत और काली घूमेंगे.

## सरकारी बस हुई दुर्घटना की शिकार

**जलपाईगुड़ी :** सोमवार सुबह 7 बजे जलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग गोसाला मोड़ पर एक सरकारी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. आधिकारिक सूत्रों से पता चला है कि कई बस यात्री घायल हुए हैं. सूचना मिलते ही पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंचीं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार में सरकारी बस ने ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन किया और नियंत्रण खो बैठी और लॉरी से टकरा गई. लॉरी तो भाग गई लेकिन बस ट्रैफिक सिग्नल पर रुक गई. धक्का जोरदार होने के कारण बस का शीशा टूटकर यात्रियों पर गिरा . प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि कई लोग घायल हुए हैं.

## जीवन भर नवादा वासियो की करता रहूंगा सेवा : चन्दन सिंह

**नवादा :** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ कृष्णा सिंह की कर्म क्षेत्र नरहट थाने के झिकरुआ गांव में पैक्स अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तथा वारसलीगंज थाने के अपसढ़ गांव के राजीव नयन सिंह के यहां सोमवार को पूर्व सांसद चंदन सिंह पहुंचे . वहां सैकड़ो ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया. वे दोनों गांव में श्राद्ध कर्म में हिस्सा लेने के बाद में ग्रामीणों की सुधि ले रहे थे. इस मौके पर सांसद चंदन सिंह ने कहा कि जीवन भर नवादा संसदीय क्षेत्र के लोगों की सेवा करता रहूंगा .सांसद ने कहा कि नवादा संसदीय क्षेत्र के लोग मेरी धड़कनों में बसते हैं. इसलिए उनके सुख-दुख में साथ निभाना मेरा फर्ज है. उन्होंने कहा कि एक माता थी जिसने मुझे जन्म दिया .जिससे मैं संसार को देखा. लेकिन नवादा वासियों ने मुझे लोकसभा भेजकर भारत माता का दर्शन कराया .उन्होंने कहा कि कोई खास परिस्थितियों रही जिस कारण मैं दोबारा नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ सका. लेकिन राजनीति में सब कुछ होता है. धोखा जीवन का सबसे बड़ा सबक है .इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मैं लगातार नवादा वासियों से जुड़ा हुआ हूं. पूरे जीवन नवादा वासियों की खिदमत करता रहूंगा .सांसद चंदन सिंह ने कहा कि नवादा वासियों ने जो प्यार दिया, उसे जीवन में कभी भी भूला नहीं जा सकता है .उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विकसित भारत के सपनों को सदा सरकार करता रहूंगा . इसके लिए आप सब मेरे साथ चलते रहेंगे . उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ ही राजग कार्यकर्ता भी उपस्थित थे .जिन्होंने सांसद चंदन सिंह के विनम्र व्यवहार ,ईमानदारी व की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिए.नवादा के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहने की बात कही.समाजसेवी मनोज सिंह के बुलावे पर नवादा समाहरणालय के सामने भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए. जहां लोजपा युवा नेता राजा बाबू, जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ,पहले से मौजूद सरदार अखिलेश सिंह, पूर्व मुखिया अंजनी सिंह सहित दर्जनों समाजसेवियों ने उनका भव्य स्वागत किया. ग्रामीण उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया .

## एनटीपीसी बरौनी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम हुआ आरंभ



**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो) :** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, एनटीपीसी बरौनी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया. परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी.इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी कर्मचारियों और आम जनता को आयोग के भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों के प्रति जागरूक और प्रेरित करना है, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और पारदर्शिता लाया जा सके. जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत अधिक से अधिक स्टेक्होल्डर को इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा. इसी के मद्देनजर सरकारी कांति पार्वती +2 स्कूल, महना में साइबर सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी.इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गयी. मध्य विद्यालय बीहट में भाषण प्रतियोगिता और उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय विष्णुपुर चांद में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी. आगे भी 'भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें' थीम के साथ सप्ताह भर दिनांक 28.10.2024 से 03.11.2024 तक विभिन्न कार्यक्रम जैसे वॉकथॉन, निबंध प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, स्लोगन आदि का आयोजन किया जायेगा. इसकी जानकारी उमेश निगम अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन विभाग एनटीपीसी बरौनी ने सोमवार को दी.

# सर्विस वोटर का पोस्टल बैलेट ससमय प्राप्त करने को लेकर डाक विभाग के साथ हुई बैठक में डीसी ने दिए दिशा-निर्देश

**जमशेदपुर :** विधानसभा चुनाव को लेकर सर्विस वोटर का पोस्टल बैलेट ससमय जिला प्रशासन को प्राप्त हो इस बाबत जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव व कोषांग के अन्य पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में सर्विस वोटर के मतदान के पश्चात पोस्टल बैलेट (इटीपीबीएस ) डाक से सादे लिफाफे में प्राप्त होना है,



इन डाक को सावधानी पूर्वक सुरक्षित प्राप्त कर पोस्टल बैलेट स्ट्रॉन्ग रूम में वीडियोग्राफी कराते हुए जमा किया जाएगा. उन्होने बताया कि अभ्यर्थिता वापसी से मतगणना की तिथि तक प्रत्येक दिन तीन बजे तक पोस्टल बैलेट जमा होना है, इसके लिए संबंधित आरओ से समन्वय बनाकर जमा करायें.

पोस्टल बैलेट जमा करने के क्रम में राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और विधानसभा उम्मीदवार या प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं. इसके लिए निदेश दिया गया कि चिन्हित कर डेडिकेटेड डाकिया उपलब्ध करायें, मतगणना से पूर्व तक उद्योग केन्द्र स्थित पोस्टल बैलेट स्ट्रॉन्ग रूम में इटीपीबीएस जमा किए जाएंगे, मतगणना के दिन सुबह 07.59 बजे तक प्राप्त इटीपीबीएस को-ऑपरेटिव कॉलेज में प्राप्ति स्वीकार किया जाएगा. डाक विभाग को नोडल डाकघर तथा डाकिया चिन्हित करने का निर्देश दिया गया ताकि सुगमता से सर्विस वोटर का इटीपीबीएस ससमय जमा लिया जा सके. डाकघर को पोस्टल बैलेट हेतु प्रतिनियुक्त डेडिकेटेड एआरओ का विवरण उपलब्ध कराने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया.

## न्यूज कॉर्नर

### रोहित यादव ने समाहरणालय में किया नॉमिनेशन



**धनबाद :** बाघमारा के कद्दावर नेता रोहित यादव के नॉमिनेशन में समर्थकों और कार्यकर्ताओं का उमडा जन सैलाब वही मीडिया से को बताया कि . इस चुनाव में हमारी पहली प्राथमिकता बेरोजगारी को दूर करना एवं बाघमारा क्षेत्र में युवाओं क लिए नौकरियों की व्यवस्था एवं. गुंडागर्दी खत्म करना हर वर्ग को साथ लेकर चलना हैं . और आने वाले 5 वर्षों में बाघमारा विधानसभा का विकास करना यादव ने कहा कि आज बाघमारा विधानसभा की स्थिति जर्जर है आए दिन घटनाएं दुर्घटनाएं होती रहती है समस्याओं की अंबार लगी हुई है. और खासकर हमारे माता बहने इस समाज में सुरक्षित रहे . और छात्र-छात्राएं को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है इस बार बाघमारा विधानसभा मैं जनता का अपार समर्थन है.

### झारखंड विधानसभा चुनाव : स्टीफन ने महेशपुर तो हेमलाल ने लिट्टीपाड़ा से किया नामांकन



**पाकुड़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो के प्रत्याशियों ने 28 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं. हेमलाल मुर्मू ने 04-लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा) विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया. दूसरी ओर, स्टीफन मरांडी ने 06-महेशपुर (अ0ज0जा0) विधानसभा के लिए नामांकन किया. दोनों उम्मीदवारों ने चुनावी तैयारियों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है. राज्य में चुनावी गतिविधियां तेज़ हो गई हैं, और विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं.

### रक्तदान शिविर का आयोजन




**साहिबगंज :** साहिबगंज सदर अस्पताल परिसर में सोमवार को रक्तदान महा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रक्त अधिकोष में आये दिन रक्त की कमी काफी चिंता जनक रही.जिसके कारण मरीजों एवं उसके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था.यह रक्त अधिकोष एवं मरीजों के लिए काफी चिंता का विषय रहा,हालांकि आए दिन वक़्त वक़्त पर मरीजों की रक्तापूर्ति ब्लड डोनेशन के द्वारा हर संभव पूर्ण की जा रही थी. परंतु ब्लड बैंक में रक्त की संख्या शून्य होने पर ब्लड डोनेशन ने अपना एक कदम रक्त अधिकोष की रक्त यूनिट संख्या को बढ़ाने को लेकर सदर अस्पताल में रक्तदान महा अभियान शिविर लगा कर कुल 23 सदस्यों से रक्तदान करवाया और रक्त अधिकोष में रक्त यूनिट की संख्या में बढ़ोतरी की.ब्लड डोनेशन एनएसएस,के इस कदम ने समाज के काफी लोगो को प्रेरित किया है और समाज मे रक्त दान से जुड़े हर भ्रम को दूर करने की कोशिश की.जानकारी के लिए बता दें कि रक्तदाताओं में शामिल डीएस डॉक्टर मोहन मुर्मू,डॉक्टर मुकेश कुमार,डॉक्टर अलीबुद्दीन अंसारी,डॉक्टर भारती कुमारी,ब्लड बैंक क्लर्क प्रवीण सक्सेना,स्टोर कीपर विष्णु कुमार साह,एलटी गुड़िया कुमारी,पत्रकार अमित कुमार,अन्य लोग मौजूद थे.

### सुमन ट्रेनिंग का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा किया गया

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार हॉल में सोमवार को स्वास्थ विभाग की ओर से सुमन ट्रेनिंग का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य मातृत्व मृत्यु दर तथा नव जात शिशु के मृत्यु दर में कमी लाया जाए एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रजनन स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराई जा सके. मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर अमित कुमार एवं डॉक्टर राजेश कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.जिसमें सभी स्वास्थ्य विभाग के तीन एएनएम,जीएनएम,तथा एक चिकित्सा पदाधिकारी भाग लिया.इस मौके डीडीएम अमित कुमार कच्छप,बीपीएम,हिना गौरव वर्णवाल,डीपीसी,संदीप कुमार,डॉक्टर पीतांबर कुमार,डॉक्टर स्नेहा यादव,डॉक्टर दिलीप कुमार,आशित कुमार,रोहित कुमार, गोंड, चिन्मय शेन शुभेंग, डीपीएम यू राजीव कुमार,ओर अन्य लोग मौजूद थे.

### पुलिस प्रेक्षक का आगमन



**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव- 2024 के मद्देनजर पुलिस प्रेक्षक बढूंगा देवा पॉलसन, (ईपीएस) का जिले के नया परिसदन भवन में आगमन हुआ.जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देखकर उनका स्वागत किया. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव -2024 के परिप्रेक्ष्य 01-राजमहल, 02- बोरियों (अ0ज0जा0), 03 -बरहेट (अ0ज0जा0) विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पुलिस प्रेक्षक के रूप में बढूंगा देवा पॉलसन, (ईपीएस) की प्रतिनियुक्ति की गई है.

### लोयोला स्कूल ने दीया सजावट, रंगोली और मोमबत्ती बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की

**जमशेदपुर :** टेल्को में लोयोला स्कूल के आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब ने दीया सजावट, रंगोली और मोमबत्ती बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें छात्रों की कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया गया. दीया सजावट प्रतियोगिता में, छात्रों ने जटिल डिजाइनों के साथ रंगीन दीयों को सजाकर अपने कौशल को बढ़ाया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में 57 छात्रों ने जीवंत, आकर्षक रंगोली पैटर्न बनाए. मोमबत्ती बनाने की प्रतियोगिता में छात्रों ने रचनात्मक रूप से एलईडी बल्ब, बटन सेल और स्विच जैसे इलेक्ट्रॉनिक घटकों को एकीकृत करके अभिनव, रंगीन मोमबत्तियाँ बनाईं. जजों के एक पैनल ने रचनात्मकता, तकनीक और प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया.

# हेमंत सरकार ने संथाल परगना को किया घुसपैठियों के हवाले: हिमंता बिस्वा सरमा

**दुमका :** भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को नामांकन सभा को संबोधित करते हुए संथाल परगना की डेमोग्राफिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई. साथ ही कहा कि हेमंत सरकार ने संथाल परगना को घुसपैठियों के हवाले कर दिया है.सरमा ने कहा कि आदिवासी छात्राओं पर भी अत्याचार हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब मैं एक आदिवासी छात्रावास गया, तो वहां की छात्राओं ने बताया कि पुलिस और घुसपैठियों की मिलीभगत से उनके साथ मारपीट की गई. उन्होंने गायबथान से जुड़े मुद्दे पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि वे लगातार उत्पीड़न का सामना कर रही हैं. साथ ही कहा कि असम में जो घुसपैठ करने की कोशिश करता है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाता है लेकिन आज झारखंड में घुसपैठिए संथाल में आते हैं और आदिवासी बेटियों को फंसाकर शादी कर लेते हैं. फिर मुखिया का चुनाव लड़ते हैं और जो घुसपैठ करता है वह मुखिया बन जाता है. इसपर हेमंत सोरेन कुछ नहीं करते हैं. क्योंकि, उनको वोट का लालच है.



**भाजपा यह विधानसभा चुनाव आदिवासी समाज की अस्मिता के लिए लड़ रही**

सरमा ने कहा कि देखते-देखते संथाल में घुसपैठिए 20 प्रतिशत हो गए हैं. झारखंड में भाजपा यह विधानसभा चुनाव आदिवासी समाज की अस्मिता के लिए लड़ रही हैं. हमारे हिंदू-मुसलमान जो मूल समाज है, जो भारतीय समाज है उनके लिए यह चुनाव लड़ी जा रही है. झारखंड में जब भाजपा की सरकार बनेगी, हमलोग कानून के रास्ते से घुसपैठिए को लात मारकर बाहर निकालेंगे. यह चुनाव संथाल परगना को घुसपैठिए से मुक्त दिलाने के लिए लड़ रहे हैं. यह लड़ाई तब तक लड़ते रहेंगे जब तक एक-एक घुसपैठिए को भी संथाल से बाहर न कर दें.

**भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ किसी को खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी**सरमा ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही जो भी लोग जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक करवाने का काम किए हैं. चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो उसे लात मार मार कर जेल में बंद करने का काम करेंगे. भाजपा युवा साथी के भविष्य के साथ किसी को खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी. झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में सीजीएल परीक्षा कैंसल करेंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है कि दो माह के अंदर निष्पक्ष सीजीएल परीक्षा करवाई जाएगी.

### 27 अक्टूबर तक मिलीं 12 शिकायतें

**पाकुड़:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि 15 अक्टूबर को आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं. 27 अक्टूबर तक पाकुड़ जिले से इस एप के माध्यम से कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई है. इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है.जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने जिले के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं. इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा. इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा. शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी.

# झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा भाजपा राज्य का विकास होने नहीं देना चाहती

### सांसद विजय हांसदा, महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना

**महेशपुर (पाकुड़):** झामुमो सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है. राज्य में भाजपा के डबल इंजन सरकार ने जो आज तक नहीं कर पाई. वो हेमंत दादा ने करके दिखाया है. प्रखंड के सीलमपुर मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा. वे महेशपुर विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी स्टीफन मरांडी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थी. उन्होंने कहा कि 2019 में जिस तरह लोगों ने भाजपा के डबल इंजन सरकार को राज्य से बेदखल कर झमोमों को राज्य का कमान सौपा था. उसमें हेमंत सोरेन खड़े उतरे हैं. दो साल कोरोना के कारण कोई भी कार्य नहीं हो पाया था. जबकि भाजपा ने झूठे आरोप में पांच माह के लिए हेमंत सोरेन को जेल भेज



दिया. भाजपा राज्य का विकास करना नहीं चाहती है. और न ही राज्य का विकास होने देना चाहती है. भाजपा के डबल इंजन सरकार के समय. राज्य के सरकारी स्कूलों को बंद करवा दिया गया. गरीबों के आवास योजना का राशि भाजपा शासित राज्य में भेजती थी. डबल इंजन की सरकार ने हरा राशन कार्ड को काटने का काम किया. सरकारी हाटों को भी बंद करवा दिया. गरीबों के राशन कार्ड से लाभुकों का नाम डिलीट करवाने का काम किया. जैसे ही हेमंत सरकार आता है, राशन कार्ड से लोगों का नाम जुड़वाने का काम किया. आज हेमंत सोरेन को देखकर भाजपा एवं उनके सहयोगी दल डरे हुए हैं, उन लोगों का डर जायज है. क्योंकि उन लोगों ने सोचा था कि हेमंत सोरेन को जेल में डालकर झारखंड को बर्बाद करेंगे. परंतु हेमंत सोरेन जेल से निकलते ही राज्य के विकास योजना में पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर दिया. हेमंत सरकार ने न सिर्फ मईया सम्मान योजना का सौगात दिया. बल्कि बिजली बिल माफी, अभुवा आवास योजना के अलावे अन्य योजना का लाभ लोगों को दिया गया है. उन्होंने अपने संबोधन में एक ही नारा हेमंत सोरेन दोबारा का नारा देते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया. जनसभा के दौरान दूसरे पार्टी के लगभग 500 कार्यकर्ताओं ने झामुमो का दामन थामा. उक्त जनसभा को सांसद विजय हांसदा, स्टीफन मरांडी, श्याम यादव, युवा नेत्री उपासना मरांडी, जिला परिषद अध्यक्ष, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष के अलावे अन्य ने भी संबोधित किया. उक्त जनसभा में केंद्रीय समिति सदस्य पिंकू शेख, प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां, उपाध्यक्ष कलाम अंसारी, जेम्स सुशील हेम्ब्रम के अलावे अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### वाहन जांच एवं विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक कुल 5.1576 करोड़ रूपए जब्त

**नकदी सहित वर्जित सामान किये जा रहे जब्त, पारदर्शी चुनाव के लिए की जा रही कड़ी निगरानी : उपायुक्त**



**पाकुड़:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा देर रात तक लगातार किया जा रहा चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला अंतर्गत गठित एफएसटी एवं एसएसटी सक्रियता से कार्य कर रही है. शहर के अंदर के चेकनाकों के अलावा अन्तर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाका पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से जांच की जा रही है. वाहन जांच के क्रम में अबतक कुल 38.5524 लाख रूपए जब्त किये गये हैं तथा विभिन्न एजेंसियों के द्वारा अबतक 5.1576 करोड़ रूपए जब्त किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा दो-पहिया, चार पहिया, मालवाहक, वीआइपी वाहन एवं अन्य सभी वाहनों की सघनता से जांच के निर्देश दिए हैं. जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार की वस्तु का अवैध परिचालन नहीं हो सके एवं किसी भी प्रकार से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके, इसके मद्देनजर 247 सभी चेकनाका सक्रिय हैं तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा सघनता से सभी वाहनों की जांच की जा रही है. पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. चेकपोस्टों पर लगातार वाहनों की जांच की जा रही हैं और किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं. पाकुड़ पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे चुनाव के दौरान शांति बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें.

# काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**साहिबगंज :** काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर सोमवार को जिरवाबाड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की. इस दौरान शांति समिति सदस्यों ने सौहार्द पूर्ण काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा मानने में एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही. वहीं एसडीपीओ ने कहा कि किसी प्रकार का किसी भी धर्म या समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. किसी प्रकार का अफवाह सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से फैलाने की कोशिश करने वालों व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास



करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी. उन्होंने बताया कि निर्धारित समय पर विसर्जन शांतिपूर्वक तरीके से करने की सहमति पूजा समितियों ने जताई है. उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों व हर चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती रहेगी. सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से नजर रखी जायेगी. वहीं पंडालों अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी. कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार डीजे पर प्रतिबंध रहेगा. आदेश नहीं मानने पर लाउडस्पीकर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी. मौके पर थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे.

### एसडीपीआई प्रत्याशी ने किया नॉमिनेशन

**पाकुड़:** एसडीपीआई प्रत्याशी मोहम्मद हंजेला शेख ने आज 05 पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नॉमिनेशन दाखिल किया. मौके पर उपस्थित थे एसडीपीआई प्रदेश सचिव हबीबुर रहमान, जिला महासचिव अधिवक्ता अब्दुल हन्नान,जिला अध्यक्ष अमीर हमजा,जिला कमिटी सदस्य सह मीडिया प्रभारी अधिवक्ता हक साहेब, प्रखंड अध्यक्ष अहेदुल शेख, विधानसभा कमिटी अध्यक्ष मोसा शेख, महासचिव मंजर शेख,जिला उपाध्यक्ष ओबेदुर रहमान तथा हजारों कार्यकर्ता.एसडीपीआई करियर के लिए नहीं लोगों के लिए राजनीति करती है.

### चेक नाका में पकड़ी गई चार लाख छियासठ हजार पांच सौ रुपये



**बरहरवा :** प्रखंड सोमवार को शाम को बंगाल झारखंड सीमा पर स्थित महतापुर चेक नाका में एस एस टी के दंडाधिकारी सुल्तान अहमद की मौजूदगी में पुलिस ने चार लाख छियासठ हजार पांचसौ रुपये जप्त किया है.जानकारी देते हुए चेक नाका पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी सुल्तान अहमद ने बताया कि चुनाव को लेकर नियमित रूप से वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान फरक्का की ओर से आ रही एक पिकअप संख्यागक19त्र/7704 को रोक कर जब तलाशी ली गई तो उसे पर लदे हुए बीड़ी के पत्ता के अंदर से चार लाख छियासठ हजार पांचसौ रुपये बरामद हुई.रुपया के बारे में जब गाड़ी के चालक से पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तब पैसे को जप्त कर इसकी सूचना बरहरवा थाना प्रभारी समेत कुमार सिंह जिला कंट्रोल रूम एवं फ्लाइंग दस्त के अधिकारी को दे दी गई है.इसके बाद जप्त की गई राशि तथा पिकअप को जप्त कर बरहरवा थाना पुलिस को सौंप दिया गया है.जप्त की गई राशि के संबंध में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.इस मौके पर बरहरवा थाना के अवर निरीक्षक राजनाथ शाह एवं सिदाम रविदास के अलावे पुलिस वालों के जवान भी मौजूद थे.मालूम हो कि आज से 3 दिन पूर्व में भी चेकिंग के दौरान इसी चेक नाका पर बरहरवा पुलिस ने दो लाख रुपए के साथ एक पिकअप को जप्त किया था बरहरवा पुलिस किया दूसरी कामयाबी है.

# मोहब्बत की दुकान में नफरत का सौदा : शिवराज

**गिरिडीह :** केन्द्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को गिरिडीह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहबादी और देवघर विधानसभा से उम्मीदवार नारायण दास के नामांकन जनसभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के रहते झारखंड कभी भी सुखी नहीं रह सकता है.

शिवराज ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार में आज झारखंड की क्या हालत हो गई है. यहां हर दिन बहनें अपमानित की जा रहीं हैं. बहनों का सम्मान सुरक्षित नहीं है. राहुल गांधी कहते हैं कि मैं मोहब्बत की दुकान चलाता हूं और झारखंड में उनकी मोहब्बत की दुकान इरफान अंसारी चला रहे हैं. ये क्या मोहब्बत की दुकान चलाएंगे. बहन-बेटियों का अपमान करने वाले असल में नफरत के सौदागर हैं. शिवराज ने कहा कि अभी सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने अपमानित करने का काम किया है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप्पी साधे बैठे हैं.**झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं,**शिवराज ने कहा कि झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं. विदेशी घुसपैठिए आ रहे हैं. क्योंकि, वो इनके वोट बैंक है. ये चुनाव केवल किसी सत्ता के स्वर्ण सिंहासन पर बैठने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव झारखंड की धरती को बचाने का चुनाव है. संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 44 प्रतिशत थी लेकिन अब केवल 28 प्रतिशत रह गई है. यहां कौन आकर बस गया है? कब तक सोते रहोगे? याद रखना ये बेईमान सरकार फिर से आ गई तो पांच साल में झारखंड को पूरी तरह तबाह और बर्बाद कर देगी. झारखंड में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही रोटी, माटी, बेटी को सुरक्षित करेगी. ये भाजपा का संकल्प है.**पांच साल में एक वादा पूरा नहीं किया,**शिवराज ने कहा कि हेमंत सोरेन ने पांच साल में एक वादा पूरा नहीं किया. चार साल 10 महीने कुछ नहीं दिया और चुनाव आते ही बहनों के खाते में एक हजार रुपये डाल दिए जबकि जेएमएम ने बहनों से वादा किया था कि उन्हें प्रति माह चूल्हा खर्च के लिए 2 हजार रुपये की राशि दी जाएगी. इस हिसाब से एक साल के 24 हजार रुपये होते है. पांच साल के 01 लाख 20 हजार रुपये बहनों के खातों में आना चाहिए थे लेकिन आए केवल 2 हजार. पहले हेमंत सोरेन पूरी राशि बहनों के खाते में डालें.

# विधानसभा चुनाव 2024:39 प्रत्याशियों ने किया नॉमिनेशन,13 ने लिए नामांकन पत्र

**धनबाद:**सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिए सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा के लिए 39 प्रत्याशियों ने नामांकन किया.38 सिंदरी विधानसभा के कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन के चंद्रदेव महतो एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के हीरालाल शंखवार ने निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया.39 निरसा के लिए भारतीय जनता पार्टी की अपर्णा सेनगुप्ता, निर्दलीय उम्मीदवार श्री प्रदीप कुमार मंडल, निर्दलीय उम्मीदवार मालू रविदास, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के उमेश गोस्वामी एवं बहुजन समाज पार्टी के रंजीत बाउरी ने निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया.40 धनबाद विधानसभा के लिए निर्दलीय उम्मीदवार अखिलेश्वर महतो उर्फ अर्जुन महतो, समता पार्टी के के.सी. सिंह राज, निर्दलीय उम्मीदवार लक्ष्मी देवी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के गुड्डू कुमार धारी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सपन कुमार मोदक, निर्दलीय उम्मीदवार कुणाल कुमार, बहुजन समाज पार्टी की अनवरी खातून, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के सत्येंद्र कुमार महतो एवं निर्दलीय उम्मीदवार विशाल बाल्मीकि ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया.41 झरिया विधानसभा से निर्दलीय



उम्मीदवार सूरज सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार सुनील कुमार गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी की रागिनी सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार लुकमान अंसारी, निर्दलीय उम्मीदवार इंद्रजीत सिंह, राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा के मो जहिरूद्दीन खान, भारत जोड़ो पार्टी की शहजादी खातून एवं निर्दलीय उम्मीदवार सोनू कुमार वाल्मीकि ने निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया.

42 टुंडी विधानसभा के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के मोतीलाल महतो, निर्दलीय उम्मीदवार कमल प्रसाद, समाजवादी पार्टी के अजमुल अंसारी, निर्दलीय उम्मीदवार कलावती देवी, निर्दलीय उम्मीदवार दीप नारायण सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार कंचन देवी, निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू कुमार निषाद, निर्दलीय उम्मीदवार महेश चंद्र दास, निर्दलीय उम्मीदवार मोतीलाल किस्कू, निर्दलीय उम्मीदवार देवीलाल किस्कू तथा निर्दलीय उम्मीदवार प्रियतोष कुमार पाठक ने निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया.

43 बाघमारा विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी के शत्रुघ्न महतो, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जलेश्वर महतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के दीपक कुमार रवानी, समाजवादी पार्टी के सूरज महतो तथा निर्दलीय उम्मीदवार रोहित यादव एवं विशाल वाल्मीकि ने निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया.

वहीं विधानसभा चुनाव 2024 लिए सोमवार को 13 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र खरीदे.

जिसमें 38 सिंदरी के लिए एक, 39 निरसा के लिए 2, 40 धनबाद के लिए 5, 42 टुंडी के लिए 4 एवं 43 बाघमारा विधानसभा के लिए एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा.

## विस में कैग रिपोर्ट पेश करने को लेकर भाजपा विधायकों की याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों की उस याचिका को 29 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने पर सोमवार को सहमत हो गया जिसमें दिल्ली सरकार को शराब शुल्क, प्रदूषण और वित्त संबंधी कैग की 12 रिपोर्ट उपराज्यपाल को भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि उन्हें विधानसभा के समक्ष पेश किया जा सके. याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए एक वरिष्ठ वकील ने याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष उसका उल्लेख किया. पीठ ने कहा, 'कल के लिए.' दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने अन्य भाजपा विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल कुमार बाजपेयी और जितेंद्र महाजन के साथ मिलकर शनिवार को याचिका दायर की थी. याचिका में दावा किया गया है कि 2017-2018 से 2021-2022 तक की कैग रिपोर्ट मुख्यमंत्री आतिशी के पास लंबित हैं और उपराज्यपाल के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद दस्तावेज विधानसभा में पेश करने के लिए उनके पास नहीं भेजे गए हैं. आतिशी के पास वित्त विभाग भी है. अधिवक्ताओं नीरज और सत्य रंजन स्वैन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि पूर्व में भाजपा विधायकों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और विधानसभा अध्यक्ष से संपर्क किया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई. इसमें कहा गया है, महत्वपूर्ण जानकारी को जानबूझकर दबाना न केवल लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उल्लंघन है बल्कि सरकारी कार्रवाई और व्यय की उचित जांच को भी रोकता है जिससे सरकार के वित्तीय स्वामित्व, पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठते हैं.

# जम्मू के बट्टल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर



**जम्मू :** जिले के उपजिला अखनूर के बट्टल में सोमवार को आतंकियों ने सेना की एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया. क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान फिलहाल जारी रखा है.

जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब सात बजे तीन आतंकवादियों ने सेना की एक एंबुलेस पर हमला किया. अखनूर के बट्टल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाकर बैठे तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की. इसके बाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ. तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें तीन आतंकियों को मार गिराया गया है. आतंकियों के शवों के साथ हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किया गया है.

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के अखनूर सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में बने एक शिव मंदिर में आतंकियों ने रात के अंधेरे में शरण ली थी. तीनों आतंगी सेना की वर्दी में थे और हथियारों से लैस थे. ऐसा माना जा रहा है कि आतंकी सीमापार से घुसपैठ कर भारतीय सीमा में घुसे थे. सोमवार सुबह 06:30 बजे के करीब गांव के तीन बच्चे जब रोज की तरह शिव मंदिर में मत्था टेक कर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे तो मंदिर में छुपे आतंकियों ने उन्हें रोक लिया.

आतंकियों ने बच्चों से फोन मांगा तो बच्चों ने इंकार कर दिया. उन्होंने कहा कि उनके पास मोबाइल फोन नहीं है, जिस पर आतंकियों ने उनसे मारपीट की. इसके बाद एक ने उन पर बंदूक तान दी और उन्हें मंदिर से भाग जाने को कहा. इन तीनों आंतकवादियों को ट्यूशन सेंटर चला रहे एक मास्टर ने भी देखा. उसने बताया कि वह मंदिर के गेट पर था. जब उसने आतंकियों को देखा तो वह वापस चला गया.

## चीन और भारत के बीच सीमा समझौता द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक कदम: रूसी राजदूत



**नई दिल्ली:** भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने सीमा मुद्दे पर हुए चीन-भारत समझौते को द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में सोमवार को सकारात्मक कदम बताया और कजान में संपन्न 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक का स्वागत किया. अलीपोव ने कहा कि रूस के कजान शहर में हाल में संपन्न हुआ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पूर्णतः सफल रहा तथा यह कोई विशिष्ट नहीं बल्कि समावेशी मंच है. अलीपोव ने यहां संवाददाताओं से कहा, ब्रिक्स पश्चिम विरोधी नहीं बल्कि गैर-पश्चिम देशों का समूह है. उन्होंने सीमा मुद्दे पर हुए चीन-भारत समझौते के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा, यह भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में एक सकारात्मक प्रगति है.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने को लेकर हुए भारत-चीन समझौते का 23 अक्टूबर को समर्थन किया था. मोदी और शी के बीच हुई बैठक के बारे में पूछे जाने पर भारत में रूसी राजदूत ने कहा, हमने इसमें कोई भूमिका नहीं निभाई है, लेकिन हमें खुशी है कि यह कजान में हुई. उन्होंने कहा, हम इस बैठक का तहे दिल से स्वागत करते हैं.

## प्रियंका गांधी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**वायनाड (केरल):** कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि इसके शासन में संविधान के मूल्यों को लगातार कमजोर किया जा रहा है. एआईसीसी महासचिव ने मीनांगडी में आयोजित एक नुक्कड़ सभा के दौरान मणिपुर में हुई हिंसा का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ योजनाबद्ध हमले हो रहे हैं. उन्होंने कहा, आपने इस सरकार को गुस्से और घृणा का प्रसार करते कई बार देखा है. प्रियंका ने यह भी दावा किया कि एक के बाद एक नीतियां आम लोगों के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्रों के पक्ष में बनाई जा रही हैं.

प्रियंका ने अपने भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा कांग्रेस के प्रदेश नेताओं के साथ 22 अक्टूबर को कलपेट्टा शहर में एक रोडशो के बाद नामांकन दाखिल किया था. उसके बाद यह वायनाड का उनका दूसरा दौरा है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस्तीफा देने के कारण वायनाड सीट पर उपचुनाव कराना पड़ रहा है. राहुल ने इस साल हुए आम चुनाव में वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों सीट से जीत हासिल की थी. बाद में उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया था.

## जापान के संसदीय चुनाव में किसी को बहुमत नहीं, एलडीपी का इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन



**टोक्यो :** जापान के संसदीय चुनाव में जनता ने किसी भी पार्टी को भी सरकार बनाने का मौका नहीं दिया. सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) गठबंधन को भी बहुमत नहीं मिल पाया. पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे की पार्टी एलडीपी को मात्र 191 सीटों पर संतोष करना पड़ा. उसे 65 सीटों का नुकसान हुआ. पिछले डेढ़ दशक में चुनाव में एलडीपी का यह सबसे खराब प्रदर्शन है. एलडीपी और उसकी सहयोगी पार्टी कोमिटो को कुल 215 सीट हासिल हुई हैं. बहुमत के लिए 233 सीट जरूरी हैं. प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने पिछले महीने एलडीपी अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था. इसके बाद वह प्रधानमंत्री बने. इसके बाद इशिबा ने चुनाव कराने का ऐलान किया.

**दो कैबिनेट मंत्री और कोमिटो नेता इशी की शर्मनाक पराजय:** जापान टुडे अखबार के अनुसार मुख्य विपक्षी कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान (सीडीपीजे) को इस बार कुछ सीटों का फायदा हुआ है. पिछली बार उसके 98 उम्मीदवार चुनाव जीते थे. इसबार यह आंकड़ा 148 पहुंच गया. इस बार दो कैबिनेट मंत्रियों और सरकार में शामिल कोमिटो के नेता केइची इशी को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा.

**इशिबा ने कहा-प्रधानमंत्री पद बने रहेंगे:** प्रधानमंत्री इशिबा ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का वादा करते हुए कहा, हम एक क्षण भी ठहराव नहीं चाहते. हम इस समय सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र में कठिन हालात का सामना कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जनता ने कठोर फैसला सुनाया है. वे विनम्रता से उसे स्वीकार करते हैं. वह जोड़तोड़ की कोशिश नहीं करेंगे.

**जनता ने घोटाले का दंड दिया:** जापान टुडे की रिपोर्ट में कहा गया है कि जनता ने चुनाव में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा को घोटाले का दंड दिया है. जनता की नाराजगी बताती है कि वह किसी भी दल पर विश्वास नहीं कर रही. इस परिदृश्य ने येन मुद्रा को तीन महीने के निचले स्तर पर भेज दिया. जनता का यह प्रतिकूल फैसला चिंता करने वाला है. जापान को इस समय चीन और परमाणु हथियारों से लैस उत्तर कोरिया का सामना करना पड़ रहा है. अस्थिर सरकार के लिए यह संकेत अच्छा नहीं. राजनीतिक विश्लेषक टोबियास हैरिस ने कहा कि अब ऐसा लगता नहीं कि इशिबा प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे.

## न्यूज कॉर्नर

### पाकिस्तान के 16 जिलों में पाए गये पोलियों का विषाणु, देशभर में तीसरा टीकाकरण अभियान शुरू

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के 16 जिलों में पोलिया के विषाणु का पता चलने के बाद सरकार ने देशभर में सोमवार को अपना तीसरा टीकाकरण अभियान शुरू किया, ताकि देश के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके. अखबार 'डॉन' में प्रकाशित खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले सप्ताह विश्व पोलियो दिवस पर प्रधानमंत्री आवास में आयोजित एक समारोह के दौरान तीसरे अभियान की घोषणा की थी. उन्होंने वहां बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई. पाकिस्तान में पोलियो के खिलाफ तीन नवंबर तक टीकाकरण अभियान चलेगा, जिसका उद्देश्य देश में पोलियो के खतरनाक प्रसार को खत्म करना है. देश में इस साल पोलियो के 41 मामले सामने आए हैं. अभियान के दौरान, स्वास्थ्य विभागों की विशेष टीम घर-घर जाकर 4.5 करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाएंगी. खबर के अनुसार, अभियान के दौरान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी. खबर में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा 16 जिलों से लिये गए नमूनों में पोलियोवायरस टाइप-1 (डब्ल्यूपीवी1) पाए जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद देशभर में तीसरी बार टीकाकरण अभियान शुरू किया गया.

### पंजाब पुलिस ने मादक पदार्थ खेप की जांच के बाद एक व्यक्ति को पकड़ा, छह किग्रा और हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने राज्य में 105 किलोग्राम नशीले पदार्थों की जांच के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी है. रविवार को तुर्किये निवासी एक मादक पदार्थ तस्कर के दो साथियों की गिरफ्तारी के साथ ही सीमा पार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया और 105 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी थी. इस अभियान के दौरान छह हथियार भी बरामद किए गए. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि 105 किग्रा हेरोइन की खेप की जांच के बाद पुलिस ने लवप्रीत सिंह को पकड़ा तथा उसके पास से छह किग्रा हेरोइन बरामद की. डीजीपी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 105 किग्रा हेरोइन की खेप की जांच के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए अमृतसर, काउंटर इंटेलीजेंस ने कपूरथला निवासी लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया और उसकी कार से छह किग्रा हेरोइन बरामद की. लवप्रीत सिंह को राजस्थान के हनुमानगढ़ से ली गई हेरोइन की खेप एक अन्य तस्करी नवजोत सिंह को देनी थी जिसे रविवार को गिरफ्तार किया गया था.

### विधायक के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट साझा करने पर दो बीजद नेताओं को हिरासत में लिया गया

**जाजपुर (ओडिशा):** ओडिशा के जाजपुर जिले में बीजू जनता दल (बीजद) के दो युवा नेताओं को धर्मशाला से निर्दलीय विधायक हिमांशु शेखर साहू के बारे में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अपमानजनक पोस्ट साझा करने के मामले में हिरासत में लिया गया है. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि धर्मशाला पुलिस ने बीजद युवा नेता सुब्रत कुमार ढल और मानस मोहंती को हिरासत में लिया है. देउलीपाल गांव के भाजपा कार्यकर्ता विश्वजीत स्वैन द्वारा धर्मशाला थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, सुब्रत कुमार ढल और मानस मोहंती ने सोशल मीडिया मंचों पर साहू के खिलाफ अपमानजनक वीडियो, लेख एवं दृश्य-श्रव्य सामग्रियां साझा की हैं. शिकायत में कहा गया है, साझा किए गए लेख, वीडियो और दृश्य-श्रव्य सामग्रियों का सच्चाई और वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है. इसके अलावा, ये सामग्री अपमानजनक प्रकृति की है और इनका उद्देश्य धर्मशाला विधायक की छवि को धूमिल करना है.

### जनगणना के विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि जनगणना से जुड़े विषयों पर स्पष्टता के लिए जल्द सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि जनगणना के साथ ही जाति जनगणना कराना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यकाल के विस्तार देने को अभी-अभी अधिसूचित किया गया है. इसका मतलब है कि 2021 में होने वाली जनगणना, जो लंबे समय से विलंबित है, अब आख़िरकार जल्द ही करवाई जाएगी. उन्होंने कहा, दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है. 1951 से हर जनगणना में होती आ रही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की गणना के अलावा क्या इस नई जनगणना में देश की सभी जातियों की विस्तृत गणना शामिल होगी? भारत के संविधान के अनुसार ऐसी जाति जनगणना केंद्र सरकार की ज़िम्मेदारी है. रमेश ने यह सवाल भी किया कि क्या इस जनगणना का इस्तेमाल लोकसभा में प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधियों की संख्या निर्धारित करने के लिए किया जाएगा जैसा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 में प्रावधान है (जो कहता है कि ऐसे किसी पुनर्गठन का वर्ष 2026 के बाद की गई पहली जनगणना और उसके रिजल्ट का प्रकाशन आधार होगा)? क्या इससे उन राज्यों को नुक़सान होगा जो परिवार नियोजन में अग्रणी रहे हैं? उन्होंने कहा कि ऐसे में सबसे सही यही होगा कि इन दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्पष्टता के लिए जल्द ही एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए.

### जौहरी से मांगी गई एक करोड़ की फिरौती, मामला दर्ज

**ऊना (हिमाचल प्रदेश):** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में एक जौहरी को कॉल करके जबरन एक करोड़ रुपये की मांग की गयी है और रकम न देने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई है. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. जौहरी से रविवार को पैसे की मांग की गई, जिसके बाद उसने पंजाब के नांगल में शिकायत दर्ज कराई. ऊना के रहने वाले व्यवसायी का एक शोरूम हिमाचल प्रदेश के ऊना में और दूसरा 20 किलोमीटर दूर नांगल में है. पुलिस के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने व्यवसायी को फोन कर एक करोड़ रुपये की मांग की और रकम न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी. ऊना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और पुलिस मामले से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है. पुलिस ने बताया कि नांगल पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है.

## भारत दौरे को उत्सुक हैं नेपाल के प्रधानमंत्री, औपचारिक निमंत्रण का इंतजार



**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने भारत भ्रमण के लिए औपचारिक निमंत्रण की प्रतीक्षा में हैं. सोमवार को औली ने सार्वजनिक रूप से भारत के दौरा के लिए निमंत्रण की इंतजार करने की बात कही है. नेपाल में उनकी सरकार बने सौ दिन पूरे हो चुके हैं. अपनी सरकार के सौ दिन पूरा होने पर सोमवार को सरकारी समाचार एजेंसी राष्ट्रीय समाचार समिति को दिए अन्तर्वार्ता के क्रम में प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि उन्हें अब तक भारत दौरा का औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है. वो इसकी प्रतीक्षा में है जैसे ही निमंत्रण मिलेगा वो दिल्ली का भ्रमण करना चाहेंगे. प्रधानमंत्री ओली ने यह भी कहा कि उनके पास चीन सरकार के तरफ से दौरा की बात आई है, पर उनकी प्राथमिकता भारत भ्रमण की है. ओली ने कहा कि चीन से भ्रमण की बात हो रही है. संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी के तरफ से चीन आने का न्यौता तो मिला है, पर औपचारिक निमंत्रण वहां से भी नहीं आया है. प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय दोनों जगह ही भारत और चीन भ्रमण को लेकर एजेंडा की तैयारी की जा रही है. औपचारिक निमंत्रण मिलते ही वो दिल्ली और बीजिंग की यात्रा पर जाएंगे. नेपाल के राजनीतिक गलियारों में ओली सरकार के असफल होने की चर्चाएं हो रही हैं. विदेश मामलों के जानकार अरुण संवेदी ने कहा कि ओली ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनको सौ दिन पूरा होने के बाद भी अपने दोनों पड़ोसी में से किसी से भी औपचारिक निमंत्रण नहीं मिलना यह दर्शाता है कि इस सरकार को कोई भी पड़ोसी देश पसंद नहीं कर रहा है. सुवेदी का कहना है कि नेपाल में नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति के साथ ही शपथग्रहण से पहले ही भारतीय प्रधानमंत्री का टेलीफोन आता है और भारत भ्रमण का निमंत्रण दिए जाने की परंपरा है पर ओली की नियुक्ति के बाद इस बार भारतीय प्रधानमंत्री का शुभकामना संदेशपत्र के रूप में आया जो महज औपचारिकता निभाया गया.

## वक्फ समिति की बैठक छोड़कर बाहर निकले विपक्षी सदस्य

**नई दिल्ली:** वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति की बैठक सोमवार को हुई जिसमें से कई विपक्षी सदस्य दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रस्तुतिकरण का विरोध करते हुए बैठक से बाहर निकल गए. विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि समिति के समक्ष पेश हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक ने दिल्ली सरकार की जानकारी के बिना प्रस्तुतिकरण में बदलाव किया है. आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह, द्रमुक सांसद मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद समेत अन्य कुछ विपक्षी सदस्य बैठक छोड़कर बाहर निकल गए. विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त और दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री की मंजूरी के बिना वक्फ बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट को पूरी तरह बदल दिया.

## नाटो ने की पुष्टि : उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में रूस की मदद के लिए भेजे सैनिक

**ब्रसेल्स :** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को यूक्रेन के खिलाफ लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध में रूस की सहायता के लिए भेजा गया है, तथा उनमें से कुछ को पहले ही रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में तैनात किया जा चुका है. नाटो महासचिव मार्क रूट ने संवाददाताओं से कहा, आज मैं पुष्टि कर सकता हूं कि उत्तर कोरिया के सैनिकों को रूस भेजा गया है और उत्तर कोरिया की सैन्य इकाइयों को कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किया गया है. रूट ने कहा कि यह कदम संघर्ष में उत्तर कोरिया की भागीदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है और रूस के युद्ध के खतरनाक विस्तार को चिह्नित करता है. उनकी यह टिप्पणी शीर्ष खुफिया और सैन्य अधिकारियों तथा वरिष्ठ राजनयिकों सहित एक उच्च स्तरीय दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल द्वारा ब्रसेल्स स्थित नाटो मुख्यालय में गठबंधन बल के 32 राष्ट्रीय राजदूतों को जानकारी देने के बाद आई.

रूट ने कहा कि नाटो 'गठबंधन के भीतर, यूक्रेन और हमारे हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ घटनाक्रम पर सक्रिय रूप से परामर्श कर रहा है' और वह जल्द ही दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति और यूक्रेन के रक्षा मंत्री के साथ बात करने वाले हैं. उन्होंने कहा, हम हालात पर करीब से नजर बनाए हुए हैं. पश्चिमी देश के अधिकारियों ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप के सबसे बड़े संघर्ष में हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को शामिल करने से यूक्रेन की थकी हुई और अत्यधिक तनावग्रस्त सेना पर अधिक दबाव पड़ेगा, साथ ही कोरियाई प्रायद्वीप और जापान एवं ऑस्ट्रेलिया सहित व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ेगा. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वैश्विक शक्ति के समीकरणों को नया आकार देने के लिए उत्सुक हैं.

## बारामूला के सांसद इंजीनियर रशीद ने तिहाड़ जेल प्राधिकारियों के समक्ष किया आत्मसमर्पण



**नई दिल्ली:** जम्मू कश्मीर के बारामूला से सांसद शेख अब्दुल रशीद ने अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को दिल्ली में तिहाड़ जेल प्राधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. जेल प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी. दिल्ली की एक अदालत ने अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेता रशीद की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी जिसके बाद अपराह्न में वह जेल परिसर पहुंचे. अदालत को रशीद की जमानत याचिका पर आदेश पारित करना था. रशीद को आतंकवाद वित्तपोषण मामले में गिरफ्तार किया गया था. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने के लिए इंजीनियर रशीद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल रशीद को 10 सितंबर को अंतरिम जमानत दी थी. न्यायाधीश ने इससे पहले उनकी नियमित जमानत याचिका पर आदेश स्थगित कर दिया था. न्यायाधीश ने रशीद के पिता के स्वास्थ्य के आधार पर उनकी अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी. एनआईए ने कहा था कि उसने दस्तावेजों का सत्यापन कर लिया है और वह आरोपी के पिता की स्वास्थ्य स्थिति के कारण जमानत याचिका का विरोध नहीं कर रही है.

रशीद 2017 के आतंकवाद वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से 2019 से तिहाड़ जेल में बंद थे.

## पाकिस्तान जिंदाबाद अकाउंट से वायरल हुआ मप्र की ऑर्डनेंस फैक्टरी में ब्लास्ट का वीडियो, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क



**जबलपुर:** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के खमरिया ऑर्डिनेंस फैक्टरी में छह दिन पूर्व यानी बीती 22 अक्टूबर को हुए धमाके के बाद एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. धमाके के कुछ ही समय बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिसके नीचे पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा हुआ था. यह वीडियो जिस अकाउंट से शेयर किया गया है. उसका यूजर नेम लव पाक आर्मीज है. इस वीडियो के वायरल होते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और इस मामले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच के दायरे में लिया गया है.

पाकिस्तान जिंदाबाद नामक पेज से खमरिया फैक्टरी ब्लास्ट का वीडियो वायरल होने की बात सामने आने पर साइबर सेल ने इसे जांच में ले लिया है. इसके साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बलों ने भी इस मामले में संज्ञान लिया है. सुरक्षा एजेंसियों की जांच में खमरिया फैक्टरी में हुए धमाके को लेकर कुछ तथ्य सामने आए, जिससे उनके कान खड़े हो गए हैं. सुरक्षा एजेंसी के सामने यह बात आई है कि बीती 22 अक्टूबर को इस बम धमाके के कुछ देर बाद ही सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो डाला गया था, जिसके नीचे पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा हुआ था. पाकिस्तान जिंदाबाद के नाम से संचालित सोशल मीडिया के अकाउंट में घटना दिनांक का ही ऑर्डिनेंस फैक्टरी के बाहर का वीडियो शेयर किया गया है और उसमें अंग्रेजी भाषा में सांकेतिक रूप से कुछ लाइन भी लिखी गई हैं. इसके अलावा भी सांकेतिक भाषा में कुछ लिखा गया है. पुलिस से लेकर सुरक्षा एजेंसियां इन शब्दों का अर्थ और इसमें अगर कोई कोड छिपा है तो उसकी तलाश कर रही हैं. सुरक्षा एजेंसीयों ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है और अब यह मामला बड़े स्तर पर जाँच के दायरे में आ गया है. घटना दिनांक को हादसे के बाद वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने बम निरोधक दस्ते, डॉग स्कॉर्ड के साथ मौके पर दौरा किया था. यह बेहद गंभीर मामला है क्योंकि जबलपुर सुरक्षा इकाइयों और निर्माण के लिहाज से बहुत ही संवेदनशील है. इस विषय को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर की गई इस टिप्पणी से स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की सुरक्षा एजेंसी सतर्क हो गई हैं. उनकी जांच में इस वीडियो को प्रसारित करने के पीछे क्या उद्देश्य है. यह सोशल मीडिया अकाउंट किस संगठन द्वारा संचालित किया जा रहा है, इस बात की जांच शुरू हो गई है. गौरतलब है कि खमरिया की इस घटना में दो कर्मचारी शहीद हो गए थे और 16 लोग घायल हुए थे.

## न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए भारतीय महिला टीम को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार



**अहमदाबादः** भारतीय महिला टीम तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ जब मैदान में उतरेगी तो श्रृंखला जीतने के लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा. भारतीय बल्लेबाजी रविवार को दूसरे वनडे में लक्ष्य का पीछा करते समय बुरी तरह से फ्लॉप हो गयी थी. जीत के लिए 260 रन का पीछा करते हुए भारत ने 108 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे. राधा यादव (48) और साइमा ठाकोर (29) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर टीम को शर्मनाक हार से बचाया. भारतीय टीम 183 रन पर आउट हो गयी. इससे पहले श्रृंखला के शुरुआती मैच में भी भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को 59 रन से जीत दिलायी. श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं जड़ा है. भारत को श्रृंखला के निर्णायक मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर की तिकड़ी को दमखम दिखाना होगा. मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और तेजल हसबनीस अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे है. भारत को सबसे ज्यादा परेशानी मंधाना की खराब लय से हो रही है. दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाजों में से एक मंधाना पिछले कुछ मैचों से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही है. वह श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में अब तक दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंची है. वहीं दूसरी तरफ भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है. टीम ने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की पारी को 168 रन पर समेट दिया था. दूसरे मैच में न्यूजीलैंड की टीम 14 ओवर में बिना किसी नुकसान के 259 रन बनाने के बाद बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन भारतीय गेंदबाजों के राधा यादव (चार विकेट) की अगुवाई में अच्छी वापसी करते हुए उनकी पारी का 259 रन पर रोक दिया. न्यूजीलैंड के लिए पिछले मैच में अनुभवी सूजी बेट्स (58) और कप्तान सोफी डिवाइन (79) ने शानदार बल्लेबाजी टीम को मनोबल बढ़ाने वाली जीत दिलायी.

# आईपीएलः पूरन, मयंक सहित पांच खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है एलएसजी



**नई दिल्लीः** निकोलस पूरन, मयंक यादव, रवि बिश्नोई के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) आईपीएल 2025 के लिए दो अनकैप्ड खिलाड़ियों मोहसिन ख़ान और आयुष बदोनी को भी रिटेन कर सकती है. केएल राहुल को एलएसजी रिटेन न करने का फ़ैसला कर सकती है, हालांकि ऐसी स्थिति में उनके पास नीलामी में एक राइट टू मैच कार्ड का भी विकल्प होगा. इन खिलाड़ियों को रिटेन किए जाने की कुल राशि का पता नहीं चल पाया है लेकिन नीलामी के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार एलएसजी के पर्स से 51 करोड़ काट लिए जाएंगे. अगर यह पर्स 51 करोड़ की निर्धारित राशि को पार करती है तब उतनी ही राशि 120 करोड़ के कुल पर्स में से काट ली जाएगी.

ऐसी जानकारी है कि पूरन एलएसजी के पहले रिटेंशन होंगे और इसके बाद मयंक और बिश्नोई होंगे. 2024 में रन बनाने के मामले में पूरन राहुल से पीछे थे. पहले चरण में राहुल के निगल के चलते बाहर होने पर उन्होंने अंतरिम कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका भी अदा की थी. पूरन को एलएसजी ने 2024 के सीज़न से पहले 16 करोड़ में ख़रीदा था. 2017 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथ आईपीएल में डेब्यू करने वाले पूरन की क़ीमत लगातार बढ़ती ही गई है. पहले सीज़न में एमआई ने उन्हें 30 लाख में ख़रीदा था, इसके दो साल बाद पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने उन्हें 4.2 करोड़ रुपए में ख़रीदा. 2022 की बड़ी नीलामी में सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) ने उन्हें 10.75 करोड़ रुपए में ख़रीदा, हालांकि उन्हें पूरन को रिलीज़ कर दिया, जिसके बाद एलएसजी ने उन्हें अपने दल में शामिल कर लिया.

बिश्नोई को एलएसजी ने नीलामी से पहले चार करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था क्योंकि उस समय बिश्नोई अनकैप्ड खिलाड़ी हुआ करते थे. 2022 में बिश्नोई ने 14 मैचों में 8.44 की इकॉनमी से 13 विकेट चटकाए थे. एक साल बाद बिश्नोई अब भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके थे और उन्होंने अगले सीज़न में 7.74 की इकॉनमी से 16 विकेट चटकाए. हालांकि पिछले सीज़न बिश्नोई 14 मैचों में 8.77 की इकॉनमी से 10 विकेट ही ले पाए थे.

मयंक को एलएसजी ने 2022 की बड़ी नीलामी में 20 लाख रुपए में ख़रीदा था. अब तक उन्होंने आईपीएल के चार मैच सहित कुल सात टी 20 खेले हैं. जिसमें तीन उन्होंने बांग्लादेश के ख़िलाफ़ हालिया टी 20 सीरीज़ के दौरान खेले थे. मयंक बीसीसीआई द्वारा बेंगलुरु में हाल में ही खोले गए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में हैं और इसके पीछे के कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है. बदोनी और मोहसिन दोनों को एलएसजी ने 2022 की नीलामी में 20 लाख रुपए में ख़रीदा था और यह दोनों ही खिलाड़ी टीम की सफलता का अभिन्न हिस्सा रहे हैं. बदोनी ने 2023 के सीज़न में 12 पारियों में 138 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 238 रन बनाए थे. मोहसिन ने आईपीएल के अपने पहले सीज़न में नौ मैचों में 14 विकेट चटकाते हुए काफ़ी प्रभावित किया था. हालांकि इसके बाद मोहसिन चोटिल हुए, चोट इतनी गंभीर थी कि उनका करियर भी समाप्त हो सकता था. मोहसिन ने वापसी की और 2023 के सीज़न के दूसरे चरण में उन्होंने एलएसजी के लिए खेला और 2024 में उन्होंने 10 से अधिक की इकॉनमी से 10 विकेट लिए.

## लिवरपूल ने आर्सेनल को बराबरी पर रोका, मैनचेस्टर यूनाइटेड की एक और हार



**लंदनः** स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के शानदार खेल की मदद से लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में दो बार पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके आर्सेनल को 2-2 से बराबरी पर रोका. मैच के अंतिम क्षणों में जब लिवरपूल जब पीछे चल रहा था तब सलाह ने 81वें मिनट में दूसरा बराबरी का गोल किया. लिवरपूल ने इस तरह से अपना शानदार अभियान जारी रखा. आर्ने स्लॉट के मुख्य कोच बनने के बाद लिवरपूल में इस सत्र में जो 13 मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा. उसके प्रीमियर लीग में अब नौ मैच में 22 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे है. मैनचेस्टर युनाइटेड के साथ कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है और उसे वेस्ट हैम से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा. जब खेल खत्म होने में कुछ मिनट का खेल बचा था तब वीडियो समीक्षा प्रणाली से वेस्ट हैम को पेनल्टी मिली जिसे जारोड बोवेन ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की. अन्य मैचों में चेल्सी नै न्यूकैसल को 2-1 से जबकि क्रिस्टल पैलेस ने टोटेनहम को 1-0 से हराया.

# सलीमा टेटे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय कप्तान नियुक्त



**नई दिल्लीः** बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गयी. नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है. भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आयी है. इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा. भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा.

टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है. हम गत चैम्पियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे. यह इसे और भी खास बनाता है. उन्होंने कहा, हमने कड़ी ट्रेनिंग की है. हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है. हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था. टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी. रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी. मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी.

# टीम इंडिया को बड़ा झटका, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले अहम गेंदबाज चोटिल



**नई दिल्ली:** भारतीय टीम नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली है. जहां पर 5 मैच की टेस्ट सीरीज खेली जानी है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है. लेकिन सीरीज की शुरुआत से पहले ही मयंक यादव बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले चोटिल हो गए हैं. बीसीसीआई के एक सूत्र ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मयंक यादव को चोट लगी है, जिसकी वजह से वह टीम इंडिया से 3 महीने के लिए बाहर हो गए हैं. मयंक यादव को पीठ में चोट लगी है, जिसकी वजह से वह लगभग तीन महीने के लिए क्रिकेट के एक्शन से दूर हो गए हैं. हाल ही में उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई तीन मैच की टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया था. उन्होंने तीनों ही मैच में कमाल की गेंदबाजी की थी. हालांकि वह अपनी गेंदबाजी के दौरान एक बार भी 150 किलोमीटर से अधिक के आंकड़े को पार नहीं कर पाए हैं, जबकि आईपीएल में उन्होंने कई बार 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी. उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया था.

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया की मयंक की पीठ में कुछ समस्या लग रही है. यह स्ट्रेस फ्रैक्चर का मामला भी हो सकता है. एनसीए के पहले के निर्देशों के अनुसार, वह रणजी ट्रॉफी के चौथे या पांचवें राउंड से खेल सकते थे. लेकिन अब ऐसा संभव नहीं है. वह फिर से काफी समय के लिए बाहर हो गए हैं. आईपीएल 2024 में मयंक यादव ने एलएसजी के लिए शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया था. लेकिन बीच सीजन उन्हें इंजरी हो गई थी, जिसकी वजह से वह पूरे सीजन एलएसजी के लिए अपना योगदान नहीं दे सके थे. मयंक आईपीएल के बाद कई महीने एक्शन से दूर रहे थे.

## न्यूज कॉर्नर

### ग्रुप बी: शोरे, राठौड़ के अर्धशतक से विदर्भ ने उत्तराखंड पर दबदबा बनाया

**देहरादूनः** यश राठौड़ और ध्रुव शोरे के अर्धशतक से विदर्भ ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 255 रन बनाकर सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन उत्तराखंड के खिलाफ दबदबा बरकरार रखा. दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ की कुल बढ़त 292 रन की हो गई है. मेजबान उत्तराखंड की टीम सुबह पहली पारी में सात विकेट पर 242 रन से आगे खेलने उतरी और 289 रन पर ऑल आउट हो गई जिससे विदर्भ ने पहली पारी में 37 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की. विदर्भ की ओर से अक्षय वखारे ने 62 रन देकर चार विकेट चटकाए. दूसरी पारी में विदर्भ ने सलामी बल्लेबाज अथर्व ताइडे और अमन मोखादे के विकेट 24 रन तक ही गंवा दिए जिसके बाद शोरे (59 रन, 114 गेंद, पांच चौके) और दानिश मालेवार (42 रन, 63 गेंद, सात चौके) ने तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर पारी को संभाला.

### आईडब्ल्यूएल-2 की शुरुआत 10 जनवरी को दो मुकाबलों के साथ

**नई दिल्लीः** गत चैंपियन ओडिशा एफसी 10 जनवरी 2025 को इंडियन वुमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन ईस्ट बंगाल से भिड़ेगी जबकि इसी दिन गोकुलम केरल एफसी का सामना पदार्पण कर रहे श्रीभूमि एफसी से होगा. इस लीग का आयोजन अपने और विरोधी की मेजबानी में होने वाले मुकाबलों के प्रारूप के आधार पर होगा. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार लीग 13 अप्रैल तक चलेगी. पिछले सत्र की दूसरे टीयर की लीग की चैंपियन कोलकाता की श्रीभूमि एफसी और उप विजेता ओडिशा की एनआईटीए फुटबॉल अकादमी को आईडब्ल्यूएफ में प्रमोट किया गया है जिससे लीग के दूसरे सत्र में आठ टीम हिस्सा लेंगी. **लीग में हिस्सा लेने वाली टीम इस प्रकार हैं:** ईस्ट बंगाल एफसी, श्रीभूमि एफसी, ओडिशा एफसी, एनआईटीए एफए, सेतु एफसी, गोकुलम केरल एफसी, होप्स एफसी और किकस्टार्ट एफसी.

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 66वें स्थान पर रहे

**इंचियोन (कोरिया):** भारत के शुभंकर शर्मा का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह अंतिम दो दौर में 76 के समान स्कोर के साथ डीपी वर्ल्ड टूर की जेनेसिस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 66वें स्थान पर रहे. शुभंकर ने पहले दो दौर में 71 और 68 का स्कोर बनाया था. कोरिया के बियोंग हुन आन ने हमवतन टॉम किम को प्ले ऑफ में हराकर अपना दूसरा डीपी विश्व टूर खिताब जीता.

### चौफला ने अखिल भारतीय रैकेटलॉन स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया

**मुंबईः** भारत के विक्रमादित्य चौफला को यहां अखिल भारतीय रैकेटलॉन ओपन में संयुक्त अरब अमीरात के मोहम्मद कुबा से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा. भारत के सर्वोच्च रैंक वाले रैकेटलॉन खिलाड़ी चौफला को कई विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने का अनुभव है. इस प्रतियोगिता में भारत के आदित पटेल तीसरे स्थान पर रहे. रैकेटलॉन टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वैश जैसे चार रैकेट खेलों का संयोजन है. महिला वर्ग में नाहिद दिवेचा चैम्पियन बनीं जबकि शिखा बरासिया और तारा भंडारे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे.

### रिंकू और राणा चमके, उत्तर प्रदेश ने पंजाब पर शिकंजा कसा

**मुल्लांपुरः** उत्तर प्रदेश ने रिंकू सिंह और नीतिश राणा के अर्धशतकों से सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन पंजाब के खिलाफ शिकंजा कस दिया. सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक की करियर की सर्वश्रेष्ठ 163 रन की पारी के बाद उत्तर प्रदेश ने चार और अर्धशतक जड़कर पहली पारी नौ विकेट पर 556 रन के विशाल स्कोर पर घोषित की और पंजाब पर 346 रन की बढ़त बना ली. स्टंप तक पंजाब की टीम दूसरी पारी में एक विकेट पर 49 रन पर जूझ रही थी और 297 रन से पिछड़ रही है. कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राणा और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए 120 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी बनाई. राणा ने 106 गेंद में 66 रन की आक्रामक पारी खेली जिसमें 11 चौके जड़े थे जबकि रिंकू ने 131 गेंद में आठ चौके और एक छक्के से 68 रन बनाये.

### एटलेटिको मैड्रिड का संघर्ष जारी, रियाल बेटिस से आत्मघाती गोल से हारा

**मैड्रिडः** एटलेटिको मैड्रिड को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में आत्मघाती गोल के कारण रियाल बेटिस से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा. मैच समाप्त होने में जब पांच मिनट से भी कम समय बचा था तब डिफेंडर जोस मारिया जिमेनेज के आत्मघाती गोल ने एटलेटिको की लगातार दूसरी हार तय कर दी. एटलेटिको मैड्रिड सभी प्रतियोगिताओं में पिछले छह मैचों में केवल एक मैच जीत पाया है. उसने पिछले सप्ताहांत स्पेनिश लीग में लेगानेस को 3-1 से हराया था. इससे पहले उसने घरेलू मैदान पर रियाल मैड्रिड और रियाल सोसिदाद के खिलाफ ड्रॉ खेला था जबकि चैंपियंस लीग में बेनफिका से उसे 4-1 से हार मिली थी. ला लिगा में एटलेटिको शीर्ष पर चल रहे बार्सिलोना से 10 अंक पीछे है.

### रेहान थॉमस थाईलैंड में सातवें स्थान पर रहे

**बैंकॉकः** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस यहां अंतरराष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड के अंतिम दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जिससे एशियाई टूर पर वह दूसरी दफा शीर्ष 10 में शामिल रहे. संयुक्त अरब अमीरात में बसा यह गोल्फर हालांकि दूसरे और तीसरे दौर में क्रमशः 63-64 का जादू दोहराने में असफल रहा. रेहान का कुल स्कोर 16 अंडर हुआ. रेहान ने 14वें से 17वें होल के बीच में तीन से कुल चार बर्डी लगाई. अन्य भारतीयों में गगनजीत भुल्लर (67) संयुक्त 19वें स्थान पर और करणदीप कोचर (67) संयुक्त 24वें स्थान पर रहे.

# ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट क्रिकेटरों को विश्राम दिया

## अभी टी20 टीम का कप्तान नियुक्त करना बाकी



**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए अपने नियमित टेस्ट खिलाड़ियों को विश्राम दिया है. ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए अपनी टी20 टीम की घोषणा कर दी है लेकिन अभी तक कप्तान नियुक्त नहीं किया है. ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच चार नवंबर से तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी. इसके बाद यह दोनों टीम 14 नवंबर से शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला में एक दूसरे का सामना करेंगी. यह टी20 श्रृंखला 18 नवंबर को समाप्त होगी जबकि आस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेलना है. टी20 टीम के कप्तान मिशेल मार्श, ट्रैविस हेड तथा वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस को विश्राम दिए जाने के कारण ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक श्रृंखला के लिए कप्तान नियुक्त नहीं किया है. ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को जो टीम घोषित की उसमें कोई भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जिसने इससे पहले किसी भी प्रारूप में अपने देश की कप्तानी की हो, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल, एडम ज़म्पा, मैथ्यू शॉर्ट और आरोन हार्डी जैसे खिलाड़ियों ने बिग बैश लीग में अपनी टीम का नेतृत्व किया है.

## गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कोच पद से इस्तीफा दिया



**कराचीः** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के साथ मतभेद होने के कारण उन्होंने यह फैसला किया. भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था.

# बीसीबी की पेशकश पर बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने को तैयार ताइजुल इस्लाम



**चटगांवः** बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं. उनसे टेस्ट टीम की कप्तानी के बारे में पूछा गया था, क्योंकि ऐसी खबरें थीं कि मौजूदा कप्तान नजमुल हुसैन शांतो घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही सीरीज के बाद कप्तानी जारी रखने के लिए तैयार नहीं हैं. बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट 29 अक्टूबर (मंगलवार) से शुरू होने वाला है. मेहमान टीम शुरुआती टेस्ट में सात विकेट से जीत दर्ज करके 1-0 से आगे चल रही है. बता दें कि शांतो ने सीरीज के बाद कप्तानी छोड़ने की इच्छा जताई थी.

इस बारे में पूछे जाने पर, एक दशक से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे अनुभवी ताइजुल ने शांतो के बारे में ऐसी किसी भी बात को सुनने से इनकार किया, लेकिन साफ किया कि जरूरत पड़ने पर वह कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर ताइजुल ने संवाददाताओं से कहा, मैंने इस मामले (नजमुल के कप्तानी से इस्तीफा देने के संबंध में) पर कुछ नहीं सुना है. यह हमारी भूमिका का हिस्सा नहीं है, मुझे इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है. 10 साल तक खेलने के बाद मैं कप्तानी के लिए पूरी तरह तैयार हूं.

हाल ही में भारत दौरे पर मिली करारी हार के बाद बांग्लादेश लगातार दूसरी सीरीज हारने की कगार पर है. उन्हें लगता है कि अगर उन्हें सीरीज बराबर करनी है तो बल्लेबाजों को ज़्यादा ज़िम्मेदारी लेनी होगी. उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य वही है: हम जीतने के लिए खेलेंगे. जहाँ तक मैच की परिस्थितियों का सवाल है, हम खेल शुरू होने के बाद उन्हें समझ जाएँगे. लेकिन हमारा ध्यान एक टीम के रूप में खेलने पर होगा - चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण. हम जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे. हर मैच एक अवसर है. उस दृष्टिकोण से, मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजों के लिए एक और मौका है. हमने एक टीम के रूप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया है, हालाँकि कुछ ने अलग-अलग मैचों में व्यक्तिगत प्रदर्शन किया है. अगर हम एक खेल में दो या तीन साझेदारियाँ बना सकते हैं, और एक या दो खिलाड़ी शतक बनाते हैं, तो हमारा लक्ष्य बहुत बड़ा होगा और हर कोई कड़ी मेहनत कर रहा है और पूरी तरह से प्रतिबद्ध है.

# चिराग चिक्कारा ने स्वर्ण पदक जीता, भारतीय पहलवानों ने बिखेरी चमक



**तिराना (अल्बानिया):** चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं जिसकी मदद से भारत ने यहां चल रहे इस आयु वर्ग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और रजत सहित नौ पदक जीते. पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे चिक्कारा ने किर्गिस्तान के अब्दिमालिक कराचोव पर अंतिम सेकंड में 4-3 से जीत दर्ज की. वह पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं.

सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं. रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था.

चिक्कारा ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया. उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया. पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत के पदकों में दो कांस्य पदक भी शामिल हैं. इससे वह 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है. भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में दो और कांस्य पदक जीते, जिससे इस वर्ग में देश के पदकों की संख्या चार हो गई. विक्की ने पुरुषों की 97 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और यूक्रेन के यूरोपीय जूनियर चैंपियन इवान प्राइमाचेंको को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता. विक्की ने पहले दौर में जॉर्जिया के मेरब सुलेमानिश्विली को और क्वार्टरफाइनल में मोल्दोवा के राडू लेफ्टर को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में वह ईरान के महदी हाजीलोइयन मोराफा से हार गए थे. पुरुषों की 70 किग्रा फ्रीस्टाइल में सुजीत कलकल ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ताजिकिस्तान के मुस्तफो अखमेदोव को 13-4 से हराकर कांस्य पदक जीता.

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टेस्ट पदार्पण के लिए इंग्लिस योजना में शामिल : मुख्य चयनकर्ता बेली



**सिडनीः** मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को संकेत दिया कि फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज टेस्ट पदार्पण करने की योजना में शामिल हैं. भारत 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा जिसे पिछले चार मौकों पर हार का सामना नहीं करना पड़ा है. बेली ने पत्रकारों से कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि इस समय वह वाकई शानदार फॉर्म में है. मुझे लगता है कि वह बल्लेबाज के तौर पर जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उसे देखते हुए वह साल में विभिन्न श्रृंखलाओं में शामिल हो सकते हैं. उन्होंने कहा, अगर गर्मियों में पूरे वर्ष सही मौका मिलता है और वह जिस स्थान पर प्रदर्शन करने के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त हैं, मुझे लगता है कि उसे शामिल किया जा सकता है.

इंग्लिश (29 वर्ष) वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर हैं, उन्होंने पिछले सात शेफील्ड शील्ड मैच में चार शतक जड़े हैं. लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट विकेटकीपर एलेक्स कैरी शानदार फॉर्म में हैं और इंग्लिस एक विशेषज्ञ मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर उभरे हैं.

## न्यूज कॉर्नर

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टैक्स प्रैक्टिशनर्स के लिए नया अवसर : नारायण जैन



**कोल्हापुरः** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट नारायण जैन ने कोल्हापुर में आयोजित राष्ट्रीय कर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत के टैक्स प्रैक्टिशनर्स, अधिवक्ताओं और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए एक नया अवसर प्रस्तुत कर रहा है. उन्होंने बताया कि भारत पहले से ही सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी है और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यह क्षेत्र कर प्रैक्टिस के क्षेत्र में नए दरवाजे खोल सकता है.एआईएफटीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट जैन ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत के कानून मंत्री को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द कानूनी ढांचे को स्थापित करने पर ध्यान देना चाहिए, ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके. उन्होंने एनवीआईडिया के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेन्सेन हुआंग के बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला गया था.जैन ने सोमवार को बताया कि यह सम्मेलन 26 और 27 अक्टूबर को कोल्हापुर में एआईएफटीपी द्वारा जीएसटीपीएएम, एमसीसीआईए और अन्य कई कर संघों के सहयोग से आयोजित किया गया. दो दिवसीय इस सम्मेलन को डिप्टी प्रेसिडेंट समीर जानी ने भी संबोधित किया और आयोजकों की विशेष सराहना की. सम्मेलन के आयोजन में विनायक पाटकर (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) और अरुण बाहेती की महत्वपूर्ण भूमिका की भी तारीफ की गई.सम्मेलन में महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर (एमसीसीआईए) के अध्यक्ष ललित गांधी ने कर पेशेवरों की भूमिका की प्रशंसा की और आयकर के साथ-साथ जीएसटी के अनुपालन के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने कर सुधारों के लिए प्रतिनिधित्व करने और कर प्रणाली को सरल बनाने में अपने चैंबर और एआईएफटीपी की सक्रिय भागीदारी का सुझाव दिया.

### आशीष कचोलिया और कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स ने क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक के प्री-आईपीओ में किया निवेश

**मुंबई/नई दिल्लीः** ट्रेन नियंत्रण और सिग्नलिंग सिस्टम विकसित करने वाली अनुसंधान-उन्मुख नई पीढ़ी की कंपनी क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने आशीष कचोलिया, कैप्री ग्लोबल और अन्य प्रमुख व्यक्तिगत निवेशकों से 48 करोड़ रुपये जुटाए हैं.क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि कंपनी ने अपने प्री-आईपीओ दौर में आशीष कचोलिया, कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स और अन्य उल्लेखनीय व्यक्तिगत निवेशकों से 48 करोड़ रुपये जुटाए हैं. कंपनी के मुताबिक ये लेन-देन कंपनी के प्रमोटरों द्वारा निवेशकों को इक्विटी शेयरों की बिक्री अर्थात द्वितीयक बिक्री है. यह कोई नया निर्गम या प्राथमिक बिक्री नहीं है. कंपनी ने बताया कि 275 करोड़ रुपये का मूल आईपीओ आकार अभी भी बरकरार है.कंपनी ने 26 अक्टूबर, 2024 को की गई एक सार्वजनिक घोषणा में कहा कि अपने प्रमुख बैंकरों के परामर्श से, उसने व्यक्तिगत और संस्थागत निवेशकों को 240 रुपये प्रति शेयर (230 रुपये के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 2,000,000 इक्विटी शेयर जारी किए हैं, जिसका कुल योग 48 करोड़ रुपये होता है. इस इन्वेस्टमेंट राउंड में प्रमुख रूप से हिस्सा लेने वालों में सूर्यवंशी कमोट्रेड प्राइवेट लिमिटेड (आशीष कचोलिया) शामिल हैं, जिसने 765,000 इक्विटी शेयर हासिल किए हैं, जबकि प्लांटिफाई कैपिटल लिमिटेड ने 125,000 शेयर प्राप्त किए हैं.उल्लेखनीय है कि 2015 में स्थापित क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक रेल यात्रियों के लिए उच्चतम स्तर की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए गए उन्नत ट्रेन कंट्रोल और सिग्नलिंग सिस्टम बनाने में माहिर है. ये कंपनी एक इलेक्ट्रॉन बीम विकिरण केंद्र और विकिरणित ई-बीम केबल के निर्माण के लिए एक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी सुविधा भी संचालित करती है.

### एनटीपीसी ग्रीन और अवांसे फाइनेंशियल को आईपीओ लाने की मंजूरी, सेबी ने जारी किया ऑब्जर्वेशन लेटर

**नई दिल्लीः** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी और अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज को आईपीओ लाने के लिए हरी झंडी दे दी है. सेबी ने इन दोनों कंपनियों के नाम से ऑब्जर्वेशन लेटर भी जारी कर दिया है. इन कंपनियों को अब ऑब्जर्वेशन लेटर जारी होने के बाद 1 साल की अवधि में अपना आईपीओ लॉन्च करना होगा.देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की सब्सिडियरी कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने 18 सितंबर को मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कराया था. कंपनी अपने पब्लिक इश्यू के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है. कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी में बताया गया है कि पब्लिक इश्यू के जरिए सिर्फ फ्रेश इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे. इसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए कोई बिक्री नहीं होगी. आईपीओ द्वारा जुटाए जाने वाले पैसे के 75 प्रतिशत हिस्से का इस्तेमाल कंपनी के पुराने कर्ज को चुकाने में किया जाएगा जबकि शेष राशि का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा.इसी तरह नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज ने 31 जुलाई को सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कराया था. कंपनी ने अपने आईपीओ में नए इश्यू के जरिए 1,000 करोड़ रुपये और ऑफर फॉर सेल के जरिए 2,500 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है. मुंबई की ये कंपनी एसेट अंडर मैनेजमेंट के मामले में देश की दूसरी सबसे बड़ी एजुकेशनल फोकस्ड एनबीएफसी है.

# लगातार 1 हफ्ते की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

## बाजार की तेजी से निवेशकों ने 1 दिन में कमाए 4.38 लाख करोड़

**नई दिल्लीः** पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान लगातार कमजोरी का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज दिवाली वाले सप्ताह की जोरदार शुरुआत की. आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी. शुरुआती 1 घंटे के कारोबार में उतार-चढ़ाव भी होता हुआ नजर आया लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार तेजी दिखाई. सेंसेक्स जहां इंट्रा-डे में 1,137 अंक चढ़ गया, वहीं निफ्टी ने भी 311 अंक से अधिक की छलांग लगाई. हालांकि दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली होने की वजह से ये दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से फिसल गए. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.76 प्रतिशत और निफ्टी 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए.

आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, बैंकिंग, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही. इसके साथ ही आईटी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और पीएसई इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए. कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 441.36 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानि शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 436.98 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.38 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,153 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,581 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,411 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 161 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,547 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,730 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 817 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे



निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स आज 251.38 अंक की मजबूती के साथ 79,653.67 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 230 अंक से ज्यादा टूट कर 79,418.82 अंक तक गिर गया. बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद सेंसेक्स हरे निशान में ही बना रहा. पहले घंटे के कारोबार में ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और आक्रामक अंदाज में खरीदारी शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई. लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 1,137.52 अंक की मजबूती के साथ आज के सर्वोच्च स्तर 80,539.81 अंक तक पहुंच गया. हालांकि इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू होने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई. लगातार हो रही बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 534.77 अंक टूट कर 602.75 अंक की मजबूती के साथ 80,005.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 70.30 अंक की तेजी के साथ 24,251.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 115 अंक से अधिक टूट कर 45.90 अंक की कमजोरी के साथ 24,134.90 अंक तक लुढ़क गया. इस गिरावट के बाद बाजार में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई. खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे से थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 311.80 अंक की बढ़त के साथ 24,492.60 अंक तक पहुंचने में सफल रहा. हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक में दोबारा गिरावट आने लगी. मुनाफा वसूली के दबाव के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 153.45 अंक लुढ़क कर 158.35 अंक की मजबूती के साथ 24,339.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम1 फाइनेंस 5.39 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज 3.91 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.98 प्रतिशत, आयशर मोटर्स 2.81 प्रतिशत और विप्रो 2.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. कोल इंडिया 4.22 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.91 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.49 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 1.07 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

### प्रह्लाद जोशी ने चावल मिलर्स की शिकायतों के समाधान के लिए मोबाइल ऐप किया लॉन्च



**नई दिल्लीः** केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को नई दिल्ली में चावल मिलर्स के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के शिकायत निवारण प्रणाली (एफसीआई-जीआरएस) मोबाइल ऐप को लॉन्च किया. इस नए ऐप के माध्यम से चावल मिलर्स की चिंताओं को दूर करने में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है.

चावल मिलर्स के लिए एफसीआई की शिकायत निवारण प्रणाली मोबाइल ऐप एफसीआई-जीआरएस ऐप की लॉन्चिंग के अवसर पर प्रहलाद जोशी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है. उन्होंने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता एक प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करना है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप इस उल्लेखनीय कदम का उद्देश्य एफसीआई के साथ सीधे संपर्क स्थापित करके देशभर में हमारे मेहनती चावल मिलर्स को सशक्त बनाना है, जिससे शिकायत निवारण प्रणाली को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जा सके.

जोशी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसी शासन प्रणाली बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है, जो वास्तव में समावेशी, जवाबदेह और नागरिकों की जरूरतों में निहित हो. उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री ने कहा कि यह ऐप चावल मिलर्स को सीधे अपनी शिकायतें दर्ज करने की अनुमति देता है. एक बार शिकायत दर्ज होने के बाद तीन दिनों के भीतर जांच करने के लिए तीन सदस्यीय टीम भेजी जाएगी, जो मिलर्स से बातचीत करेगी और उसी अवधि के भीतर समाधान की सिफारिश करेगी. भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की शपथ भी ली. उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के 'डिजिटल इंडिया' विजन के अनुरूप ये ऐप चावल मिलर्स को शिकायत दर्ज करने, स्थिति को ट्रैक करने और एफसीआई से प्रतिक्रिया और टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए एक सहज मंच प्रदान करता है. इस प्रकार एंड-टू-एंड डिजिटल तरीके से जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ाया जा रहा है.

### 8वें एफआईआई में भाग लेने रियाद जाएंगे केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का करेंगे उद्घाटन

**रियाद में 29-30 अक्टूबर को आयोजित होगा 8वां फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 29-30 अक्टूबर तक आर्थिक संबंधों को बढ़ाने और 8वें फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) में भाग लेने के लिए सऊदी अरब के दौरे पर जाएंगे. मंत्री गोयल रियाद के लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का उद्घाटन भी करेंगे. इसके साथ ही वे भारतीय दूतावास में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) दीवार का अनावरण भी करेंगे.



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 29-30 अक्टूबर तक सऊदी अरब की यात्रा पर रहेंगे. गोयल के इस यात्रा का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना तथा व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के नए रास्ते तलाशना है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक आर्थिक उपस्थिति को रेखांकित करता है.

मंत्रालय के मुताबिक गोयल इस दौरान रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) के 8वें संस्करण में भाग लेंगे, जो एक महत्वपूर्ण मंच है और वैश्विक नेताओं, निवेशकों और नवोन्मेषकों को एक साथ लाता है. वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस दौरान रियाद के लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का उद्घाटन करेंगे. इसके अलावा केंद्रीय मंत्री भारतीय दूतावास में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) दीवार का अनावरण करेंगे, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय शिल्प कौशल को बढ़ावा मिलेगा.

वाणिज्य मंत्री अपनी रियाद यात्रा के दौरान भारतीय मूल के चार्टर्ड अकाउंटेंट और विभिन्न क्षेत्रों से उभरते भारतीय प्रवासियों के नेताओं के साथ बातचीत करेंगे. इस यात्रा के दौरान गोयल प्रमुख वैश्विक निवेशकों के साथ बातचीत करेंगे. इन मुलाकातों का उद्देश्य निवेशकों का विश्वास मजबूत करना, निवेश प्रवाह को सुविधाजनक बनाना और मेक इन इंडिया पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए भारत को एक पसंदीदा वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है.

इसके अलावा वाणिज्य मंत्री ऊर्जा संक्रमण, डिजिटल परिवर्तन और व्यापार सुविधा में सहयोगात्मक प्रयासों पर चर्चा करने के लिए उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री, निवेश मंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित प्रमुख सऊदी मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे. गोयल भारत-सऊदी रणनीतिक भागीदारी परिषद के तहत अर्थव्यवस्था और निवेश समिति की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता भी करेंगे, जिसमें कृषि, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा.

### केंद्र को एचएएल, एसपीएमसीआईएल और यूसीआईएल से मिला 1013 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्लीः** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) और यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) ने केंद्र सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में कुल 1,013 करोड़ रुपये का भुगतान किया है.

वित्त मंत्रालय के तहत निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में एचएएल, एसपीएमसीआईएल और यूसीआईएल से क्रमशः 623 करोड़ रुपये, 364 करोड़ रुपये और 26 करोड़ रुपये रुपये प्राप्त हुए हैं. दीपम सचिव ने कहा कि इन कंपनियों ने इस तरह सरकार को कुल 1,013 करोड़ रुपये का भुगतान किया है.

उल्लेखनीय है कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) एक सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस रक्षा कंपनी है, जिसका मुख्यालय बेंगलुरु में है. सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के सिक्का और मुद्रा प्रभाग के तहत एक संगठन है. यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) यूरेनियम खनन और प्रौद्योगिकी के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत भारत सरकार का एक सार्वजनिक उपक्रम है.

### धनतरेस से पहले सर्राफा बाजार में मामूली कमजोरी, सोना और चांदी की कीमत में सांकेतिक गिरावट

**नई दिल्लीः** घरेलू सर्राफा बाजार में आज धनतरेस के पहले मामूली गिरावट नजर आ रही है. सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,430 रुपये से लेकर 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,740 रुपये से लेकर 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. सोने की तरह ही चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आई है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है. देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के



स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

### ईडी ने एमयूडीए मामले में नए सिरे से छापेमारी की, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु/नई दिल्लीः** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े एक धन शोधन मामले में ताजा छापेमारी की है. इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि ईडी ने एमयूडीए से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है. जानकारी के मुताबिक ईडी के अधिकारी बेंगलुरु और मैसूर सहित करीब सात-आठ ठिकानों पर तलाशी ले रहे हैं. इस मामले में ईडी ने इससे पहले 18 अक्टूबर को छापेमारी की थी, जब उसने मैसूरु में एमयूडीए कार्यालय और कुछ अन्य स्थानों की तलाशी ली थी.

केंद्रीय जांच एजेंसी ने पिछले सप्ताह बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय में एमयूडीए के कुछ निचले स्तर के अधिकारियों से पूछताछ की थी. ईडी ने लोकायुक्त की एफआईआर का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दायर की है. उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के मुख्यमंद्धी सिद्धारमैया, एमयूडीए के द्वारा अपनी पत्नी को 14 जगहों के आंवटन में कथित अनियमितताओं के संबंध में लोकायुक्त और ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं.

### ट्रंप-कमला पर पूछे गये...

इस बार बारी अमेरिका की थी. आज कल अमेरिका भारत पर खूब बयानबाजी कर रहा है. पन्नू के लिए भारत को सलाह, नसीहत और चेतावनी दे रहा है. लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 30 सेकेंड में अमेरिका की धज्जियां उड़ा दी. अमेरिका पर बयान देने से पहले एस जयशंकर ने आराम से पानी पीया. मुस्कुराते हुए अपने अंदाज से सभी को हैरान कर दिया.

एस जयशंकर ने कहा कि हमारे लिए सब अच्छे हैं क्योंकि हमने ये सुनिश्चित किया है कि सब अच्छे रहे. इसका मतलब साफ है कि भारत के मजबूत रुख की वजह से अमेरिका जैसे देश अब अपनी मनमानी नहीं कर पाते. इसके बाद एस जयशंकर ने अमेरिका के कई राष्ट्रपतियों के नाम गिनाने शुरू कर दिए. जयशंकर ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपतियों को एक बहुत गलत आदत थी जो अब भारत ठीक कर चुका है. विदेश मंत्री ने कहा कि आज के समय में दोनों देशों के बीच इस तरह के कॉमन इंटरेस्ट हैं कि कोई भी राष्ट्रपति बने वो देखते हैं कि हमारी रणनीति ये होनी चाहिए, उसमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है. उन्होंने आगे कहा कि इस संबंध में अधिक संभावनाएं हैं. इसलिए वह इस संबंध को बनाए रखते हैं. वहीं 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा. जयशंकर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुंबई में जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई. उन्होंने कहा कि मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है.

## प्रथम पृष्ठ का शेषांश

जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था.

### सांचेज की भारत यात्रा...

सीधे 16 विमान उपलब्ध कराएगी. टीएएसएल भारत में इस तरह 40 विमानों को बनाने के लिए जिम्मेदार होगा.

मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, आज सी-295 (विमान) संयंत्र के उद्घाटन के साथ ही हमारी साझेदारी का एक नया अध्याय शुरू हुआ है. हमारी साझेदारी सदियों पुरानी है. लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास हमें एक साथ बांधता है. उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच अर्थव्यवस्था, रक्षा, फार्मा, आईटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है और दोनों देश वैश्विक शांति, समृद्धि और सहयोग पर जोर देते हैं. मोदी ने कहा, लोगों का संपर्क हमारे संबंधों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है. भारतीय युवा प्रतिभा स्पेन के हरित और डिजिटल बदलाव में योगदान दे रही है. उन्होंने कहा कि लोगों के बीच बढ़ते संबंधों को देखते हुए भारत ने इस साल बार्सिलोना में अपना नया वाणिज्य दूतावास खोला है और बेंगलुरू में नया वाणिज्य दूतावास खोलने के स्पेन के फैसले का स्वागत करता है. उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारी आज की बातचीत हमारी साझेदारी को अधिक गतिशील और बहुआयामी बनाने में योगदान देगी.

सांचेज ने अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा कि उनकी यात्रा भारत और स्पेन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी, क्योंकि दोनों देशों का दुनिया में अपना एक प्रभाव है. एक आवाज और प्रभाव, जो हमारे देशों के साथ मिलकर काम करने पर कई गुना बढ़ जाता है. उन्होंने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि आज हम एक महत्वाकांक्षी संयुक्त घोषणा का समर्थन कर रहे हैं जिसमें हमारे सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है. हम निवेश, रेलवे, सीमा शुल्क, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर करने का जश्न मना रहे हैं और हम उन मुद्दों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं जो हमारे संबंधों की समृद्धि और गहराई को दर्शाते हैं. सांचेज ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि दोनों देशों के बीच सहयोग कई अन्य क्षेत्रों में भी बढ़ता रहेगा. उन्होंने कहा कि 2026 में संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम मेधा के लिए स्पेन-भारत वर्ष के जश्न को देखते हुए इसे अ ौर मजबूती मिलेगी.

स्पेन के प्रधानमंत्री ने कहा, दोनों देश एक दूसरे के पूरक हैं. भारत न केवल हिंद-प्रशांत में बल्कि व्यापक संदर्भ में भी एक प्रमुख भूमिका निभाता है. स्पेन लैटिन अमेरिका के साथ विशेषाधिकार प्राप्त संबंध, मध्य पूर्व में ऐतिहासिक संबंध, अफ्रीका में उपस्थिति में हुई वृद्धि और यूरोपीय संघ में एक अग्रणी आवाज है. उन्होंने कहा कि यह भूराजनीतिक ढांचा दोनों देशों को विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचने और करीबी और अधिक उत्पादक संबंध विकसित करने के कई अवसर प्रदान करता है.

सांचेज ने कहा, भारत और स्पेन कई लक्ष्यों को साझा करते हैं, विशेष रूप से बहुपक्षीय व्यवस्था को मजबूत करने और दुनिया भर में शांति और लोकतंत्र को संरक्षित करने में. हम उन लक्ष्यों पर एक साथ काम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा कि जलवायु आपातकाल, गरीबी और असमानता के खिलाफ लड़ाई जैसी चुनौतियों के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय कारकों के प्रयास और राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है. उन्होंने कहा, इन मुद्दों का सामना करने के लिए भारत का प्रभाव और नेतृत्व आवश्यक है और यही स्पेन की प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प है. इसलिए प्रधानमंत्री मोदी, हम अपने शानदार सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं. इससे पहले सुबह में दोनों नेताओं ने वडोदरा में हवाईअड्डे से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड तक 2.5 किलोमीटर के मार्ग पर एक रोड शो का नेतृत्व किया.

### जब कलकत्ता हाई कोर्ट...

वीडियो रातों-रात आधिकारिक यूट्यूब चैनल से 'गायब' हो गया. उस घटना में सुरक्षा की बड़ी खामी सामने आई थी. सुप्रीम कोर्ट का चैनल ही नहीं मिल पाया. एक वीडियो पर क्लिक करने पर दूसरा वीडियो खुल गया. इस बार कलकत्ता हाई कोर्ट में भी ऐसा ही हुआ. इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं.

### अगले साल हो सकती...

दूसरी तरफ, सरकार की सबसे बड़ी सहयोगी टीडीपी ने भी विपक्ष की जाति गणना के जवाब में कौशल गणना का नया विचार सामने रखा है, जो रोजगार के अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है.

## ईवीएम जैसी निर्जीव चीज का बहाना लेती है कांग्रेस: ओमप्रकाश धनखड़

**गुरुग्रामः** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ अपनी हार पर कांग्रेस ईवीएम जैसी निर्जीव चीज का बहाना लेती है जो जवाब नहीं दे सकती. भाजपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ती है और जीत दर्ज करती है. भविष्य में भी होने वाले निकाय चुनावों में भाजपा की जीत जय है. यह बात उन्होंने सोमवार को गुरुग्राम में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यालय में कार्यशाला के बाद पत्रकार वार्ता में कही. जिलाध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, मुकेश शर्मा व महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी भी उपस्थित रहीं.

कार्यशाला में ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा. सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इसके बारे में राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी. संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने बूथ और मंडल स्तर पर कार्यशाला करके नए सदस्य जोडने के बारे में बताया. ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है. हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और हर बूथ पर 250 सदस्य बनाए जाने हैं. उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया है. गुरुग्राम विधानसभा में 1 लाख 25 हजार, बादशाहपुर विधानसभा में भी 1 लाख 25 हजार व पटौदी तथा सोहना विधानसभा में 1-1 लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे. कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए धनखड़ ने कहा कि यह सदस्यता अभियान नगर निगम चुनाव को भी सरल बना देगा और चुनाव में भाजपा का परचम लहराएगा.

संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की जीत व तीसरी बार सरकार बनाने की बधाई दी. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही स्पष्ट बहुमत की सरकार बनी है. भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कार्यशाला में गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभाओं में जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया. कमल यादव ने कहा कि जल्द ही नगर निगम चुनाव होने हैं, इसलिए कार्यकर्ता अधिक से अधिक मेहनत करें और नए लोगों को भाजपा के साथ जोड़ें. कार्यशाला में महेश चौहान, बोधराज सीकरी, समय सिंह भाटी, महेश यादव, हरविंद्र कोहली, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, सर्वप्रिय त्यागी, जिला मीडिया प्रमुख पवन यादव, सह प्रमुख राकेश राणा, नीरज यादव, प्रदेश और जिले के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ, विभाग और मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## न्यूज़ कॉर्नर

### करेंट लगने से किशोर की मौत

**भागलपुर:** जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र के भूड़िया गांव में सोमवार को हाई वोल्टेज तार के चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई. किशोर शौच करने के लिए घर से 500 मीटर की दूरी पर पश्चिमी बहियार गया था. नदी किनारे हाई वोल्टेज तार गुजरा हुआ था, जिसके चपेट में आ गया. हादसे में किशोर के गले में 25% करंट अंदर छेद करते हुए काट दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है. किशोर सुभाष मंडल का पुत्र सिंटू कुमार (10) है. हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुटे, तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन ने शव को थाना लाया. उन्होंने बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है. बिजली विभाग से मुआवाजे की मांग की गयी है. इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है.

### महिला की हत्या कर आरोपित पहुंचा थाना

**बेतिया:** बिहार केगोपालगंज में विद्युत विभाग के जेई पद पर कार्यरत पश्चिम चंपारण जिला के सिरिसिया थाना के तुरहापट्टी निवासी मनीर अंसारी ने अपनी चचेरी भाभी सहलोदा खातून की फरसा से काट हत्या कर दी है. घटना सोमवार की है. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित मनीर अंसारी ने कुमारबाग थाने में पहुंच आत्मसम्पर्ण कर दिया है. बेतिया एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने बताया कि सहलोदा खातून की हत्या उसके पड़ोसी मनीर अहमद ने धारदार हथियार से मार कर दी है. मुनीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार को भी जब्त कर लिया गया है. विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम घटना स्थल पर पहुंच छानबीन कर रही है. गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे सहलोदा के पति आलमगीर अंसारी ने बताया कि उनकी पत्नी अपने दरवाजे पर मुज का डलिया बिन रही थी. इसी दौरान मनीर अपने घर की चहारदीवारी फान कर पीछे से आया और तलवार से सहलोदा के ऊपर वार करने लगा. बच्चे डरकर घर में घुस गए और अपने को बंद कर लिया. बच्चों के चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण व गांव में कुछ दूरी पर बैठे आलमगीर अंसारी दौड़कर आए. ग्रामीणों के आते देख आरोपित मनीर अंसारी वहां से फरार हो गया. मृतिका की मौके पर ही मौत हो गयी है. पश्चिम चंपारण ज़िला के तुरहापट्टी निवासी सहलोदा खातून की हत्या करने के बाद जूनियर इंजीनियर मनीर अंसारी कुमारबाग थाने में पहुंच कर पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है.

### निर्दोष को जेल भेजने के मामले में थानेदार निलंबित

**पूर्वी चंपारण:** एसपी स्वर्ण प्रभात ने बिना साक्ष्य के निर्दोष को जेल भेजने के मामले में बड़ी कार्रवाई किया है.एसपी ने छौड़ादानो थानेदार सरिता कुमारी को निलंबित कर दिया है. छौड़ादानो थानेदार पर आरोप है,कि उन्होने बिना ठोस साक्ष्य व वरीय पदाधिकारी के सूचना दिये तीन निर्दोष व्यक्तियों को जेल भेज दिया. जिसकी सूचना मिलते ही एसपी ने थानेदार को निलंबित कर दिया.उल्लेखनीय है,कि छौड़ादानो थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार की शाम नक्सल कांड के आरोपी झुना मियां को बाइक सवार अपराधियो ने गोली मार दी थी. इस मामले में छौड़ादानो थानाध्यक्ष द्वारा दो नामजद व एक अन्य को गिरफ्तार किया गया. जिससे पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति के पास कोई ठोस सबूत नही पाया गया. उसके बाद भी थानेदार द्वारा बिना रक्सौल डीएसपी व सर्किल इंस्पेक्टर को सूचना दिए ही तीनो को जेल भेज दिया गया. जबकि सर्किल इंस्पेक्टर की जांच में तीनो व्यक्ति को पुरानी रंजिश के कारण नामजद होने की पुष्टि की गयी थी.गिरफ्तार तीनो आरोपियों की घटना में संलिप्तता का कोई ठोस साक्ष्य नही मिला था.

### बुजुर्ग महिला से 50 हजार रुपए की छिनतई

**फारबिसगंज/अररिया:** फारबिसगंज के बगीचा चौक स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने पैसे की निकासी कर ई-रिक्शा पर चढ़ने के दौरान बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने पचास हजार रुपये से भरे पर्स को छीन लिया. पीड़िता 80 वर्षीया श्रेष्ठा देवी फारबिसगंज के सुल्तान पोखर वार्ड संख्या दो की निवासी है. बताया जा रहा है कि वह अपनी पोती जूही के साथ बगीचा चौक स्थित सेंट्रल बैंक आई थी और बैंक से एक लाख रूपये की निकासी की थी.बैंक से पैसे की निकासी कर जहां पोती जूही ने पचास हजार रूपये अपने पास जेब में रख ली.वहीं शेष पचास हजार रूपये बुजुर्ग श्रेष्ठा देवी अपने पर्स में रखकर ई रिक्शा का इंतजार कर रही थी. सड़क से थोड़ी देर के लिए ई रिक्शा नहीं गुजरने पर बुजुर्ग महिला की पोती जूही सड़क पर खड़े होकर एक ई रिक्शा को रुकवाती है और ज्यों ही बुजुर्ग महिला अपनी पोती के साथ ई रिक्शा पर चढ़ने का प्रयास ही कर रही थी कि बाइक पर सवार दो झपटमारों ने झपट्टा मारकर श्रेष्ठा देवी के हाथ से पैसों से भरा बैग लेकर भाग निकला. वही, इस घटना की सूचना मिलने के बाद फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की. थानाध्यक्ष ने बुजुर्ग महिला समेत उनकी पोती से घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला.सीसीटीवी कैमरा के फुटेज में बैंक परिसर में एक संदिग्ध मोबाइल पर बातचीत करता नजर आया है. जिसको लेकर पुलिस जांच में जुट गई है.

### विस उपचुनाव मझवां: चार का नामांकन निरस्त, 13 उम्मीदवार मैदान में

**मीरजापुर:** मझवां विधानसभा उप चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सोमवार को चार पर्चों में कमी पाई गई, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरस्त कर दिया. वहीं, भाजपा, सपा और बसपा समेत 13 उम्मीदवारों का पर्चा वैध पाया गया. इनमें तीन निर्दलीय भी शामिल है. नाम वापसी 30 अक्टूबर को है. सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद चार उम्मीदवारों का पर्चा निरस्त किया गया. इसमें निर्दलीय राम विलास, इंडियन नेशनल समाज पार्टी की प्रिया सिंह, आजाद समाज पार्टी के धीरज कुमार मौर्या और विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी के राम लखन विश्वकर्मा शामिल हैं. वहीं, 30 अक्टूबर को नाम वापसी होनी है. अगर किसी उम्मीदवार ने पर्चा वापस नहीं लिया तो चुनावी मैदान में 13 प्रत्याशी होंगे. मतदान 13 नवम्बर को और मतगणना की तिथि 23 नवम्बर है.

### बहराइच हिंसा मामले में 29 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**बहराइच:** जिले के महराजगंज कस्बा में बीते दिनों हुए हिंसा के बाद अब पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला लगातार कार्रवाई कर रही हैं. इसी कड़ी में उन्होंने सोमवार को 29 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया. उनकी जगह पर दूसरे पुलिस कर्मियों की तैनाती की है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज में 13 अक्टूबर को एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुए बवाल में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई थी. अगले दिन 14 अक्टूबर को वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई. जिले की बिगड़ी स्थिति को पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स की मदद से काबू में किया. इसके बाद उपद्रवियों को चिह्नित कर गिरफ्तारी शुरू की गयी. वहीं, लापरवाही बरतने को लेकर सीओ, थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज और तहसीलदार पर कार्रवाई हो चुकी है. इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने 29 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है. इनमें हरदी थाने के 14 और राम गांव थाने के 15 पुलिसकर्मी हैं. इसके अलावा पुलिस लाइन के 13 पुलिसकर्मियों को हरदी और 16 को राम गांव थाने में तैनाती मिली है.

### कपड़े की फेरी लगाकर मोबाइल चुराने वाले गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार, 60 मोबाइल जब्त

**सोनभद्र:** शक्तिनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने झारखंड राज्य के एक बाल अपचारी समेत छह मोबाइल चोरों को पकड़ा है. इनके कब्जे से 60 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं. इन सभी के खिलाफ बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में गोरखपुर, प्रयागराज जिले में कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं. अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार को बीना निवासी भोकलो दास ने शक्तिनगर थाना में तहरीर देकर बताया कि 24 अक्टूबर की शाम पांच बजे के करीब अज्ञात चार लड़कों ने बीना मार्केट में झपट्टा मारकर मोबाइल लेकर चले गये. पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लग गई थी. सोमवार सुबह पुलिस को सुचना मिली की कुछ संदिग्ध लड़के बीना बाजार में घूम रहे हैं. मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर एक बाल अपचारी समेत छह लड़कों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उनकी निशानदेही पर अनपरा स्थित किराए के मकान से 60 मोबाइल बरामद किया. एएसपी ने बताया कि पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग वर्तमान समय में डिबुलगंज अनपरा में किराये के कमरे में रह रहे हैं. उत्तर प्रदेश, बिहार एवं अन्य राज्यों में किराये का कमरा लेकर उस क्षेत्र और आसपास के बाजारों में जाकर कपड़े की फेरी लगाते हुए मोबाइल चुरा लेते हैं. उससे बिहार और बंगाल में जाकर अच्छा पैसा कमाते हैं. पकड़े गए अभियुक्तों में झारखंड राज्य के साहेबगंज जिला निवासी कुन्दन कुमार महतो, गौतम कुमार महतो, अर्जुन मण्डल, गोविन्द कुमार महतो, गोगा नोनिया और एक बाल अपचारी है. गौतम के खिलाफ छह, कुन्दन पर चार, गोगा नोनिया पर दो और अर्जुन के खिलाफ एक-एक मुकदमा दर्ज है.

पप्पू यादव की सिक्योरिटी बढ़ानी जरूरी

# पूर्णिया सांसद के 9 ठिकानों की रेकी, पटना स्थित आवास पर सन्नाटा

**पटना:** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव इन दोनों मुश्किल में हैं. लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिली धमकी के बाद पप्पू यादव डरे सहमे हैं. पप्पू यादव ने केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग की है. उन सबके बीच लॉरेंस ने पप्पू यादव के सभी ठिकानों की रेकी कर ली है. बाहुबली नेता और पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी मोल ले ली है. लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर अभियान चलाई थी और बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद एक तरीके से लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ अभियान चला रखा था. लॉरेंस बिश्नोई ने पप्पू यादव को फोन करके धमकी दी. लॉरेंस गिरोह के सदस्य ने पप्पू यादव के तमाम ठिकानों को



चिह्नित कर लिया है और फोन पर पप्पू यादव के तमाम ठिकानों का जिक्र भी किया है. फोन करने वाले शख्स ने पप्पू के 9 ठिकानों की चर्चा की है. पटना स्थित दो आवास का जिक्र भी किया गया है. उत्तरी मंदिर के अपार्टमेंट और कौटिल्य नगर आवास की चर्चा भी धमकी देने वाले शख्स ने की है. ईटीवी भारत संवाददाता रंजीत कुमार ने पप्पू यादव के पटना स्थित पुत्री मंदिर आवास का जायजा लिया. पप्पू यादव उत्तरी मंदिर में क्वालिटी कंपलेक्स आवास के पांचवें तले पर रहते हैं. छठे तले पर पप्पू यादव की पार्टी का दफ्तर है. पप्पू यादव ने गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है. उन्होंने कहा किआज जब लॉरेंस बिश्नोई गैंग का लगातार में विरोध कर रहा हूं, तो विरोध करने पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हेड ने मुझे जान से मारने की धमकी दी. धमकी के बाद भी मेरी सुरक्षा के प्रति बिहार सरकार के गृह मंत्रालय और केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गंभीरता नहीं दिखाई. लगता है मेरी हत्या के बाद ही लोकसभा एवं विधानसभा में शोक संवेदना जताने के लिए लोग सक्रिय होंगे.

## राजग की बैठक के बीच मुख्यमंत्री आवास के बाहर युवक ने की आत्मदाह की कोशिश



**पटना:** बिहार में सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जानतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक मुख्यमंत्री आवास पर चल रही थी. इस बीच एक युवक ने सीएम आवास के सामने ही खुद को आग के हवाले करने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उसे कब्जे में ले लिया. इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर राजग की बैठक चल रही थी. ऐसे में तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक युवक ने पुलिस के सामने ही खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया. उसने पुलिस बल के सामने ही पुतला फूंका. इसके बाद पुलिस बल ने उस युवक को पकड़ लिया. यह युवक बिहार पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हंगामा कर रहा था. जबतक पुलिस वाले कुछ समझ पाते यह युवक मुख्यमंत्री आवास के गेट के पास पहुंच गया. इसके बाद नीतीश कुमार के स्पेशल सुरक्षा फोर्स के जवानों ने उसे पड़कर वहां से दूर हटाया. इस बीच अलग-अलग थानों की पुलिस टीम भी वहां पहुंची और युवक को हटाया. इस युवक का नाम राजेश कुमार सिंह बताया जा रहा है. युवक का कहना था कि दानापुर थाना कांड संख्या 986/24 में उसकी मां के ऊपर एक मामले के विवाद में स्कॉर्पियो चढ़ाकर मार दिया गया. इस मामले में मर्डर केस में दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर पाई. युवक ने कहा कि पुलिस की तरफ से कोई एक्शन इसलिए नहीं लिया गया क्योंकि, घटना को अंजाम भाजपा नेता ने दिया था. इस मामले को लेकर वह डीएसपी, एसपी, एसएसपी सबसे गुहार लगा चुका है. युवक ने कहा कि वह मां से बहुत प्यार करता था. यदि वह अपनी मां को न्याय नहीं दिला सका तो उसका जीना बेकार है, यही सोचकर उसने आत्मदाह की कोशिश की. युवक ने तमाम बातें एक पत्र के जरिए कही है.

## कानपुर-झांसी समेत कई जिलों से वांछित एक लाख का इनामी नजूल भूमि का सौदागर हरेन्द्र मसीह गिरफ्तार



**झांसी:** कानपुर-झांसी समेत उप्र के विभिन्न जिलों से करीब डेढ़ दर्जन के आसपास मुकदमों में वांछित एक लाख का इनामी जमीन फर्जीवाड़े का मसीहा कहा जाने वाले हरेन्द्र मसीह को झांसी जिले की नवाबाद पुलिस ने सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया. इसकी जानकारी एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी थोड़ी देर में दी जा सकेगी. उल्लेखनीय है कि करीब तीन माह पहले कानपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविल लाइंस में 1000 करोड़ रुपये की नजूल की भूमि कब्जाने के मामले में हरेंद्र मसीह को मास्टरमाइंड माना गया था. इसी मामले में कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार करके जेल भेजा था. जबकि मास्टर माइंड हरेंद्र फरार चल रहा था. पुलिस ने हरेंद्र सहित 13 लोगों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी है. इसके लिए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने उस पर बीते दिनों घोषित 50 हजार के इनाम को बढ़ाकर एक लाख कर दिया था. हरेन्द्र मसीह पर कानपुर, झांसी समेत कई जनपदों में नजूल की भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेच कर करोड़ों की धोखाधड़ी की जा चुकी है. पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी, आखिरकार झांसी जनपद पुलिस ने आज उसे दबोच लिया. उसके पकड़े जाने से सरकारी जमीनों को फर्जी दस्तावेज बनाकर सौदेबाजी के पूरे नेटवर्क में शामिल लोगों का खुलासा हो सकेगा.

### कलयुगी बेटे ने की मां हत्या, पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**औरंगाबाद:** औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र के मनोरा गांव में एक हृदयविदारक घटना हुई है. एक कलयुगी बेटे ने अपनी 55 वर्षीय मां की पीट-पीट कर हत्या कर दी. मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी कृष्णा दुबे की पत्नी शकुंतला देवी के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय कुमार पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया. जानकारी के अनुसार, रविवार की रात किसी बात को लेकर बेटा और मां के बीच बहस हो गयी थी. इसी क्रम में सनकी बेटे ने मां को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया. घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. लेकिन, सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गयी है. बताया जा रहा कि सनकी बेटा अक्सर मां के साथ मारपीट करता था. आरोपित ने कुछ दिन पहले अपने पिता को भी मारपीट कर घर से निकाल दिया था.

## सिवान में बदमाशों ने बीजेपी नेता से मांगी 1 करोड़ की रंगदारी, न देने पर हत्या की धमकी



**सिवान :** बिहार के सिवान में जमीन कारोबारी और भाजपा नेता सुभाष चौहान से 1 करोड़ की रंगदारी मांगी गई है. इस वाकये के बाद सुभाष चौहान काफी डरे हुए हैं. वह इसकी शिकायत लेकर जिला प्रशासन के पास पहुंचे और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है. बता दें कि एक बार पहले भी बदमाश उनपर जानलेवा हमला कर चुके हैं. उन्होंने अपने आवेदन में लिखा कि वो सिवान के रहने वाले हैं और उन्हें एक नंबर से कॉल आई. दूसरी ओर से धमकी भरे लहजे में कहा गया कि तम एक करोड़ रुपया दे दो नहीं तो 10 दिन में तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी. मेरी ओर से कहा गया कि मेरा बाप-दादा भी एक करोड़ रुपया नहीं देखा है. तुमको एक करोड़ रुपया कहां से दे दूं. उन्होंने अपने आवेदन में ये भी लिखा कि उन्होंने रंगदारी मांगने वाले से ये तक कहा कि उन्होंने किसी गलत व्यक्ति को फोन कर दिया है. उधर से कहा गया कि मैं सुभाष चौहान के पास फोन किया हूं. मेरा लड़का लोग तुमसे संपर्क करेगा. इतना कहकर उस व्यक्ति ने मोबाइल फोन कट कर दिया. सुभाष चौहान ने जिला प्रशासन से जान-माल के सुरक्षा की मांग की है. आपको बता दें कि सुभाष चौहान भारतीय जनता पार्टी जुड़े हैं. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि फोन का लोकेशन त्रिपुरा में शो कर रहा है. जिस पर प्रशासन काफी बारीकी से कार्य कर रही है. सुभाष चौहान वार्ड पार्षद के पति हैं और वह जमीन कारोबारी है. कुछ वर्ष पहले भी अपराधियों ने नया किला मैदान के पास उन्हें गोली मारी थी. काफी इलाज के बाद उनकी जान बच पाई थी. उसके बाद फिर कुछ वर्षों बाद इस तरह से फोन पर धमकी देना और एक करोड़ रंगदारी की मांग करने से सुभाष चौहान एवं उनके परिवार काफी डरा हुआ है.

## सदर अस्पताल के 102 एंबुलेंस चालकों ने किया अनिश्चितकालीन हड़ताल




**किशनगंज:** सदर अस्पताल परिसर में 102 एंबुलेंस चालकों ने सोमवार को अपने कई मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं. वहीं चालकों का मुख्य मांग पांच माह से वेतन न मिलने पर तथा नई एजेंसी जिगिजा कंपनी के साथ तालमेल का अभाव होने से यह हड़ताल किया गया. 102 एंबुलेंस अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव का कहना है कि हम पूरे निष्ठा भाव, ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हुए ड्यूटी करते हैं. मगर बिहार सरकार हम लोगों का ही वेतन रोक रखा है. पांच माह से वेतन नहीं मिलने के कारण चालकों के परिवार का भरण पोषण करना अत्यंत कठिन हो गया है. जिससे हम लोग विवस होकर आज इस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं. इस समस्या को लेकर हम लोगों ने जिलाधिकारी व अन्य कई जगहों पर ज्ञापन सौंपा है. मगर सब जगह से आश्वासन ही मिला. हम लोगों का वेतन बिहार सरकार के द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी स राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार एवं एजेन्सी पीडीपीएल तथा वर्तमान में नई एजेन्सी जिगिजा (जैन प्लस) कम्पनी के द्वारा आपस में तालमेल के अभाव में हम लोगों का माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर माह का वेतन का भुगतान नहीं हुआ है. पहली मांग यह है कि सभी कर्मचारियों का बकाया भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा का शत-प्रतिशत अंशदान संबंधित कार्यालय में जमा किया जाय और उसके बाद ही नई कम्पनी को जिम्मेदारी हेन्ड ओवर किया जाय. दूसरी मांग में कहा सभी कर्मचारियों को बिहार सरकार की न्यूनतम मजदूरी से कम से कम इक्कीस हजार रूपया मासिक वेतन किया जाय. वहीं तीसरी मांग में सभी कर्मियों का दुर्घटना बीमा अवश्य कराया जाय एवं कार्य अवधि में आकस्मिक मृत्यु पर कम से कम 10 लाख रूपया मुआवजा दिया जाय. राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा अगर नई एजेन्सी को कार्य संचालन का जिम्मा दिया जाता है तो सभी बकाया राशि के भुगतान के बाद एक साथ सभी चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों का फॉर्म भरा जाय एवं कार्य भी एक साथ दिया जाय. वही सभी 102 एंबुलेंस चालकों का कहना है कि अगर इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से बात नहीं बनी तो आगे चलकर वह भूख हड़ताल करेंगे.

### एसएसबी और घुरना थाना पुलिस ने तीन किलो गांजा के साथ बाइक सवार दो को किया गिरफ्तार

**अररिया:** भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा में लगे एसएसबी 56वीं बटालियन के जी समवाय की टीम और घुरना थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सोमवार को बाइक सवार दो तस्करों को तीन पैकेट गांजा के साथ गिरफ्तार किया. जब्त तीन पैकेट गांजा का वजन तीन किलो है,जिसे अपाची बाइक पर सवार दोनों तस्कर के द्वारा नेपाल से तस्करी कर लाया गया था. पुलिस और एसएसबी ने तस्करी में उपयोग में लाए गए लाल रंग का अपाची बाइक संख्या बीआर 38वाई 2624 जब्त किया. एसएसबी की ओर से जी समवाय के पार्टी कमांडर प्रवीण प्रभाकर और घुरना थाना पुलिस की ओर से थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर यह कामयाबी घुरना पश्चिम और अचरा रोड में शेख टोला वार्ड संख्या छह भारत नेपाल पीलर संख्या 190/7 के पास प्राप्त की.गिरफ्तार तस्करों में घुरना थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 के जटवारा चरघरिया का रहने वाला आफताब पिता अफ्फाक और मजेबुल पिता महबूल है.

## ललितपुर में कलयुगी बेटे ने माता-पिता पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**ललितपुर:** जनपद में सदर कोतवाली क्षेत्र में मनपसंद युवती से शादी न कराए जाने से नाराज कलयुगी बेटे ने माता-पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी के वार से घायल दंपति को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर कर दिया गया है. पुलिस ने घटना के बाद खुद को घर में बंद कर लेने वाले आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है. सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रैदासपुर मोहल्ला रहने वाले रामकुमार (49) पत्नी सरोज (45) और परिवार के साथ रहते हैं. बीती देर रात इनका बेटा दीपक (25) शराब के नशे में घर पहुंचा. बताया जा रहा है कि दीपक ने माता-पिता से मनपसंद युवती से शादी कराने की बात कही. इस पर परिजनों ने इंकार कर दिया और दूसरी जगह शादी कराने को कहा. इस बात से आक्रोशित बेटे ने घर में रखी कुल्हाड़ी निकाली और माता-पिता पर हमला कर दिया. इस हमले में कुल्हाड़ी के वार से दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए. चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने लहुलूहान



हालत में दंपति को अस्पताल में भर्ती कराया. इस बीच घर में आरोपित ने खुद को बंद कर लिया. पुलिस सीढ़ी लगाकर घर में छत से दाखिल हुई और काफी प्रयास के बाद आरोपित को काबू करते हुए गिरफ्तार कर लिया. सदर कोतवाल रमेश चन्द्र मिश्रा ने सोमवार को बताया कि एक बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर अपने माता-पिता को घायल कर दिया है. गंभीर हालत में दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है. जहां उनका उपचार जारी है. वहीं आरोपित बेटे को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है. जांच पड़ताल में बेटे की पसंद की युवती से शादी न कराने की बात पर माता-पिता से नाराजगी की बात सामने आ रही है

## दिन दहाड़े दबंग ने किसान को गोली से भूना, गिरफ्तार

**हमीरपुर:** मौदहा कोतवाली के गांव बिहरका में सोमवार को दिन दहाड़े युवक की हत्या से हड़कम्प मच गया. सूचना पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मौके की नजाकत को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है. एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने सोमवार को शाम बताया कि घटना में शामिल आरोपी को मोके से गिरफ्तार कर लिया गया है. हत्या में प्रयुक्त असलहा बरामद कर आगे की कार्रवाई कराई जा रही है. बिहरका गांव निवासी विक्रम सिंह 43 सोमवार को दोपहर बाद अपने खेतों की जुताई करके वापस लौटा था तभी पड़ोसी लवकुश सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह से किसी बात पर विवाद शुरू हो गया. इसी बीच लवकुश सिंह अपने घर में रखी बंदूक लेकर आ गया और गाली-गलौच करते हुए ललकारने लगा और हवाई फायरिंग भी शुरू कर दी. इसके बावजूद विक्रम सिंह सामने से नहीं हटा तो लवकुश सिंह ने उसके सीने में फायर झोंक दिया. गोली लगते ही विक्रम सिंह अपने घर के बरामदे में गिर गया और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई है. दिन दहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है. घटना सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सीओ विनीता पहल सहित कई थानों की पुलिस दल बल और फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे हैं. और जांच पड़ताल व साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बताया जाता है कि पुलिस ने हत्यारोपी लवकुश सिंह को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. बताया गया है कि मृतक की दो शादियां हुई थीं जिसमें पहली पत्नी की मृत्यु हो गई थी. दोनों पत्नियों से पांच पुत्र व एक पुत्री है. घटना से गांव में सन्नाटा पसरा है और मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है. एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने सोमवार को शाम बताया कि घटना में शामिल आरोपी को मोके से गिरफ्तार कर लिया गया है.

## पहले के सभी कुंभों से विराट और भव्य होगा 2025 का प्रयागराज महाकुंभ : आदित्यनाथ

**कुरुक्षेत्र/लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीस धुनी व शंखाढाल भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए. उन्होंने यहां देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को संबोधित किया. उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का ये सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों से ज्यादा विराट और भव्य होगा. आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी. आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष 'परित्राणाय साधुनाम, विनाशाय च दुष्कृताम' को सिद्ध करके दिखा दिया है. हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि जनता का जनार्दन रूप कैसा होता है. सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति को रसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है. उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय और नि:श्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किये बिना नि:श्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है. उन्होंने कहा कि धर्म के दो हेतु हैं, पहला अभ्युदय और



दूसरा है नि:श्रेयस का. अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उत्कर्ष है, जिसमें हम अपने सामर्थ्य के अनुसार अपनी ऊर्जा को लोककल्याण के साथ जोड़ते हैं. इसके लिए हमें सही फैसला लेना होगा. धार्मिक क्षेत्र में अच्छे संत चाहिए होंगे. विकास के लिए सही लोग चुनने होंगे. अच्छे लोगों को चुनेंगे तो परिणाम भी अच्छा आएगा. हरियाणा के लोगों ने अच्छा फैसला किया है. ये भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग की धरा है. जिन लोगों ने बुरा किया, उनका परिणाम भी बुरा ही होगा. दूसरा हेतु है नि:श्रेयस का. एक योगी या सद्गृहस्थ अपने अभ्युदय को विस्मृत करके कभी नि:श्रेयस की प्राप्ति नहीं कर सकता. जब सांसारिक उत्कर्ष के लिए निष्काम भाव से काम करेंगे तो परिणाम हमें इसी रूप में देखने को मिलेगा. ये इस लोक में विकास के साथ लोकमंगल की कामनाओं की सिद्धि का आधार तो तय करेगा ही, इसके बाद वह हमारी मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा. यही धर्म की दो कामनाएं हैं. इन्हीं कामनाओं को लेकर प्राचीन काल से संतों के समागम होते रहे हैं. समय-समय पर इस धरा धाम को उपकृत करने वाले दैवीय महापुरुषों के माध्यम से जो विशिष्ट घटनाएं घटित हुईं वही हमारे पर्व और त्यौहार बन गये. उन्होंने अपना संस्मरण सुनाते हुए जूनागढ़ में गुरुगोरखनाथ आश्रम के पूज्य गुरु श्रीत्रिलोकनाथ बाबू जी के भजन का उल्लेख करते हुए कहा कि 'संत हैं सुहागी, रहते सदा मगन, जाते हैं जिस लोक में करते सदा चमन'. पेहोवा के इस स्थल से अवतारी योगी सत्यनाथ जी की परंपरा को पूरे देश में विस्तार मिला. मगर पिछली चार पीढ़ियों से यहां की स्थिति ठीक नहीं थी. मगर ये प्रसन्नता का विषय है कि महंत शेरनाथ जी ने न केवल पेहोवा, बल्कि मुजफ्फरनगर और शामली के उजड़े हुए पवित्र स्थानों में 'चमन' लाकर और सिद्धों की भावनाओं को मूर्तरूप देकर भक्तों के मन में नया विश्वास जागृत किया है. चार पीढ़ी से पतन की ओर जा रही ये पावन धरा एक योगी के आने के बाद उत्थान की ओर अग्रसर हुई है. यह नाथ संप्रदाय के एक सुप्रसिद्ध सिद्ध योगी गरीबनाथ जी की पावनधरा है.

## देश - विदेश

### रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, पैनी नजर से निगरानी कर रहे

**बीकानेर:** दीपावली पर रेलवे स्टेशन पर किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हो, इसके लिए रेलवे सुरक्षा बल पैनी नजर से निगरानी कर रहा है. स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है. सोमवार को रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस की संयुक्त टीम ने स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, पार्सलघर, वेटिंग रुम, कैंटीन सहित क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया. उत्तर-पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के सुरक्षा आयुक्त संजय पीसे के निर्देश पर आरपीएफ थाना प्रभारी सुभाष बिश्नोई के नेतृत्व में टीम ने करीब एक दर्जन ट्रेनों में जांच की. इस दौरान डॉग स्क्वॉड से यात्रियों का सामान खंगाला. ट्रेनों के साथ ही प्लेटफार्म पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामान को मेटल डिटेक्टर से जांचा-परखा. साथ ही प्रत्येक स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी पुलिस निगरानी कर रही है. सुरक्षा की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान में जीआरपी थाना प्रभारी नेहा राजपुरोहित, लक्ष्मीनारायण, गोविंद सिंह सहित आरपीएफ और जीआरपी का स्टाफ मौजूद रहा.

### पुलिस पर दलित नाबालिग के साथ मारपीट का आरोप

**सीकर:** खंडेला थाना पुलिस द्वारा 13 साल के नाबालिग को चोरी के आरोप में हिरासत में रखने व उसके साथ मारपीट करने के मामले में परिजनों ने सीकर एसपी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन किया. आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने दलित नाबालिग को पेशाब भी पिलाया. ग्रामीण बलबीर भारतीय ने बताया कि 21 अक्टूबर की रात को खंडेला पुलिस द्वारा 13 साल के नाबालिग लड़के को जबरन उठाकर चोरी करने के आरोप में हवालात में बंद कर दिया गया. इसके बाद पुलिसकर्मियों ने नाबालिग के साथ मारपीट की और उसे पेशाब पिलाया. परिजन जब नाबालिग को थाने से लेने गए तो पुलिसकर्मियों ने परिजनों से कहा कि 50 हजार रुपए लेकर थाने आ जाओ. पुलिसकर्मी नाबालिग के साथ हवालात में मारपीट कर रहे थे. नाबालिग का दादा जब थाने में उसे लेने गया तो उसके साथ भी मारपीट की गई. परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर कुकर्म के आरोप भी लगाए हैं. परिजनों ने आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी ऑफिस के बाहर जमकर नारेबाजी की और दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की.

### एनिकट में डूबने से 15 वर्षीय लड़के की मौत

**सवाई माधोपुर:** मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के करेल गांव में सोमवार को अपने पिता के साथ जंगल में बकरी चराने गए 15 वर्षीय अमन मीणा का एनिकट में पैर फिसल गया. अमन गहरे पानी में डूब गया. पिता ने अपने पुत्र को पानी में डूबता देख मदद की गुहार लगाई. आसपास खेतों में काम कर रहे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों ने एनिकट में कूदकर कड़ी मशक्कत के बाद अमन को बाहर निकाला और मलारना डूंगर सीएचसी पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया. सूचना पर कार्यवाहक एसडीएम संतोष कुमार शर्मा व कार्यवाहक थाना अधिकारी संपत सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे. संपत सिंह ने बताया कि करेल निवासी 15 वर्षीय अमन मीणा अपने पिता रामभरोस के साथ खेतों पर बकरी चराने के लिए गया था. एनिकट में पैर फिसलने से अमन पानी में डूब गया. उधर, अमन के पिता रामभरोस की ओर से घटना को लेकर पुलिस को लिखित में रिपोर्ट दी है. वहीं अमन के पिता की ओर से अपने नाबालिग पुत्र का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया. पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### रैगिंग करने वाले मेडिकल कॉलेज के 10 स्टूडेंट्स सात दिन क्लास से सस्पेंड

**भरतपुर:** भरतपुर के जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज में हुई रैगिंग के मामले में कॉलेज प्रशासन ने 10 सीनियर स्टूडेंट्स को सात दिन के लिए सस्पेंड कर दिया है. कॉलेज प्रशासन ने सात छात्राओं और तीन छात्रों को दोषी माना है. दीपावली की छुट्टियों के बाद इनकी सजा शुरू होगी. एक महीने तक लाइब्रेरी, खेल, जिम आदि नहीं जा सकेंगे. घटना 21 अक्टूबर की है. मेडिकल कॉलेज में एक साथ 13 छात्राओं के साथ रैगिंग की गई थी. 10 स्टूडेंट ने एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की 13 छात्राओं को कॉमन रूम में रोका और जबरन उनकी हॉबी पूछ गई और गाना गाने के लिए भी मजबूर किया. रैगिंग से परेशान छात्राओं ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रिंसिपल से की थी. इसके बाद एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच की. जैसे ही मामला प्रिंसिपल तरुण लाल के संज्ञान में आया, उन्होंने तुरंत एंटी रैगिंग कमेटी को सक्रिय कर दिया था. सभी पीड़ित छात्राओं को प्रिंसिपल के रूम में हाजिर किया गया था. उन्होंने किसी भी तरह की कार्रवाई करवाने से मना कर दिया था. बावजूद इस मामले को उन्होंने गंभीरता से लिया था. 26 अक्टूबर को कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग करने वाले स्टूडेंट्स को परिजनों के साथ कॉलेज में बुलाया था. सभी स्टूडेंट्स के बयान लिए गए थे. इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 10 स्टूडेंट्स को दोषी माना है. प्रिंसिपल ने बताया कि रैगिंग लेने वाले स्टूडेंट के खिलाफ कार्रवाई की गई है. सात छात्राओं और तीन छात्रों को चार से लेकर 11 नवंबर तक क्लास से निष्कासित किया गया है.

### फायरिंग कर जानलेवा हमले में चार आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत:** जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने फायरिंग के जानलेवा हमले में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए आरोपित हर्षित उर्फ अंग्रेज बेगुसराई, बिहार, राजू उर्फ राजन गोपालगंज, बिहार, सुनील उर्फ सन्नी आरा, बिहार और ऋतिक उर्फ बिल्ली हर्षवर्धन कॉलोनी, कुण्डली, सोनीपत के रहने वाले हैं. सोमवार को इस घटना की जानकारी देते हुए बताया गया कि 21 अक्टूबर को नवीन, जो कुण्डली में जिम चलाता है, ने थाना कुण्डली में शिकायत दर्ज कराई थी. नवीन के अनुसार 20 अक्टूबर को जब वह अपने मित्र अर्पित के कार्यालय में था, अमन और उसके 7-8 साथी वहां पहुंचे. अमन ने नवीन को जान से मारने की धमकी देते हुए पिस्तौल से पांच गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली नवीन के दाहिने पैर और दूसरी उसके बाएं पैर में लगी. इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया. थाना कुण्डली के उप निरीक्षक महेंद्र की अगुवाई में पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

### पुलिस ने हथियार तस्करी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** सोनीपत की क्राइम यूनिट ने अवैध हथियार की तस्करी में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम इन्द्रजीत उर्फ बिल्ला नसीरपुर गांव का निवासी है. पुलिस ने रविवार को खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया. पुलिस टीम में मुख्य सिपाही संजय कुमार शामिल थे. पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मेरठ-लोहारू रोड पर रेलवे फ्लाईओवर के पास इन्द्रजीत को पकड़ा गया है. तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल 32 बोर और छह जिंदा राउंड बरामद हुए. पिस्तौल की मैगजीन खाली थी. पुलिस ने इस मामले में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत थाना राई में प्राथमिकी दर्ज की है. गिरफ्तार आरोपित को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया. इस कार्रवाई से पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी पर कड़ी नज़र रखते हुए सख्त कदम उठाने की पुष्टि की है.

### जमीनी विवाद में भतीजे पर गोलीबारी, मामला दर्ज

**सोनीपत:** जमीनी विवाद के चलते सोनीपत के पुरानी बसौदी गांव में एक युवक पर गोली चलाने की घटना सामने आई है. आरोप है कि ताऊ और उनके साथी ने मिलकर युवक पर तीन गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली युवक के पैर में लगी. घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रमजान नामक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेती करता है और उसके ताऊ कप्तान के साथ खेत की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है. इस विवाद के चलते कप्तान ने पहले भी कई बार उसे जान से मारने की धमकी दी थी. रविवार की देर शाम को रमजान अपने खेत की तरफ जा रहा था कि तभी उसके ताऊ कप्तान और एक अन्य व्यक्ति ने आकर उस पर हमला किया. जैसे ही रमजान ने मोटरसाइकिल मोड़ने की कोशिश की, हमलावरों ने उस पर तीन गोलियां दागीं. इनमें से एक गोली उसके दाहिने पैर की पिंडली में लगी, जिससे वह घायल हो गया. घायल रमजान किसी तरह गांव के पास स्थित एक शराब के ठेके तक पहुंचा, जहां उसे डायल 112 की पुलिस टीम मिली. पुलिस ने स्थिति को समझते हुए उसे तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां से बाद में पीजीआई रेफर कर दिया गया. थाना बहालगढ़ के उप निरीक्षक समुंद्र सिंह ने बताया कि रमजान की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की है. फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन आरोपियों की तलाश जारी है.

# राजनाथ सिंह से एमएलए बालमुकुंद ने की शिकायत, शिया धर्मगुरु बोले- उन्होंने महिलाओं से अभद्रता की

**जयपुर:** हवामहल से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ के जयपुर में शिया समुदाय ने एक प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है. ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना डॉ. यासूब अब्बास ने मीडिया से बात करते हुए सरकार से मांग की है कि सरकार बालमुकुंद आचार्य पर कार्रवाई करे. उन्होंने यह भी कहा कि हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता में उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की है. गौरतलब है पिछले दिनों हवामहल से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बालमुकुंद आचार्य पर जयपुर में एक



शिया इमाम बाड़े में घुस कर महिलाओं के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया था. शिया मुस्लिम समुदाय ने विधायक बालमुकुंद आचार्य पर आरोप लगाए थे कि वो अपने कुछ लोगों के साथ इमाम बाड़े में जूते लेकर घुस गए थे. जहां कुछ महिलाएं नमाज पढ़ रहीं थीं.

अब्बास ने कहा कि उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से पूरे मामले पर बात की है. उन्हें इस मामले के बारे में जानकारी दे दी गई हैं. इसके अलावा शिया समुदाय का एक डेलिगेशन जल्द ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करेगा. विधायक बालमुकुंद आचार्य पिछले दिनों एक इमाम बाड़े में घुस गए थे. उन्होंने आरोप लगाया था कि यहां जमीन पर कब्जा किया गया है वक्फ बोर्ड ने रातों-रात बोर्ड लगाए हैं. विधायक ने कहा कि कागज दिखाओ. वहीं इंतजामिया कमेटी शिया वक्फ इमाम बारगाह के सदर ताहिर हुसैन ज़ैदी ने बताया कि वक्फ बोर्ड की जमीन के पूरे कागज उनके पास मौजूद हैं. यहां जो बोर्ड लगे हुए हैं वे सालों पुराने हैं.

## सोलर पम्प संयत्र पर किसानों को मिलेगा 60 प्रतिशत अनुदान

**बीकानेर:** बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिलों में इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के कमाण्ड क्षेत्र में राजस्थान जल क्षेत्र पुनः संरचना परियोजना (आरडब्ल्यूएसआरपीडी) के तहत किसानों के लिए 3, 5 और 7.5 एचपी के लगभग पांच हज़ार ऑफ ग्रिड सोलर पम्प संयत्र स्थापित किये जाएंगे. राज्य सरकार द्वारा इसके लिए किसानों को 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी.जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (आरडब्ल्यूएसआरपीडी ) राकेश गुप्ता ने बताया कि जल संसाधन विभाग के माध्यम से संचालित इस योजना के तहत इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के कमांड क्षेत्र में किसानों को यह सब्सिडी दी जाएगी तथा शेष 40 प्रतिशत राशि संबंधित कृषक द्वारा वहन की जाएगी.

कृषक द्वारा वहन की जाने वाली लागत में से 30 प्रतिशत राशि तक का बैंक ऋण प्राप्त किया जा सकता है. इसके लिए कम्पनी रोटोमग मोटर्स एंड कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबन्ध किया गया है. उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पात्र कृषकों की कृषि भूमि पर पम्प स्थापित करने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा.अतिरिक्त मुख्य अभियंता गुप्ता ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अधीन चलाई जा रही आरडब्ल्यूएसआरपीडी परियोजना में पम्पों की लागत उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित पी.एम. कुसुम योजना से कम आएगी. इस योजना के अधीन 12 प्रकार के पम्पों में से कृषक अपनी आवश्यकतानुसार पंप लगवा सकते हैं.

## केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने 35 लाख रुपये के 18 हजार किलो संदिग्ध रंग मिले मसाले को किया सीज



**बीकानेर:** दीपावली के त्योहार से पहले केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत बीकानेर के बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में मसाले के संदर्भ में बीकानेर की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है.

संयुक्त निदेशक डॉ एसएन धौलपुरिया के नेतृत्व में दल द्वारा लगभग 35 लाख रुपये बाजार कीमत के 18,000 किलो से ज्यादा संदिग्ध रंग मिले मसाले सीज करने के कार्रवाई की गई है. डॉ धौलपुरिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान को प्राप्त इनपुट के आधार पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर के निर्देशानुसार बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में स्थित आरके इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया. यहां लगभग 18,000 किलो संदिग्ध रंग मिले मसाले जिसमें 245 कट्टे लाल मिर्च, 200 कट्टे धनिया पाउडर तथा 1000 किलो हल्दी पाए गए जिन्हें मौके पर ही सीज करने की कार्रवाई की गई. उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मसाले में रंग मिलाकर इन्हें लाल पीला किया गया है और यह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकते हैं.

सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशानुसार जिले में लगातार बड़ी कार्यवाहियां खाद्य सुरक्षा के लिए की जा रही है. इसी क्रम में मसाले के संदर्भ में यह सबसे बड़ी कार्रवाई है. सीज करने से पहले मसाले के नमूने संग्रहित किए गए हैं जिन्हें जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा. उन्होंने कहा कि अगर यह मसाले लैब रिपोर्ट में अशुद्ध पाए जाते हैं तो फर्म के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जावेगी. कार्रवाई दल में जयपुर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, अमित शर्मा तथा देवेंद्र राणावत जबकि बीकानेर से श्रवण कुमार वर्मा शामिल रहे.

### त्योहार पर व्यवस्था बनाने के लिए सक्रिय हुए नगर निगम के अधिकारी

**हिसार:** दीपावली को देखते हुए नगर निगम प्रशासन शहर के विभिन्न बाजारों में व्यवस्था बनाने को सक्रिय हो गया है. विभिन्न अधिकारी बाजारों में जाकर व्यवस्था बनाने के प्रयास में लगे हैं ताकि त्योहार के दौरान किसी को परेशानी न हो. इसी कड़ी में सोमवार को निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देशानुसार संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह ने राजगुरू मार्केट व उसके आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मार्केटों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और तहबाजारी की टीम को सड़क पर अवैध तरीके अतिक्रमण करने वालों को हटाने के निर्देश दिए. उन्होंने रेहड़ियों को मार्केट से बाहर करने के लिए भी कहा.

## भाजपा जिला अध्यक्ष के बेटे को बीच चौराहे पर पीटते रहे बदमाश, पुलिस बनाती रही वीडियो

बारां: राजस्थान के बारां जिले में मारपीट का एक बड़ा मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि कुछ बदमाशों ने बीजेपी भाजपा जिला अध्यक्ष के बेटे की चौराहे पर सरेआम पिटाई कर दी. वहीं चौंकाने वाली बात यह है कि जिस वक्त युवक की पिटाई की जा रही थी. उस वक्त पुलिस भी वहां मौजूद थी. जबकि पुलिस एक्शन लेने के बजाए इस घटना का वीडियो बना रही थी. अब मारपीट और पुलिस की हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.इस घटना के बाद बांरा पुलिस सवालों के घेरे में आ गई है. क्योंकि पुलिस के रहते चौराहे पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था.

जानकारी के अनुसार, बारां जिले में बेखौफ बदमाशों द्वारा 2 युवकों की सरेआम मारपीट की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. बताया जा रहा है कि जिस युवक के साथ मारपीट की गई है. वह बीजेपी जिला उपाध्यक्ष निर्मल मथोड़िया का बेटा प्रतिक माथोड़िया और उसका एक साथी भी था. लेकिन इस मारपीट में सबसे बड़ी बात यह रही कि वहां मौजूद पुलिसकर्मी घटना को रोकने के बजाय उसका वीडियो बनाते नजर आए.

यह घटना रविवार (27 अक्टूबर) की रात की बताई जा रही है. अंबेडकर सर्किल पर एक दर्जन से अधिक हथियारों से लैस बदमाशों ने बाइक सवार प्रतिक माथोड़िया और उनके साथी के साथ मारपीट कर बाइक तोड़ दी. बताया जा रहा है कि मामला बाइक से बदमाशों की बाइक का छू जाना था. इतनी छोटी सी बात को बदमाशों ने इसे बहाना बनाकर सरेआम तांडव मचाया. यह1 पहली बार नहीं है जब इन बदमाशों ने ऐसी घटना को अंजाम दिया है.कुछ दिन पहले भी इन बदमाशों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया था, लेकिन पुलिस ने तब भी उन्हें गिरफ्तार नहीं किया. इसके चलते बदमाशों के हौसले ओर बुलंद हो गए. इसके साथ ही शहर में बदमाश बेखौफ होते जा रहे हैं. जिले में आए दिन सरेआम लोगों के साथ मारपीट और छीनाझपटी कर रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, मारपीट की घटना में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है. पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने कोतवाली थाने में पहुंचकर घटना की जांच की. वहीं घटना के दौरान तैनात पुलिसकर्मियों को भी तलब किया गया है.

### चलती पिकअप में लगी आग,शादी का जलकर राख

**हिसार:** हांसी के भिवानी रोड़ स्थित पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी पुल के पास शादी उपरांत दुल्हा-दुल्हन व शादी का सामान लेकर जा रही एक पिकअप गाड़ी में पीछे रखे दहेज के सामान में आग लग गई. दहेज में मिले सामान व चारपाई पर बैठा एक आठ वर्षीय लड़का व एक महिला झुलस गए. राहगीरों ने गाड़ी को रुकवा कर आगजनी की घटना में झुलसी महिला व बच्चे को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी जबकि आठ वर्षीय बच्चे की नाज़ुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार नारनौल निवासी एक परिवार अपने बेटे ढोला की सोमवार को तोशाम निवासी लड़की आलिशा के साथ शादी के चलते अपने परिवार सहित बारात लेकर तोशाम आया था. शादी सम्पन्न होने के बाद वह एक रिश्तेदार को हांसी छोड़ कर वापस नारनौल जा रहा था कि हांसी भिवानी रोड स्थित नहर पुल के समीप पिकअप गाड़ी में पीछे रखे सामान के साथ रखी चारपाई में आग लग गई जिससे चारपाई पर बैठा आठ वर्षीय वैशाली तथा एक महिला झुलस गए. आग लगने के बाद गाड़ी में पीछे बैठे लोगों ने शौर मचा कर गाड़ी को रुकवाया और दोनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया. बच्चे की नाज़ुक हालत के चलते उसे हिसार रेफर कर दिया गया जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भतीजे के निधन पर जताया शोक



**रोहतक:** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सोमवार को स्थानीय प्रीत विहार कॉलोनी में पहुंचे और अपने भतीजे वैभव खट्टर के निधन पर शोक प्रकट किया. करीब 30 वर्षीय वैभव खट्टर का गत 23 अक्टूबर को बीमारी के चलते अचानक निधन हो गया था. वे गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में उपचाराधीन थे. वैभव के निधन पर दुख प्रकट करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिस भी इंसान ने इस धरती पर जन्म लिया है, उसका इस दुनिया से जाना निश्चित है लेकिन मौत के समय के बारे में किसी को कुछ पता नहीं होता, यह सब विधाता ही जानता है.

मौत को हमें स्वीकार करना पड़ता है. उन्होंने अपने भाई एवं वैभव के पिता चरणजीत खट्टर, माता पुष्पा खट्टर और बहन हिमांशी, जगदीश खट्टर, विजय खट्टर, केशव खट्टर, रमित खट्टर, अमित खट्टर, नीरज खट्टर, ईशान खट्टर सहित अन्य परिवार के लोगों का ढांढस बंधाया. इस दौरान करनाल से विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, राजीव जैन, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जिला मीडिया प्रभारी तरूण सन्नी शर्मा, राजकुमार शर्मा, रेनू डाबला, प्रतिभा सुमन, विजय आर्य, सन्नी हंस, नरेंद्र खट्टर, कुलविंद्र सिंह सिक्का के अलावा जिला प्रशासन से उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, उपमंडलाधीश आशीष कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जवाहर नगर में पहुंचे और पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष सतीश आहूजा के निधन पर शोक प्रकट किया. सतीश आहूजा का सोमवार को अचानक निधन हो गया, वे कुछ समय से बीमार थे.

# जोधपुर-पुणे इंडिगो फ्लाइट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, अहमदाबाद एयरपोर्ट पर हुआ लैंड

**जयपुर:** देश में हाल में सैकड़ों हवाई फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है. जोधपुर से उड़ान भरने वाली दर्जन भर फ्लाइटों को अब तक बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है. सोमवार (28 अक्तूबर) को एक बार फिर जोधपुर से पुणे जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ए-414 को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. धमकी की सूचना आने के तुरंत बाद ही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-414 को डायवर्ट किया गया और गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया है.

बताया जा रहा है कि फ्लाइट को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंड कराने के बाद इसे आइसोलेशन रनवे पर ले जाया गया है. वहीं अब फ्लाइट की सघनता से जांच की जा रही है. इंडिगो की फ्लाइट 6ए-414 जोधपुर से दोपहर 2.30 बजे उड़ान भरी थी. जो पुणे जानी थी लेकिन अब इस अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया है. वहीं इस सूचना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है.

बताया जा रहा है कि अब तक देश भर में 400 फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है. वहीं राजस्थान



में जयपुर और जोधपुर से उड़ान भरने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की लगातार धमकी दी जा रही है.

15 अक्टूबर को जयपुर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली थी.

19 अक्टूबर को एयरइंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी मिली और जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया.

20 अक्टूबर को पुणे से जोधपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी.

20 अक्टूबर को ही स्टार एयरलाइंस की 6 फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली.

22 अक्टूबर को राजस्थान आ रही इंडिगो की दो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. जिसके बाद जयपुर और जोधपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड कराई गई.

24 अक्टूबर को भी इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली और फ्लाइट को जोधपुर में लैंड कराया गया.

25 अक्टूबर को दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली तळीीरीर की फ्लाइट को धमकी मिली और उसे जयपुर एयपोर्ट पर डायवर्ट कर इमरजेंसी लैंड किया गया.

27 अक्टूबर को पुणे से जोधपुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई. फ्लाइट को डायवर्ट कर अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतारा गया.

27 अक्टूबर को ही बैंगलुरु से उदयपुर आने वाली तळीीरीर की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई.

28 अक्टूबर को भी जोधपुर से पुणे जाने वाली इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. अब उसे भी अहमदाबाद एयरपोर्ट पर जांच के लिए उतारा गया है.

## सुडोकू–58

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | 9 | | 2 | |
| 5 | | 3 | | | | 9 | | |
| 1 | | | 3 | 2 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 1 | | 4 | 3 | | 2 |
| | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | |
| 2 | | 1 | 6 | | 3 | | 9 | |
| 9 | 1 | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | 2 | | | | 5 | | 6 |
| | 3 | | 2 | | 6 | | | |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू - 57 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 59



● **बाएं से दाएं**

1. गिरफ्तार करना, 3. बोलना, स्वर, 5. कृष्ण, 6. गिला, शिकायत, 7. लकडी का शिल्प, 8. जल, 9. अपनत्व, 10. संदेश ले जाने वाला, सूत्र, 11. एक मौसम, 12. विशाल वाद्य यंत्र, 13. तरफ, ओर, पन्द्रह दिन का, 15. बंद करना, बांधना, 16. बुलावा, आमंत्रण,

● **उपर से नीचे**

1. जो कच्चा न हो, 2. चित्रकार, शिल्पकार, 3. आना-जाना, 4. कई जन्मों तक, 6. चट्टान, 8. नीतियां बनाने वाले, 9. अपमान, अनादर, 10. वृक्ष की पत्तियां, जिस पर प्राचीन काल में लिखा जाता था, 11. ऱखा हुआ, गिरा हुआ, लेटा हुआ, 14. पल,

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 58 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | नो | रं | ज | न | क | र | | |
| | | ग | | म | | | स | |
| भा | व | ही | न | | द | ल | ब | ल |
| र | | न | | ब | हा | | | ह |
| ही | रा | | स | ह | ना | | बा | ल |
| न | | | मा | ना | | ए | | हा |
| ता | प | मा | न | | प | क | ड | ना |
| | ल | | | धा | | ल | | |
| | | वि | त | र | ण | व्य | व | स्था |

# कोलकाता सीनियर सिटीजन का रंगारंग दीपावली प्रीति सम्मेलन



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** कोलकाता सीनियर सिटीजन का रंगारंग दीपावली प्रीति सम्मेलन लेकव्यू बैंक्वेट में संपन्न हुआ जिसमें उद्योग और सामाजिक क्षेत्र के चर्चित प्रौढ़ व्यक्तित्वों ने सपरिवार शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया. आयोजन की खास बात यह रही कि जीवन की उपलब्धियों से संतुष्ट प्रौढ़ों की भीड़ में अपने अनुभवों को बांटने, आपस में आत्मीयतापूर्ण व्यवहार प्रगाढ़ करने तथा पुराने दिनों को याद कर रोमांचित होने का जज्बा कायम दिखा. सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के समय अधिकांश प्रौढ़ झूमते नजर आये. सबसे लोमहर्षक पल था रैम्प वॉक का जिसमें प्रौढ़ अपने जीवनकाल के साथ कदमताल करते दिखे. विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं के साथ जीवन को गतिशील बनाये हुए प्रौढ़ों की यह सभा सुरूचिपूर्ण भोजन और उपहार आदान-प्रदान के साथ समाप्त हुई.



## चंद्रकांत सराफ को मानद डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर कई संस्थाओं की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित

# जब तक सांस चल रही है, समाज की सेवा करता रहूंगा : चंद्रकांत सराफ



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा और समाज सेवा कर नाम कमाने वाली संस्था प्रेम मिलन के प्राण पुरुष व चेयरमैन चंद्रकांत सराफ को गत 20 अक्टूबर को राजधानी दिल्ली के द ललित होटल में अमेरिकन ईस्ट कोस्ट यूनिवर्सिटी की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि दी गयी. इस उपलक्ष्य में बड़ा बाजार के रवींद्र सरणी में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. चंद्रकांत जी को मिले सम्मान पर केडी अग्रवाल ने युवाशक्ति को बताया कि आज बहुत हर्ष का दिन है. यह उपाधि, यह सम्मान, ऐसा महसूस होता है कि प्रेम मिलन के सभी सदस्यों को मिला है और यह हम सभी के लिए गौरव की बात है. प्रकाश पारख ने कहा कि चंद्रकांत जी को मानद डाक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया है और यह तो केवल एक शुरुआत है, अभी इन्हें और भी सम्मान मिलेंगे. उन्होंने कहा कि हाल में मिदनापुर में आयी बाढ़ में इन्होंने अपने हाथ से राहत सामग्री बांटी. अमर भरतिया ने कहा कि चंद्रकांत जी ने जो कार्य किया है, उसकी कोई सानी नहीं. हम उनके बेहतर सेहत व दीर्घायु होने की कामना करते हैं. चंद्रकांत सराफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि अब मुझपर और बड़ी जिम्मेदारी आयी है. मैं तो सिर्फ यही कहूंगा कि जब तक सांस चल रही है, मैं समाज की सेवा करता रहूंगा. डॉक्टर रेणु सिंह ने कहा कि हम प्रेम मिलन के छोटे से कार्यकर्ता हैं और हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि 20 अक्टूबर को अमेरिकी संस्था ने मानद डाक्टरेट की उपाधि दी है. चंद्रकांत जी की उपलब्धि पर यहां बहुत सारी संस्थाओं ने उन्हें सम्मानित किया है. सम्मान समारोह के बारे में सुशील चौधरी ने कहा कि चंद्रकांत जी के लिए यह पुरस्कारों की शुरुआत है और उन्हें और भी पुरस्कार मिलने वाले हैं. उन्होंने कहा कि हमारी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि चंद्रकांत जी स्वस्थ रहें और दीघायु हों. उन्होंने बताया कि 2025 के राम दास अग्रवाल जन सेवा सम्मान के लिए भी चंद्रकांत जी का नाम आगे किया जाने वाला है. राजनेता संतोष पाठक ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि चंद्रकांत जी जैसा समाजसेवी बहुत कम लोग हैं. उन्होंने कामना की कि चंद्रकांत जी दीर्घायु हों. महेश शर्मा ने कहा कि समाज की नि:स्वार्थ भाव से सेवा कैसे की जाती है, यह चंद्रकांत से सीखने की जरूरत है. आज जिन संस्थाओं ने चंद्रकांत जी को सम्मानित किया, उनमें हनुमान मित्र संघ के विनोद शर्मा व रतन अग्रवाल भी थे. इनके अलावा संतोष पाठक ने शॉल, नारियल, पगड़ी पहनाकर चंद्रकांत जी का अभिनंदन किया. कॉटन स्ट्रीट यंग बॉयज़ क्लब के महेश शर्मा, बड़ाबाजार युवक संघ के पंकज सोनकर, बड़तल्ला स्ट्रीट श्री श्याम सरकार मंडल के शिव कुमार राजपुरिया ने भी चंद्रकांत जी का अभिनंदन किया. इसके अलावा, प्रकाश पारख, केडी अग्रवाल, अमर भरतिया, सुशील चौधरी, लक्ष्मी कांत दाधीच, राज कुमार व्यास, राज कुमार बोथरा, मनोज पाराशर, रवि वर्मा, विष्णु बागला, दिनेश अग्रवाल, यूसुफ पंजाबी, सुरेश खंडेलवाल, रमेश बाजोरिया, प्रदीप पोद्दार, नाविक जैन ने भी चंद्रकांत जी का स्वागत किया. समारोह प्रेम मिलन टीम के संजय अग्रवाल, हरि सोनी, महिंद्रा टिबड़ेवाल, रेणु सिंह, नरसिंह दास गोयनका, राजू बागला, राकेश बंसल, ज्योति सराफ, प्रोसेनजीत सेन, विशाल सराफ, विकास सराफ, मनोज जायसवाल, दीपक बंसल, नवीन सराफ, निधीश अग्रवाल, समरेश दे, चित्तो दा, धर्मेंद्र राऊत, मुकेश सिंह, रवि सिंह, डॉक्टर अतुल बाजपेई, कल्याण घोष व आकाश सिंह थे.





## लोगुत्तमे समणे णायपुत्ते कार्यक्रम सम्पन्न

# भगवान महावीर अतीन्द्रिय चेतना के धनी थे : मुनिश्री जिनेश कुमार जी



युवा शक्ति न्यूज

**साउथ हावड़ा:** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के पावन अवसर पर लोगुत्तमे समणे णायपुत्ते कार्यक्रम का आयोजन प्रेक्षा विहार में साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित किया गया. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. मंजु नाहटा थी. इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने कहा भगवान महावीर इस जगत के अप्रतिम पुरुष थे. वे अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत चारित्र व अनंत शक्ति के धारक थे. उनकी देशना से निकला हुआ ज्ञान तब भी कल्याणकारी था और अब भी कल्याणकारी है. वे त्रिकालवेत्ता व त्रिकाल द्रष्टा थे. उन्हें अनंत चक्षु भी कहा गया. वे लोक में उत्तम, श्रेष्ठ श्रमण थे. भगवान महावीर अहिंसा के अवतार थे. उन्होंने केवल अहिंसा का उपदेश ही नहीं दिया बल्कि उन्होंने अहिंसा को प्रयोगभूमि बनाया. अहिंसा का अर्थ मत मारो तक ही सीमित नहीं है अहिंसा का अर्थ है. प्राणी मात्र के प्रति संयम रखना. अहिंसा विश्व धर्म की धुरी है. यह अध्यात्म का अनुष्ठान और मानवता की मां है. संयम समता, सादगी, संतोष अहिंसा के चार सकार है प्रमोद भावना, मैत्री, करुणा, मध्यस्थता ये अहिंसा के फलित हैं व्यक्ति अहिंसा की शुरुआत स्वयं से करे. भगवान महावीर समता की प्रतिमूर्ति थे. समता की साधना का उपाय सामायिक है सामायिक से अभय का विकास होता है. अहिंसा आचार प्रधान है तो अनेकांत विचार प्रधान है. व्यक्ति आग्रह को छोड़कर अनाग्र का विकास करें. अग्रह से एकांगी दृष्टि कोण का विकास होता है जिससे कलह का वातावरण निर्मित होता है. भगवान महावीर के अनेकांत सिद्धान्त को अपनो ले तो अनेक वैश्विक समस्याओं का समाधान हो जायेगा. मुनि श्री ने आत्मवाद कर्मवाद आत्मकर्तृत्व वाद का भी जिक्र किया. इस अवसर पर मुनि श्री परमानंद जी ने कहा- भगवान महावीर के अहिंसा धर्म का प्रभाव अन्य धर्मों में भी दृष्टिगोचर होता है. बाल मुनिश्री कुणाल कुमार जी ने आर्षवाणी व सुमधुर गीत का संगान किया. मुख्य वक्ता डा. मंजु नाहटा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भगवान महावीर हमारी तरह ही पैदा हुए थे, परंतु साधना ने उनको मानव से महामानव बना दिया. उन्होंने अहिंसा का सिद्धान्त दिया, अहिंसा जैनदर्शन की नींव है. अहिंसक शब्द का अर्थ हिंसा का अभाव है कर्म का अभाव नहीं है. उन्होंने वस्तुस्थिति के पाँच घटक, कारण-काल, स्वभाव, कर्म, पुरुषार्थ और नियति का सिद्धान्त दिया. भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक पर विचार शुद्धि व अन्तःकरण शुद्धि आवश्यक है. कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल द्वारा महावीर अष्टकम् के संगान से हुआ. स्वागत भाषण साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीपत जी बाफणा ने दिया. सभा द्वारा मुख्य वक्ता डा. मंजु, नाहटा का सम्मान किया गया. कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानंद जी ने किया.

# आईजी शिमला श्री जय प्रकाश सिंह को पितृ शोक



युवा शक्ति न्यूज

**पटना**: आईजी शिमला श्री जय प्रकाश सिंह के पिता और टेघरा (मांझी, सारण) निवासी श्री शालिग्राम सिंह का करीब 85 वर्ष की आयु में दिनांक 25.10.2024 को एकमा में स्वर्गवास हो गया. श्री सिंह अपने पीछे धर्मपत्नी, तीन पुत्र, दो पुत्रियां और 12 पौत्र-पौत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़कर गये हैं. एक साधारण किसान होते हुए भी अपनी कर्मठता और उद्यमशीलता के बल पर श्री शालिग्राम सिंह ने अपने बच्चों को उत्तम शिक्षा व संस्कार दिया. आईजी जय प्रकाश सिंह उनके बड़े सुपुत्र हैं. खबर मिलते ही आईजी साहब शिमला से गांव पहुंचे और अपने पिता का अंतिम संस्कार किया. अपने पिता को याद करते हुए श्री सिंह ने अपने भावोद्गार में कहा : 'मेरे पिता मेरे आदर्श व प्रेरणास्रोत थे. उन्होंने बताया कि उनके पिता कर्मठ, ईमानदार, सरल, सहज, मृदुभाषी, उद्यमशील और परोपकारी-स्वभाव के व्यक्ति थे. एक साधारण किसान होते हुए भी उच्च मानवीय गुणों से परिपूर्ण थे. उनकी शवयात्रा में पूर्व मंत्री श्री गौतम सिंह व पूर्व विधायक श्री मनोरंजन सिंह धूमल सहित परिजनों और इलाके के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने भाग लिया. दाह-संस्कार 26.10.2024 को डोमाइगढ़ घाट (ताजपुर) पर किया गया. श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले सारण जिला के गणमान्य व्यक्तियों का तेघरा गांव में ताता लगा हुआ है.शिव प्रकाश सुमन,अधिवक्ता (वरीय कार्य समिति सदस्य जिला विधि मंडल छपरा) एवं मनोरंजन कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय ने तेघरा जा कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें ! युवाशक्ति परिवार द्वारा दिवंगत आत्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि.







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन